सूर्योदय 5:38 सूर्यास्त 6:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.9 न्यू | 26.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74611.11 |
| निफ्टी | 22648 .20 |
| सोना 70,610 | चांदी 83,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 3 मई, 2024 | 21 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 135, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- मैं मंडी की बेटी, संघर्ष से किया हासिल मुकाम : कंगना रनौत
- जनता के दिल में अनुराग, कांग्रेस के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं : नरेंद्र अत्री

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- 'हीरामंडी' में नजर आएंगी ऋचा चड्ढा
- धर्मशाला में बिना एक्स-रे बैरंग लौटे मरीज

पृष्ठ 4 पर पढ़ें




- रेट लिस्ट नहीं लगाने पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने कसी नकेल
- सीसीटीवी की निगरानी में होगी नामांकन प्रक्रिया : अपूर्व देवगन

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- उबर कप: जापान ने भारतीय महिला टीम को 3-0 से हराया
- भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान सलीमा टेटे को

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच





मुंबई इंडियंस VS कोलकाता नाइट राइडर्स

समयः रात 7:30 बजे (मुंबई)

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी तत्काल प्रभाव से हटाए

**नई दिल्ली ।** दिल्ली उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी। आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन एलजी की मंजूरी के बिना 223 नए पद बनाए गए हैं। आयोग के पास कॉन्ट्रैक्ट पर कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार नहीं है।

### मरम्मत के कारण हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन 4 मई तक रद्द

**ऊना ।** हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा का लाभ अगले 2 दिन तक यात्रियों को नहीं मिलेगा। रेलवे बोर्ड की ओर से इस ट्रेन को चार मई तक रद्द कर दिया गया है। रद्द होने का कारण हरियाणा और दिल्ली के पास रेलवे ट्रैक की मरम्मत का होना बताया जा रहा है। रेलवे बोर्ड की इस सूचना के बाद यात्रियों को अपनी यात्रा के लिए अन्य ट्रेन और विकल्प का सहारा लेना पड़ रहा है। हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन प्रतिदिन रात्रि दौलतपुर चौक से पुरानी दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन तक आवागमन करती है, लेकिन बुधवार से ट्रेन को रद्द कर दिया गया है।

### यौन उत्पीड़न : प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**बेंगलुरु।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ



लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने कई महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न किया। इससे पहले प्रज्ज्वल ने एसआईटी के सामने पेश होने के लिए सात दिन का समय मांगा था। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब रेवन्ना 26 अप्रैल को कथित तौर पर जर्मनी के फ्रैंकफर्ट भाग गए थे, क्योंकि बड़ी संख्या में स्पष्ट वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं, जिसमें उन्हें कई महिलाओं के यौन शोषण में लिप्त दिखाया गया था।

## अनंत व्यंग्य




अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## लोकसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों को चेतावनी

# मतदाताओं को न दें लुभावने प्रलोभन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को सर्वेक्षण की आड़ में मतदाताओं का पंजीकरण बंद करने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राजनीतिक पार्टियों पर आरोप लगे हैं कि चुनाव के बाद लाभार्थी बनने का प्रलोभन देकर कथित तौर पर सरकारी योजनाओं के लिए पंजीकरण कराए जा रहे हैं।

इन पर सख्ती दिखाते हुए चुनाव आयोग ने परामर्श जारी कर कहा है कि सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को ऐसी गतिविधियों से बचना चाहिए। आयोग ने ऐसे सभी सर्वे, विज्ञापन और मोबाइल ऐप पर भी तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के बाद लाभ देने के वास्ते पंजीकरण करने के लिए वोटरों को आमंत्रित करना एक भ्रष्ट आचरण है।

- सर्वे, विज्ञापन और मोबाइल ऐप पर भी तत्काल रोक लगाने का निर्देश
- लाभ के लिए वोटरों को पंजीकरण के लिए आमंत्रित करना एक भ्रष्ट आचरण




नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार व अन्य।

### राजनीतिक दलों की गतिविधियों से प्रलोभन की आशंका

चुनाव आयोग ने कहा कि अगर मतदाताओं को निजी तौर पर पंजीकरण कराने को कहा जाता है तो इससे ऐसी धारणा बन सकती है कि राजनीतिक दल और मतदाताओं के बीच लेन-देन हो रहा है। ऐसा होने पर किसी काम के बदले में निश्चित तौर पर कुछ पाने का आभास पैदा कर सकता है। आयोग के मुताबिक राजनीतिक दलों की ऐसी गतिविधियों में क्विड-प्रो-को यानी विशेष तरीके से मतदान के बदले लाभ के प्रलोभन जैसा प्रभाव उत्पन्न करने की क्षमता है।

### इन गतिविधियों को बंद करने का दिया निर्देश

- समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिए वोटर्स को मोबाइल पर मिस्ड कॉल देकर या टेलीफोन नंबर पर कॉल कर लाभ के लिए खुद को पंजीकृत करने के लिए कहना।
- गारंटी कार्डों के लिए पैम्फलेट द्वारा व्यक्तिगत लाभ चाहने वालों से उनका विवरण जैसे नाम, उम्र, पता, मोबाइल नंबर, बूथ संख्या, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और संख्या आदि मांगना।
- मतदाताओं की जानकारी जैसे नाम, राशन कार्ड नंबर, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, बैंक खाता नंबर, मांगने वाले फॉर्म का वितरण कराना।
- वेब प्लेटफॉर्म या वेब/मोबाइल एप्लिकेशन का प्रचार या प्रसार का इस्तेमाल राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों द्वारा करना और इसके जरिए मतदाताओं का विवरण जैसे नाम, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और नंबर आदि मांगा जाना।
- लोगों से उन्हें मिल रही लाभकारी योजनाओं के साथ-साथ नाम, पति/पिता का नाम, संपर्क नंबर, पता आदि के बारे में जानकारी जुटाना।




## तीन दिन एक-एक घंटा बंद रहेगा मंडी-पंडोह एनएच

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने मंडी से पंडोह के बीच कुल्लू-मंडी एनएच को दिन में तीन दिन एक-एक घंटा बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इस दौरान सड़क पर आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी।

इस अवधि में सड़क निर्माण के लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बलास्टिंग की जाएगी। आदेशों में बताया गया है कि 3, 6 और 8 मई को सुबह 11.30 बजे से 12.30 बजे तक एक-एक घंटे के लिए मंडी से पंडोह के बीच यातायात बंद रहेगा। परंतु आपातकाल के समय निर्माणकर्ता कंपनी को सड़क खुली रखनी होगी।

## गोलीबारी में घुसपैठिया ढेर

**जम्मू ।** जम्मू संभाग के सांबा जिले की भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश करते हुए एक घुसपैठिए को मार गिराया है।

बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर के आईजी डीके बूरा ने कहा कि बीएसएफ की 125वीं वाहिनी के जवानों ने बुधवार रात सांबा में रीगल पोस्ट की जीरो लाइन के पास सीमा पर कुछ हलचल देखी और उस पर नजर रखी। इस दौरान जवानों ने एक घुसपैठिए को भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा और ललकारा। ऐसा करने पर भी जब घुसपैठिया नहीं रुका तो जवानों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस कार्रवाई में घुसपैठिया मौके पर ढेर हो गया। घुसपैठिये से कोई बड़ी बरामदगी नहीं हुई है। ऐसा लगता है कि उसे सिर्फ रेकी के लिए भेजा गया था।

# कांग्रेस पाकिस्तान की 'मुरीद' : मोदी

### गुजरात में बोले पीएम- पड़ोसी मुल्क 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला

**एजेंसी, आणंद (गुजरात)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को कांग्रेस को 'पाकिस्तान का मुरीद' करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब 'मर' रही है तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी इन खबरों के बीच आई है कि पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और उनकी प्रशंसा की।

मध्य गुजरात के आणंद शहर में आणंद और खेड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन



में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा, ''संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है।''

उन्होंने कहा, ''यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की 'मुरीद' है। पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पर्दाफाश हो गया है। यह दिखाता है कि देश के दुश्मन भारत में मजबूत नहीं बल्कि कमजोर सरकार चाहते हैं।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर के लोग अब कह रहे हैं कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से उभरता देश है और उसे 'विश्व बंधु' के तौर पर देखा जाता है जो दो देशों के बीच विवादों को हल कर सकता है। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने आरोप लगाया, ''कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है, जो कि उसका पसंदीदा वोट बैंक है।

**'वोट जिहाद' पर साधा निशाना**

**मोदी** ने सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के 'वोट जिहाद' के आह्वान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''अब विपक्षी गठबंधन 'वोट जिहाद' का आह्वान कर रहा है। हमने अब तक 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के बारे में सुना है। यह (वोट जिहाद) एक शिक्षित मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखने वाले व्यक्ति द्वारा कहा जाता है, न कि मदरसे में पढ़ने वाले किसी व्यक्ति द्वारा। मुझे आशा है कि आप सभी जानते हैं कि जिहाद का अर्थ क्या है। यह लोकतंत्र का अपमान है ''

## पीएम मोदी रेपिस्ट के लिए वोट मांग रहे : राहुल गांधी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

शिवमोगा की सभा में राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट (कइयों के साथ रेप करने वाला) के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने रेपिस्ट को भारत से भागने में मदद की। यही मोदी की गारंटी है। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस के बीच गठबंधन है। जेडीएस सांसद और एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना पर रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ये भी कहा कि जैसे ही हम महालक्ष्मी की बात कर रहे हैं, हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को इरीटेशन हो रहा है, उन्हें चिढ़ हो रही है। क्योंकि उनके अरबपति मित्रों को पैसा नहीं मिल पा रहा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया, ''प्रधानमंत्री को देश की माताओं और बहनों से माफी मांगनी चाहिए। प्रज्जवल रेवन्ना ने 1,000 से अधिक महिलाओं से दुष्कर्म किया है और उनका वीडियो बनाया। यह सेक्स स्कैंडल नहीं है, बल्कि व्यापक पैमाने का दुष्कर्म है।''

राहुल गांधी ने पीएम मोदी और अमित शाह से माफी मांगने को कहा। उन्होंने कहा, ' कर्नाटक में स्टेज से प्रधानमंत्री उस मास रेपिस्ट का समर्थन कर रहे थे, उसके लिए वोट मांग रहे थे. नरेंद्र मोदी, अमित शाह और भाजपा के हर नेता को इस पाप के लिए देश की हर महिला से हाथ जोड़ कर, सिर झुका कर माफी मांगनी चाहिए. मास रेपिस्ट को हिंदुस्तान से भागने देंगे, ये है मोदी की गारंटी।'

## चंडीगढ़ में सड़क हादसा, चंबा की युवती समेत दो की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंडीगढ़ में हुए सड़क हादसे में हिमाचल की एक युवती समेत ऑटो चालक की मौत जबकि चार घायल हो गए। हादसा चंडीगढ़ के सेक्टर-8 के डिवाइडिंग रोड पर उस समय पेश आया, जब खालसा कॉलेज में पढ़ने वाली चार लड़कियां ऑटो में सवार होकर पेपर देने जा रही थी।

इस दौरान एक तेज रफ्तार एसयूवी ने ऑटो को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। हादसे में हिमाचल प्रदेश के चंबा की रहने वाली अंजली (21) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य तीन लड़कियां घायल हुई है। गंभीर अवस्था में चालक को पीजीआई में भर्ती करवाया गया था, जिसने बाद में दम तोड़ दिया। एसयूवी चालक की पहचान भारतीय सेना के जवान के तौर पर हुई है, जो छुट्टी के बाद अपने घर जा रहा था।

## हिमाचल में आज से फिर बिगड़ेगा मौसम का मिजाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से आज से फिर मौसम के बिगड़ने के आसार हैं। हालांकि अभी राजधानी शिमला सहित पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 3 मई से राज्य के कई भागों में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। 4 व 5 मई को मैदानी, मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में बारिश की संभावना है।

- 4 व 5 मई को बारिश बर्फबारी और अंधड़ चलने की संभावना

चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर व किन्नौर जिले के कई भागों में अंधड़ चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। 6 मई से मैदानी भागों में मौसम साफ रहने के आसार हैं।

**कहां कितना तापमान (न्यूनतम)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिमला | 10.0 | हमीरपुर | 12.1 |
| सुंदरनगर | 8.1 | चंबा | 10.0 |
| भुंतर | 5.5 | डलहौजी | 8.2 |
| कल्पा | 0.8 | जुब्बड़हट्टी | 11.8 |
| धर्मशाला | 11.9 | कुफरी | 6.2 |
| ऊना | 11.2 | कुकुमसेरी | 3.1 |
| नाहन | 17.5 | नारकंडा | 2.9 |
| केलांग | 0.4 | भरमौर | 6.1 |
| पालमपुर | 7.5 | रिकांगपिओ | 3.9 |
| सोलन | 8.6 | धौलाकुआं | 12.7 |
| मनाली | 2.6 | बरठीं | 9.3 |
| कांगड़ा | 10.0 | कसौली | 11.1 |
| मंडी | 8.2 | पांवटा साहिब | 22.0 |
| बिलासपुर | 10.9 | सराहन | 5.5 |

## संदेशखाली मामले में सीबीआई को सहयोग नहीं कर रही ममता सरकार

**एजेंसी, कोलकाता**

सीबीआई ने गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष सीलबंद लिफाफे में संदेशखाली कांड की जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश की। सीबीआई ने कोर्ट से शिकायत की है कि राज्य भूमि रिकार्ड से जुड़े मामलों में सहयोग नहीं कर रहा है।

- कलकत्ता हाईकोर्ट में दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में हुआ खुलासा

उसके मुताबिक जमीन कब्जाने से जुड़ी 900 शिकायतें हैं। यदि राज्य आवश्यक सहयोग प्रदान नहीं करता है, तो जांच में देरी होगी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना चाहिए। अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 जून को होगी।

**खेल** चेन्नई सुपर किंग्स के साथ पांच मई को मुकाबला, नौ को आरसीबी से मैच

# आईपीएल के लिए धर्मशाला पहुंची पंजाब किंग्स

**अनंत ज्ञान, गगल**

पंजाब किंग्स की टीम वीरवार को शाम चार बजे एलाइंस के विमान द्वारा गगल एयरपोर्ट पहुंची। इस दौरान पंजाब किंग्स के खिलाड़ी कप्तान सैम कुरेन, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन, जितेश शर्मा, आशुतोष, हरप्रीत बराड़, शशांक, हर्षल पटेल, कैगिसो रवाडा, राहुल चाहल व अर्शदीप सिंह सहित टीम का स्पोर्टिंग स्टाफ गगल एयरपोर्ट पहुंचा। इसके बाद टीम धर्मशाला के लिए रवाना हो गई।

पंजाब की टीम पांच मई को चेन्नई सुपर किंग्स से जबकि नौ मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मैच खेलेगी।









गगल एयरपोर्ट से बाहर निकलते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी। खिलाड़ी यहां से सड़क मार्ग से धर्मशाला होटल के लिए रवाना हुए।

## सीएम योगी का डीपफेक वीडियो बनाने पर नोएडा से एक गिरफ्तार

**एजेंसी, नोएडा**

सोशल मीडिया के दौर में डीपफेक और फर्जी वीडियो भी खूब शेयर हो रहे हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एआई जनरेटेड डीपफेक वीडियो को बीते दिनों वायरल किया गया था।



इस मामले की जांच जब पुलिस ने की तो पता चला कि सीएम योगी आदित्यनाथ के डीपफेक वीडियो को नोएडा निवासी श्याम गुप्ता नाम के शख्स ने शेयर किया था। पुलिस ने इस मामले की छानबीन शुरू की और अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (उत्तर प्रदेश एसटीएफ) और एडीजी (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने कहा कि वीडियो भ्रामक तथ्य फैलाने, राष्ट्रविरोधी तत्वों को मजबूत बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था।

### फेक वीडियो में सीएम योगी ये बोलते दिखे

फेक वीडियो में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोल रहें हैं कि पुलवामा के वीर जवानों की पत्नियों का मंगलसूत्र कहां गया, नहीं चाहिए भाजपा। भाजपा हटाओ, देश बचाओ। वीडियो को यूपी भाजपा, पीएमओ, सीएम यूपी आदि को टैग किया था।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।


आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।
यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# मंडी को नंबर वन संसदीय क्षेत्र बनाना लक्ष्य : विक्रमादित्य

**देश**भर में लोकतंत्र के महापर्व यानी लोकसभा चुनाव का सियासी पारा खूब चढ़ा है। हिमाचल में अंतिम चरण यानी पहली जून को मतदान होगा। मंडी लोकसभा सीट पूरे प्रदेश में सबसे हॉट सीट बनी हुई है, जिसकी चर्चा देशभर में है। यहां से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत के मुकाबले कांग्रेस ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। मंडी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की क्या स्थिति है, यह जानने के लिए 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र के शिमला से रिपोर्टर **अनिल पंवार** ने विक्रमादित्य सिंह से विशेष बातचीत की। प्रस्तुत हैं मुख्यांश...

- **भाजपा किसी को भी टिकट दे, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला**
- **हम दूसरे लोगों की तरह केवल चुनाव के समय ही जनता के बीच नहीं जाते**

कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह का
**एक्सक्लूसिव इंटरव्यू**



*सवाल : आपने एक हफ्ते में मंडी संसदीय क्षेत्र के कई क्षेत्रों का दौरा किया है। इस दौरान आपको लोगों का कैसा फीडबैक और समर्थन मिला?*

**जवाब** : लोगों का फीडबैक भी बहुत अच्छा है, रुझान भी बहुत अच्छा है और समर्थन भी बहुत अच्छा मिला है। लोगों का प्यार और आशीर्वाद भी मिल रहा है। यह इसलिए, क्योंकि हम सुख और दुख में लोगों के साथ खड़े रहे हैं। हम दूसरे लोगों की तरह केवल चुनाव के समय लोगों के बीच नहीं जाते। जब प्रदेश में इस सदी की सबसे बड़ी त्रासदी आई तो हम चट्टान की तरह उन लोगों के साथ खड़े रहे। उनके घर बनाने में मदद की, उनके लिए सड़कें और पुल बनाए। उन्हें मुख्यमंत्री और सरकार ने हर मदद दी, इसलिए लोगों का हमें भरपूर समर्थन है। मुझे विश्वास है कि लोगों के आशीर्वाद से हम इस चुनाव को अवश्य जीतेंगे।

*सवाल: आपके खिलाफ भाजपा ने फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत को उतारा है। आप इसे कितनी चुनौती मानते हैं?*

**जवाब** : मेरी लड़ाई किसी फिल्मी अभिनेत्री से नहीं है। मेरा लक्ष्य मंडी संसदीय क्षेत्र को हिमाचल का नंबर वन संसदीय क्षेत्र बनाना है। मेरी लड़ाई वहां स्मार्ट सिटी लाने के लिए है। मेरी लड़ाई मंडी में दो महत्वपूर्ण टनल भुभू जोत टनल और जलोड़ी जोत टनल बनाने की है। वहां के पूर्व सैनिकों को सुविधाएं देने की लड़ाई है, आईआईटी के विस्तार और मेडिकल कॉलेज नेरचौक में और बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने की लड़ाई है। जहां तक भाजपा की बात है तो वह किसी को भी टिकट दे, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता।

*सवाल : भाजपा के देश में 400 पार और हिमाचल में चार की चार के दावे में आपको कितना दम लगता है?*

**जवाब**: भाजपा जो मर्जी नारा दे ले, इस बार इसका साउथ में साफ और नॉर्थ में ऑफ रहेगा। भाजपा पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है। इनके पास अब कुछ भी बचा नहीं है, इसलिए डूबते को तिनके का सहारा जैसी बात होने वाली है। देश में जिस तरह के हालात हैं, बेरोजगारी चरम पर है। देश के सभी एयरपोर्ट और शिपिंग पोर्ट एक ही परिवार और कंपनी अडानी को दे दिए गए हैं। पूरा देश अडानी को बेच दिया गया है। अपने नारे का आधा भी यह पार कर लें तो भी बहुत बड़ी बात होगी।

*सवाल : नेता प्रतिपक्ष और पूर्व सीएम बोल रहे हैं कि आपके खिलाफ साजिश रची जा रही है और आप बोल रहे हैं कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है, इसका क्या मतलब समझें?*

**जवाब** : आप ही बताओ कि 'फजीहत' किसकी हुई। जब चैलचौक में भाजपा का कार्यक्रम था तो जयराम जी बेचारे नीचे गिर गए और मैडम कंगना तो आगे निकल गईं, हमारी उनके प्रति संवेदनाएं हैं। मैं भी पहाड़ी हूं और वे भी पहाड़ी हैं। मैं उनका पूरा मान-सम्मान करता हूं। मैं तो यह पहले भी कह चुका हूं कि अगर यह गलती से जीत गईं तो अगली बार जयराम जी हिमाचल के मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे। भाजपा प्रत्याशी की बातें सीधे अमित शाह और प्रधानमंत्री के साथ होती हैं। वह तो जयराम जी को गाड़ी में भी नहीं बैठने देती हैं। चुनाव प्रचार के समय जयराम जी पिछली गाड़ी में जाते हैं। अगर आज ही यह स्थिति है, तो आने वाला वक्त कैसा होगा, इसका अनुमान मंडी की जनता और प्रदेश की जनता भी लगा रही है।

*सवाल : हिमाचल में नामांकन की तिथियां नजदीक आ रही हैं। ऐसे में आप कब नामांकन भरेंगे?*

**जवाब** : जहां तक नामांकन भरने की बात है तो मैं 9 मई को नोमिनेशन करूंगा। उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री, पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष और केंद्र के बड़े नेता भी यहां आएंगे। पूरे दमखम के साथ नामांकन भरा जाएगा और 4 जून को कांग्रेस जीत हासिल करेगी।

*सवाल : आप जीत को लेकर इतने आश्वस्त क्यों हैं?*

**जवाब** : क्यों न हों। लोगों के काम किए हैं। जब आप लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहे हैं, तो फिर क्यों नहीं जीतेंगे। सौ प्रतिशत जीत हमारी ही होगी। मुझे इस पर पूरा विश्वास है।

## चुनावी चुटकी

### सपोर्ट पर नेता मस्त



**नेता** जी की जीत पक्की हो गई है। दूसरी पार्टी के नाराज नेता ने सपोर्ट कर दी है। कहीं टांका लगाने की जरूरत नहीं रही है। सपोर्ट इतनी पक्की है कि क्विक फिक्स से भी मजबूत हो चुकी है। जोड़ भी इतना मजबूत लग गया है कि कोई भी ताकत उसे हिला नहीं सकती है। पैसे से भी यह जोड़ टूटेगा नहीं, कोई ग्रहों की चाल भी अब असर नहीं करेगी। बड़े नेताओं का रुतबा भी कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा, जिसे सपोर्ट किया है उसकी जीत इतनी पक्की कर दी है कि नेता को कहीं आने जाने की जरूरत नहीं रही है। अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी खोजने की जरूरत नहीं रही है। सपोर्ट ने ही हवा ऐसी फैला दी है कि नेता को चश्मा लगाना पड़ गया है। चश्मा भी सपोर्ट करने वाले नेता जी ने दिया है। इसमें उन्हें जीत ही दिख रही है। कहीं भी जा रहे हैं तो जीत ही जीत दिख रही है। अब तो नेता जी पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं के फोन उठाना भी भूल गए हैं, जीत के नशे में इतने फूल गए हैं। नेता जी भी सपोर्ट करने वाले दूसरी पार्टी के नाराज नेता के पूरे संपर्क में हैं, पूरी तार अभी जुड़ी है, टूटी नहीं है। अब तक सपनों की जीत में नेता जी हवा में तैर रहे हैं। रौनकी ताऊ भी पार्टी का पुराना वर्कर है, लगता है उसकी जरूरत अब तक नहीं है, ताऊ के गांव में भी नाराज नेता के समर्थकों से नेता घिर चुके हैं। ताऊ से भी वे इस मसले में कई दफा भिड़ चुके हैं। ताऊ भी नेता जी से चश्मा हटाने की कर रहा बात सियानी, नेता जी को नतीजे के बाद पता चलेगी सपोर्ट की असली कहानी।

### सेलिब्रेटी या आम आदमी

**हिमाचल** के हमीरपुर में सेलिब्रेटी और आम आदमी के बीच चुनाव हो रहा है। अब आम आदमी कौन है और सेलिब्रेटी कौन है यह समझ नहीं आ रहा है। अगर चश्मा लगाते हैं, हीरो के साथ नजर आते हैं तो सेलिब्रेटी थोड़े कहलाते हैं। कुछ ऐसे ही बदनाम करने लगे हैं अगर मेरे नेता को सेलिब्रेटी कहा तो मैं नाराज हो जाऊंगा। वे क्रिकेटर हैं, क्रिएटर नहीं। अब बड़े क्रिकेटर भी उनके मुरीद हैं और मुंबई भी उनको जानती है, आपको कौन जानता है? मेरे नेता को तो पूरा जमाना जानता है। सेलिब्रेटी थोड़े हैं वे हमें भीड़ में भी पहचान जाते हैं। कभी मैच में भी नजर आते हैं और कभी जिम में भी जाते हैं, फोटो भी खिंचवाते हैं, युवाओं को फिटनेस मंत्र सिखाते हैं। मेरे नेता सेलिब्रेटी नहीं हैं। आम आदमी तो दिल्ली में है या पंजाब में है। आम आदमी मुकाबला मेरे नेता से कैसे कर सकता है। उसकी तो यहां तक हद भी नहीं है, मेरे नेता का कोई मुकाबला नहीं वह सेलिब्रेटी कैसे हो सकता, वह तो गांधी चौक पर भी आता है। रौनकी ताऊ भी सब सुन रहा है, उसे बात हजम नहीं हो रही है। राजनीति के सेलिब्रेटी की परिभाषा कुछ अलग है। पांच साल में मेहमानों की तरह अपने घर में आने वाले सेलिब्रेटी ही तो हैं। अब उनको आम आदमी कौन है यह भी ताऊ पाठ पढ़ाने लगा है। सेलिब्रेटी और आम आदमी का अंतर बताने लगा है।

# विक्रमादित्य जो बोलेंगे प्राथमिकता के आधार पर करेंगे : सीएम सुक्खू



भरमौर में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं अन्य नेता।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भरमौर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा है कि जो आपके बनने वाले सांसद विक्रमादित्य सिंह भरमौर के लिए कहेंगे, वह सरकार प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगी।

इस मौके पर उन्होंने आपदा के समय में बतौर लोक निर्माण मंत्री किए गए कार्य को खूब सराहा और कहा कि आपदा के समय में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने खुद जेसीबी में बैठकर लोगों के लिए बेहतरीन कार्य किया है।

उन्होंने कहा है कि पृथ्वी सिंह अभी युवा है और वह भरमौर के दिलों में बसते हैं। यही नहीं उन्होंने कहा है कि जनजातीय क्षेत्र के लोगों सहित इस बार पूरा मंडी संसदीय क्षेत्र जमकर उनके पक्ष में वोट करेगा। उन्होंने कंगना रनौत पर पंच करते हुए कहा है कि वह बॉलीवुड अभिनेत्री है और बॉलीवुड में ही अच्छा कार्य कर रही हैं, जबकि विक्रमादित्य सिंह राजनीतज्ञ हैं और लोगों के दुख-सुख में शामिल होते रहेंगे। इस मौके पर उनके साथ लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के सहित विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी मौजूद रहे।

### सांसद बनने के बाद प्रमुखता से उठाएंगे होली-उतराला सड़क मुद्दा : विक्रमादित्य

**भरमौर** में जनसभा को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वह जैसे ही सांसद बन जाएंगे, होली-उतराला सड़क निर्माण के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे। उन्होंने कहा है इसके लिए सरकार ने तेजी से प्रयास भी तेज कर दिए हैं और लगभग 13 किलोमीटर तक इस सड़क निर्माण के लिए टेंडर भी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि हिमाचल प्रदेश का मंडी संसदीय क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी मुश्किल है, लेकिन आने वाले समय में वह इस लोकसभा क्षेत्र को आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत के सामने उन्हें किसी भी तरह का हिमाचली होने का सर्टिफिकेट देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा है कि जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर कंगना रनौत को जगह-जगह ले जाकर लोकल निवास पहनकर उन्हें घूमा रहे हैं उससे लग रहा है कि जैसे उनकी फिल्म की शूटिंग चल रही है और उसकी स्क्रिप्ट भाजपा के जयराम ठाकुर लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही मंडी क्षेत्र से विक्रमादित्य सिंह का नाम घोषित हुआ जय राम स्वयं इलेक्शन लड़ने से डर गए और कंगना रनौत को बलि का बकरा बनाया है।

### पूर्व सीएम जयराम ने विधानसभा में दी भगवान को चुनौती

**भरमौर** में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के मतदाता एक जून को राज्य सरकार के 15 माह में किए गए जनकल्याण कार्यों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेगी।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा की चारों सीटें और विधानसभा उपचुनाव में सभी 6 सीटें बड़े अंतर से जीतेगी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 6 विधायक बिक गए और पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा कि दागी विधायकों ने डिनर और ब्रेकफास्ट हमारे साथ किया और वोट भाजपा के प्रत्याशी को दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई अंतरआत्मा की आवाज नहीं थी, बल्कि धनात्मा की आवाज थी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में भगवान को चुनौती दी थी, लेकिन भगवान ने ही राज्य सरकार को बचाया है।

उन्होंने कहा कि कुलदीप सिंह पठानिया कानून के ज्ञाता हैं और उन्होंने कानून के दायरे में रहकर विधानसभा की कार्रवाई का संचालन किया। सुक्खू ने कहा कि जब वर्तमान राज्य सरकार ने सत्ता संभाली तो खजाना खाली था, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद किए और एक वर्ष में 2200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया।

# मैं मंडी की बेटी, संघर्ष से किया हासिल मुकाम : कंगना रनौत




कंगना रनौत त्रिशूल हाथ में लिए विधायक दीप राज के साथ।

**अनंत ज्ञान, करसोग**

भाजपा की मंडी लोकसभा की प्रत्याशी कंगना रनौत वीरवार को करसोग विधानसभा क्षेत्र नौंवीधार, तेबन और तत्तापानी में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कंगना रनौत ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आज हमारा देश भारत यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बहुत आगे बढ़ रहा है, इसलिए इस बार हम सभी का वोट नरेंद्र मोदी तथा श्रीराम प्रभु के लिए समर्पित रहेगा।

विक्रमादित्य पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा जो नेता छह बार रहे मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह को अपनी सरकार से 2 गज जमीन नहीं दिलवा पाया, वह आम जनता को उसका हक कैसे दिलवाएगा।

अगर आज जयराम मुख्यमंत्री होते और विक्रमादित्य स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए हिमाचल में कहीं भी जमीन मांगते तो जयराम ठाकुर ने जमीन भी देनी थी और अपने खर्चे से मूर्ति लगा कर उद्घाटन भी करना था। ऐसे होनहार, दयावान मुख्यमंत्री थे जयराम ठाकुर, पर यहां तो लगता है वर्तमान मुख्यमंत्री ने इस राजा विक्रमादित्य का मुर्गा बना दिया है। कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए एक जून को भाजपा को वोट देने के लिए कमल के फूल का बटन दबाना है।

## मुख्यमंत्री के पांवटा दौरे को लेकर तैयारियां पूरीं : किरनेश जंग

**पांवटा साहिब।** मुख्यमंत्री सुक्खू 4 मई को पांवटा साहिब के दौरे पर रहेंगे। यहां पर वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं व समर्थकों को संबोधित करेंगे। इसी को लेकर बद्रीपुर में कांग्रेस मंडल पांवटा की बैठक हुई, जिसमें पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग और चुनाव प्रभारी संजीव शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में सीएम के दौरे को लेकर रणनीति तैयार की गई। इसी को लेकर जंग ने कहा कि सीएम सुक्खू के पांवटा प्रवास को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता और समर्थक तैयार हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सीएम के प्रवास के दौरान कई पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की कांग्रेस परिवार में वापसी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कई लोग कांग्रेस पार्टी का दामन थामेंगे।

## जनता के दिल में अनुराग, कांग्रेस के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं : नरेंद्र अत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



भाजपा के प्रदेश सचिव एवं उप चुनाव की दृष्टि से सुजानपुर, हमीरपुर व बड़सर विधानसभा क्षेत्रों के समन्वयक नरेंद्र अत्री ने बुधवार को कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए एक बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपलब्धियां के आगे असहाय महसूस कर रही है।

लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों में रिकॉर्ड मतों से अपनी हार सामने देखकर अनुराग के बारे में कांग्रेसी अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। नरेंद्र ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात के हमारे नेता हमारे नौजवान पीढ़ी के हाथों में खेलकूद का सामान थमाते हैं। उन्हें प्रेरित करते हैं।

अत्री ने कहा कि अनुराग ने बतौर खेल मंत्री श्रेष्ठतम प्रयास किया है। प्रदेश सचिव ने कहा कि आज हम यदि एशियन गेम, पैरा-ओलंपिक आदि की बात करें तो पदकों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है।

अत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण विकास भाजपा सरकारों की ही देन है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर के प्रयासों से दुनिया का खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में बना। अत्री ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के नेता बयानबाजी कर रहे हैं, वे अपनी तय हार को देखकर बौखला गए हैं।

### हिमाचल लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## पन्ना प्रमुखों की ताकत से पार्लियामेंट की राह आसान करेगी भाजपा

**अनंत ज्ञान टीम, डरोह/पंचरुखी**



पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन सिंह परमार व अन्य।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा मंडल सुलह का पन्ना प्रमुख सम्मेलन वीरवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार की अगुवाई में दैहन के मेला ग्राउंड में हुआ।

सम्मेलन में हिमाचल के लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा भी पहुंचे। पंडाल में पन्ने हाथ में लहराते हुए कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ पर जीत का परचम लहराने का संकल्प लिया। श्रीकांत ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। भाजपा का नारा देश में 400 पार, प्रदेश में की 4 और सुलह में लीड 40000 पार तभी सफल हो पाएगा, जब हर बूथ पर लीड 400 पार पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि हम अपने बूथ को जीत लेंगे, तो देश में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के पार्टी के हर कार्यकर्ता के सपने को साकार कर पाएंगे। पन्ना प्रमुखों की ताकत से भाजपा पार्लियामेंट की राह आसान करेगी।

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने वाला भाजपा देश का एकमात्र राजनीतिक दल है। लोकसभा चुनाव में एक छोटे से कार्यकर्ता को शीर्ष नेतृत्व ने आदेश किया और जनता के बीच में भेजा।

विपिन सिंह परमार ने कहा कि लोगों को मोदी की गारंटी के अलावा और किसी की गारंटी पर भरोसा नहीं है। प्रदेश में झूठी गारंटियों के बल पर बनी कांग्रेस सरकार के झूठ की पोल खुल चुकी है। उनके अपने विधायकों ने ही मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व को नकार दिया है। प्रदेश को राजनीतिक अस्थिरता के दौर में धकेलने के लिए कांग्रेस सरकार को लोकसभा चुनावों और विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनावों में जनता सबक सिखाएगी। समारोह में पधारे शांता कुमार ने भी मजबूत संगठन के लिए विपिन सिंह परमार की पीठ थपथपाई।

## सुजानपुर से राजेश कुमार को आजाद प्रत्याशी उतारने की पैरवी



**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य में एक तूफानी शिफ्टिंग के बाद वोटर्स को हैरान और निराश कर दिया है। सुजानपुर में पलायनों की गति तेज है। यहां व्यक्तियों ने त्वरित रूप से अपनी वफादारियां बदल दी हैं।


पहले जो सत्ताधारी पार्टी की निंदा करते थे और प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की बुराई करते थकते नहीं थे, अब एक रात में ही उनकी पंक्तियों में बदलाव हो गया। उसी तरह कांग्रेस के विरोधियों ने जब पार्टी बदली तो सीएम सुक्खू की भाषा भी बदल गई है। यही वजह है कि लोकतंत्र की प्रक्रिया में नागरिकों का भरोसा भी टूट रहा है।

सुजानपुर इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अब एक नया चेहरा ढूंढने के लिए मजबूर है। लोगों ने बीडीसी के वाइस-चेयरमैन राजेश कुमार को नए चेहरे के रूप में आगे लाने की बात कही है। राजेश एक ईमानदार, बेदाग और सबके भविष्य की सोच रखने वाले व्यक्ति हैं। वह दिल से सुजानपुर के लिए कुछ करना चाहते हैं। राजेश कुमार एक ऐसा चेहरा हैं जो लोगों की पहली पसंद भी हैं। यहां के लोगों ने राजेश कुमार को बतौर आजाद प्रत्याशी ही आगे लाने की पैरवी की है। वे कहते हैं कि उनका दूसरी पाटियों पर विश्वास उठ चुका है।

**राणा बनाम राणा** सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए सरगर्मियां तेज, लोगों में चर्चा जितेगा कौन?

# दलबदलुओं से परेशान सुजानपुर मांगे तीसरा विकल्प

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सुजानुपर विधानसभा उपचुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यह सीट 'हॉट सीट' बन गई है। इस सीट का रोमांच लोकसभा की सीट से भी ज्यादा बना हुआ है। हर किसी की जुबान पर यही चर्चा है कि कौन जीतेगा। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुआ पूर्व विधायक या भाजपा से कांग्रेस में गया नेता।

दरअसल, हिमाचल विधानसभा चुनाव-2022 में कांग्रेस ने भाजपा के उम्मीदवार को मात्र 399 वोटों से हराकर चुनाव जीता था, लेकिन हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस ने सुजानपुर से विधायक को अपनी पॉर्टी के खिलाफ वोट डालने पर विधायकी से हटा दिया था, जिसने कुछ दिनों बाद भाजपा का दामन थाम लिया और भाजपा ने उसे उपचुनाव में टिकट दे दिया। इस बात से खफा होकर भाजपा के 2022 के उम्मीदवार ने कांग्रेस का दामन थाम लिया और कांग्रेस ने उसे भी टिकट दे दिया। अब प्रश्न यह उठता है कि ये दोनों नेता किस मुंह से वोट मांगेंगे।

2022 के चुनाव में जिनका विरोध करते थे, उनकी कैसे तारीफ करेंगे। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता इन नेताओं को शामिल करने में खुश नहीं दिख रहे। ऐसे में दोनों तरफ से भिरतघात की संभावना जताई जा रही है। सुजानपुर विधानसभा की जनता अब दलबदुओं से परेशान होकर तीसरे विकल्प की ओर देख रही है जो दलदबल की राजनीति से दूर क्षेत्र का विकास करवाएं।

### पार्टी नहीं, नेता देख कर होगा मतदान

दल-बदल की गंदी राजनीति से दूर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता इस बार चाहेगी कि पार्टीबाजी से ऊपर उठकर ऐसे नेता को वोट दिया जाए जो बिना किसी भेदभाद के इलाके का विकास कर सके।

### दूसरी बार थोपा गया उपचुनाव

लोकसभा चुनाव-2014 में सुजानपुर से आजाद जीते विधायक ने कांग्रेस का दामन थामते हुए लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया था जिससे सीट खाली हो गई थी। सुजानपुर में पहली बार विधानसभा उपचुनाव हुआ था।

## 'कर्ज वाले मुख्यमंत्री' के नाम से जाने जाएंगे सुक्खू : सृजन झामटा



राजगढ़। भाजपा के शिमला संसदीय क्षेत्र से सोशल मीडिया विभाग सदस्य सृजन झामटा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा कि लोग उन्हें भविष्य में 'कर्ज वाले मुख्यमंत्री' रूप में जानेंगे। जिस तरह से उन्होंने मात्र 15 महीनों में लगभग 20,000 करोड़ से अधिक के कर्ज से हिमाचल प्रदेश को डूबो दिया है। केंद्र से लाए गए पैसे का इस्तेमाल वे अपने मंत्रियों को खुश करने में कर रहे हैं जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं सृजन बोले हिमाचल की जनता उन्हें इस लोकसभा चुनाव में करारा जवाब देने वाली है।

जागरूकता अभियान



देयोरी पंचायत में छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेती महिला मतदता।



स्वीप कार्यक्रम के तहत द्रंग विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करते नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा।

# बड़सर विधानसभा उपचुनाव में राजपूत प्रत्याशी उतारने की तैयारी!

## सर्वे में अब सुभाष ढटवालिया, कृष्ण चंद चौधरी और मनजीत डोगरा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**लंबे** इंतजार के बाद कांग्रेस शुक्रवार को बड़सर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी का ऐलान कर सकती है। इसके लिए कांग्रेस ने इस बार राजपूत उम्मीदवार को मैदान में उतारने का मन बनाया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सुभाष ढटवालिया का नाम सबसे आगे चल रहा है।

**लंबी माथापच्ची के बाद आज हो सकती है घोषणा**

इसके अलावा कृष्ण चंद्र चौधरी और पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा के नाम की भी आखिरी दौर में चर्चा है। पिछले दो दिन से जो फाइनल सर्वे करवाया गया है। उसमें यही तीन नाम सामने आए थे और इन्हीं में से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को अब प्रत्याशी का नाम फाइनल करना है। कांग्रेस ने बड़सर से कभी भी राजपूत उम्मीदवार नहीं उतारा है। लंबे समय से यह मांग चलती भी रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी राजपूत उम्मीदवार को लेकर भाजपा में चर्चा हुई थी, लेकिन तब मुहर नहीं लग पाई थी। हालांकि, राजपूत उम्मीदवार के रूप में समीकरण भी इस इलाके में खास मायने रखते हैं। इसमें ढटवाल इलाके का राजनीति में खास दबदबा माना जाता है। वहीं, पंडित राम रतन शर्मा के अलावा कभी भी कोई उम्मीदवार किसी भी दल ने नहीं उतारा और इस बार मौजूदा मुख्यमंत्री क्षेत्र की राजनीति को नए माहौल में पिरोने की रणनीति बनाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)


सुभाष ढटवालिया | कृष्ण चंद चौधरी | मनजीत सिंह डोगरा

### लंबे समय से राजपूत उम्मीदवार की मांग

**इस बार** राजपूत उम्मीदवार को लेकर क्षेत्र की राजनीति को बांटने का भी प्रयास हो सकता है, जिसकी इसकी मांग लंबे समय से की जा रही है। ठेकेदार कृष्ण चंद चौधरी भी जब से उपचुनाव की घोषणा हुई है, तब से चर्चा में हैं। मनजीत सिंह डोगरा ने भी काफी समय से राजनीतिक गतिविधियां इलाके में बढ़ाई हुई हैं। वे कांग्रेस के विधायक तो रहे ही हैं, निर्दलीय रूप में भी अपना सिक्का जमा चुके हैं।

### इंद्रदत्त लखनपाल मोर्चे पर डटे

**अब** नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने के लिए चार दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में उम्मीदवार के ऐलान में अब और देरी की उम्मीद नहीं है, क्योंकि भाजपा उम्मीदवार इंद्रदत्त लखनपाल काफी समय से मोर्चे पर डटे हुए हैं। जातीय समीकरणों के तहत यदि कांग्रेस ने यह तुरुप चाल चली, तो मुकाबला बेहद ही दिलचस्प हो जाएगा।

# सुक्खू सरकार की गलत नीतियों से उद्योगों का पलायन : बिक्रम

## युवा हुए बेरोजगार, प्रदेश में सभी योजनाएं ठंडे बस्ते में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**प्रदेश** में कांग्रेस सरकार ने 16 माह से जिस तरह से उद्योग और बड़े-छोटे इंडस्ट्रीज के लिए परिस्थितियां बनाई हैं, उससे लगातार उद्योग यहां से जा रहे हैं। यह बात पूर्व उद्योगमंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी बिक्रम ठाकुर ने शिमला में प्रेसवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि जयराम सरकार केंद्र से बड़ी-बड़ी योजनाएं लेकर आई थी, लेकिन आज वे सभी योजनाएं ठंडे बस्ते में चली गई हैं। सुक्खू सरकार पर आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की उद्योग नीति सहीं नहीं है। इस कारण हिमाचल से उद्योगों का पलायन हुआ है। पूर्व भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना का गला घोटने का कार्य कांग्रेस सरकार ने किया है। इस योजना के कारण से बहुत बड़ा काम पिछली सरकार के समय में हुआ, जिससे नौजवान एक करोड़ रुपए तक के प्रोजेक्ट लगवा सकते थे। लगभग 4228 यूनिट नए लगे और 200 करोड़ रुपए की सब्सिडी रिलीज की गई थी, लेकिन आज स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना को इस सरकार ने समाप्त कर दिया है और 200 करोड़ की देनदारी लंबित है।

### बोले- प्रदेश सरकार विकास विरोधी

हिमाचल प्रदेश को 2022 में 1923 करोड़ रुपए का बल्क ड्रग पार्क स्वीकृत हुआ था। जयराम सरकार के समय 225 करोड़ रुपए बल्क ड्रग पार्क के लिए जारी भी कर दिए गए थे। उस समय 1405 एकड़ जमीन इसके लिए निर्धारित की गई, लेकिन आज 16 महीने बीत जाने के बाद भी कोई फाइनेंशियल इनवेस्टर इनके पास फाइनल नहीं हुआ। कांग्रेस सरकार का जो दृष्टिकोण है, उससे ऐसा लगता है कि कहीं भविष्य में बल्क ड्रग पार्क हिमाचल प्रदेश से चला न जाए।

# भाजपा ने धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव के लिए नियुक्त किए चुनाव प्रभारी व संयोजक

**शिमला।** धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत भाजपा ने चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी, संयोजक, और सह संयोजक नियुक्त किए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने वीरवार को सूची जारी की है। विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष पवन काजल को चुनाव प्रभारी तैनात किया है, जबकि पार्टी के पूर्व विधायक जियालाल को सह प्रभारी, प्रदेश सचिव विशाल चौहान को चुनाव संयोजक और संजीव ठाकुर, अभिमन्यू भट्ट, प्रदीप शर्मा, अशोक वशिष्ट को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। बता दें कि धर्मशाला से कांग्रेस के विधायक रहे सुधीर शर्मा को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद यहां विधानसभा उपचुनाव हो रहे हैं। भाजपा ने उपचुनाव में सुधीर शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर पाई है। धर्मशाला में पहली जून को मतदान होगा।

# कांग्रेस ने सत्ता में आते ही सिरमौर का विकास रोकाः विनय



**नाहन।** भाजपा जिलाध्यक्ष विनय गुप्ता व मंडल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विगत डेढ़ साल में सिरमौर जिला का संपूर्ण विकास बंद कर दिया है। उन्होनें कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाए कि उन्होंने सिरमौर जिले में सरकारी दफ्तर बंद करके जनता के साथ धोखा किया है। कांग्रेसी विधायकों और नेताओं को यदि थोड़ी-सी भी गैरत होती तो सिरमौर के हक के लिए सीएम सुक्खू से लड़ाई लड़ते। उन्होंने कहा कि सिरमौर की जनता लोकसभा के चुनाव में इसका जवाब देगी।

# चोर-लुटेरों की पार्टी है भाजपा नफरत फैलाने में लगी : कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष भी नहीं रहेंगे जयराम ठाकुर**

**कुछ नेताओं को सुक्खू का सीएम बनना नहीं आया रास**

**बादशाह** की तरह जीवन व्यतीत करने वाले नेताओं को साधारण परिवार से निकलकर मुख्यमंत्री बनने वाला व्यक्ति पसंद नहीं आया। इन नेताओं को लगा कि हम बादशाहों के बीच एक आम आदमी कैसे आगे बढ़ गया। प्रदेश में छह विधायकों ने अपना ईमान बेचकर जनता को धोखा दिया है। इसका जवाब जनता देगी।

सुधीर शर्मा जिस स्मार्ट सिटी के कार्यों को करवाने की बात करते हैं, उस लायक कांग्रेस पार्टी ने ही उन्हें बनाया है। गृह विधानसभा बैजनाथ आरक्षित होने के बाद कांग्रेस ने उन्हें धर्मशाला से टिकट दी, वह जीते और उन्हें मंत्री बनाया गया। यह बात धर्मशाला में वीरवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कही। सुधीर शर्मा के पिता स्व. पंडित संत राम शर्मा प्रदेश के बड़े नेता रहे, लेकिन सुधीर ने उनके विपरीत कार्य किया है। भाजपा को चोर-लुटेरों की पार्टी करार दिया। यह पार्टी देश में नफरत का फैलाने का कार्य कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने खरीद-फरोख्त की राजनीति को जन्म देकर दोबारा मुख्यमंत्री बनने का सपना देख देखा, लेकिन 4 जून के बाद नेता प्रतिपक्ष भी नहीं रहेंगे। कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करेगी।

# कांग्रेस में कोई नहीं लड़ना चाहता चुनाव : जयराम

**दशमी रावत, रोहड़ू**




**रोहड़ू में पन्ना सम्मेलन में साधा निशाना**

**नेता** प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने रोहड़ू के लंबाखाटल में वीरवार को पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कार्यकर्ताओं व लोगों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। आज से पहले ऐसा कभी नहीं हुआ है कि अभी तक चुनाव प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है और दुनियाभर के देश उन्हें भारत के प्रधानमंत्री के रूप में आमंत्रित कर रहे हैं।

यह भरोसा पीएम मोदी की उपलब्धियों का परिणाम है। इस समय कांग्रेस में कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है, जिसे कहो वही पीछे हट रहा है। जिसे चुनाव लड़ने के लिए बाध्य किया, वह राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर वायरल कर रहा है। इसका कारण यह है कि हर किसी को अपनी करारी हार साफ दिख रही है। कांग्रेस सरकार में विधायक व मंत्री और जनता दुखी है। कांग्रेस के मुख्यमंत्री सुख की सरकार चलाने का दावा करते हैं, लेकिन यह सरकार जनता की नजर से गिर गई है। बजट पारित करने के लिए विपक्ष के विधायकों को निलंबित किया गया। मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में दुःख की सरकार चल रही है। आपदा में कांग्रेस की चिट्ठी लाने वाले को ही राहत राशि मिली है, जो कांग्रेस के नेताओं के संपर्क में नहीं हैं, उन्हें एक पैसा नहीं मिला है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस ने रोकी विकास की रफ्तार

**कांग्रेस** ने प्रदेश में कई संस्थान बंद कर दिए। हमने बिना कोई गारंटी दिए महिलाओं का किराया आधा, बिजली और पानी का बिल माफ किया है। इसके अलावा कई योजनाएं शुरू कीं, लेकिन कांग्रेस ने ये सुविधाएं बंद कर दी हैं। कांग्रेस तालाबंदी को विकास कह रही है। अब हिमाचल के लोगो की बारी है। सड़कों, अस्पतालों का काम रुका हुआ है। भाजपा सरकार प्रदेश को आगे ले जाने के लिए काम करती थी, लेकिन कांग्रेस प्रदेश को पीछे ले जा रही है।

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



**हमारा** वोट एक महत्त्वपूर्ण है। लोगों को सोच समझकर मतदान करना चाहिए। आज के समय में सब पढ़े-लिखे हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में लोगों को यही देखना जरूर है कि कौन सी पार्टी विकास कर रही है और रोजगार का प्रावधान कौन कर रहा है बेरोजगारी कैसे दूर हो सकती है। हमारा नेता ईमानदार हो चाहिए, झूठ बोलने वाला नहीं। **आंसू सिंह (भोटा)**



मंडी सांसद केंद्र सरकार से रोजगारपरक योजनाएं लेकर आए, ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सके। हम ऐसे उम्मीदवार को वोट देंगे, जो रोजगार के अवसर प्रदान करे, ताकि हर एक व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके। **मनोज कुमार (लडभड़ोल)**



मंडी सांसद क्षेत्र का विकास करवाने वाला और युवाओं को रोजगार प्रदान करने के साथ साथ ऐसी योजनाएं क्षेत्र के लिए लाए, ताकि क्षेत्र का विकास हो। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ प्लास्टिक को हर हालत में बंद कर दिया जाए। प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत ही घातक है। **रणजीत सिंह (जोगिंद्रनगर)**



ईमानदार और लोगों के हित की बात करने वाले प्रत्याशी को वोट दें। प्रत्याशी पूरी तरह निष्पक्ष सोच वाला होगा तो सभी को साथ लेकर सभी का विकास करवा सकता है। इस बात का ध्यान जरुर रखना चाहिए कि प्रत्याशी एक पढ़ा-लिखा इंसान हो। **मलकीयत सिंह आर्य (गगरेट विधानसभा क्षेत्र)**



देश के युवाओं में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। उनको कहीं भी आशा की किरण नजर नहीं आ रही है। करोड़ों नौकरियां देने का वादा करने वाले भी सत्ता सुख लेकर चले गए हैं। अब उस दल को समर्थन जो देश के हर वर्ग को एक समान नजर से देखता है। **नरेश सिंघा (ऊना)**



देश में रोजगार के अवसर पैदा होने चाहिए। युवाओं के आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ावा देने के लिए माहौल तैयार होना चाहिए। ऐसे लोगों का चुनाव करें जो राष्ट्र के संपूर्ण विकास के लिए योगदान दे। **कविता शर्मा (जोगिंद्रनगर)**



मंडी लोकसभा क्षेत्र से ऐसा सांसद होना चाहिए जो क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के बारे में संसद में उचित तरीके से उठाए। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का हल करे। क्षेत्र में रोजगार के साधन बहुत ही कम हैं। ऐसे में सांसद इन बातों को संसद में उठाए और रोजगार के साधन उपमंडल स्तर पर पैदा करे। **अजय सहगल (मंडी)**



देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या बन गई है। पढ़ाई के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही है। युवा नौकरी की तलाश में जगह-जगह भटक रहे हैंज हमें रोजगार की गारंटी देने वाला दल का समर्थन करने वाला चाहिए। सभी लोगों को मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान जरूर देना चाहिए। **वीरेंद्र पठनिया (सलोनी )**



ऐसे नेता का चुनाव किया जाना चाहिए जो खुद युवा हो और युवाओं के भविष्य संवारने के कार्य करें। नोकरियों के अवसर सृजित करें। सामाजिक सुरक्षा खासकर महिलाओं के अधिकारों की पैरवी करें। **कपिल महेता (सोलन)**



आज देश को ऐसे नेताओं की जरूरत है, जो समाज का कल्याण और सुरक्षा सुनिश्चित करें। गरीब कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए। अपराध मुक्त समाज ही आदर्श जीवन का आधार है। प्रदेश के लोग सोच-समझ कर ऐसे नेता को वोट दें, जो लोगों की सुविधाएं दे और युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाए। **ललिता (सोलन)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में मजबूती से देश का नेतृत्व किया है। उनके कार्यकाल में देश ने अनेकों उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बढ़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। ऐसे में लोगों को सोच समझकर मतदान करना चाहिए। मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने वाले है। **-विकी पंवार (शिमला)**



कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी बेरोजगारी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का महापर्व मनाया जा रहा है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। इस महापर्व में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। देश का युवा ही किसी भी राजनीतिक दल की हार और जीत तय करेगा। **-नीतिश राजटा (शिमला)**



युवा वर्ग को अपने रोजगार को लेकर वोट करना चाहिए, क्योंकि हिमाचल प्रदेश भी अब उन राज्यों में शामिल हो गया गया है, जहां लगातार रोजगार की दर साल दर साल घटती जा रही है। अभी हिमाचल प्रदेश का चुनाव बहुत ही रोचक होने जा रहा है। युवा, महिला को मुद्दों के ऊपर वोट करना चाहिए। **-नोवल ठाकुर, (पीएचडी स्कॉलर पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ)**

# भाजपा का सरकार को गिराने का मिशन हुआ फेल : सोलंकी

**अनंत ज्ञान, नाहन**



**उपचुनाव में जनता देगी जवाब, कांग्रेस विधायकों की बढ़ेगी संख्या**

**भाजपा** के 400 पार के दावों की अब हवा निकल गई है। देश में हुए दो चरणों के मतदान के बाद भाजपा को अहसास हो चला है कि जनता उनके खिलाफ वोट कर रही है।

विधायक अजय सोलंकी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में भाजपा ने जो हालात पैदा किए हैं, उससे जनता में भारी रोष है। उपचुनावों के बाद प्रदेश में कांग्रेस के जीते हुए विधायकों की संख्या बढ़ने जा रही है। देश में भाजपा ने माहौल खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। केंद्र सरकार की कितनी लोकप्रियता है, यह वोट प्रतिशत से देखने को मिल रहा है। नागालैंड में 6 जिलों में शून्य प्रतिशत मतदान रहा। हिमाचल में भाजपा का सरकार को गिराने का मिशन फेल हुआ है।

**सियासत** | छठी और सातवीं लोकसभा में हिमाचल की भागीदारी, पहली बार भारतीय लोकदल के चारों उम्मीदवार जीते

# 32 साल में कांग्रेस पहली बार दूसरे स्थान पर खिसकी

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**




**देश** की छठी लोकसभा के लिए 1977 में चुनाव हुआ। हिमाचल में पहली बार कांग्रेस पार्टी के चारों उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि 57.2 प्रतिशत मत लेकर भारतीय लोकदल के चारों उम्मीदवार विजयी रहे। उस वक्त हिमाचल प्रदेश में कुल 19,61,050 मतदाता थे, जिनमें से 59.6 प्रतिशत यानी 11,67,927 मतदाताओं ने चुनाव में भाग लिया।

मतदान के लिए 3,361 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित लोकसभा सीट हमीरपुर से रणजीत सिंह को 5,24,805 मतों में से 3,23,501 मत पड़े। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र में विजयी रहे दुर्गा चंद को 4,77,075 मतों में से 3,05,117 मत पड़े। मंडी संसदीय क्षेत्र में गंगा सिंह विजयी रहे। उन्हें 4,93,450 मतों में से 2,65,820 मत पड़े। शिमला संसदीय क्षेत्र में बालक राम को 4,65,720 मतों में से 2,73,489 मत पड़े।

इन चुनावों में पांच दलों की ओर से 14 उम्मीदवार खड़े किए गए थे। भारतीय लोकदल ने चारों सीटों पर उम्मीदवार उतारे और सभी विजयी रहे। इन्हें 6,51,320 यानी 57.2 प्रतिशत मत मिले। कांग्रेस ने भी चारों सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे, जिन्हें 4,39,398 यानी 38.6 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। ये चारों दूसरे स्थान पर रहे। चार आजाद उम्मीदवारों ने भी अपनी किस्मत आजमाई। इनमें से एक तीसरे स्थान पर रहा। चारों उम्मीदवारों ने 2.1 प्रतिशत यानी 23,516 मत प्राप्त किए। सीपीआई का एक उम्मीदवार चुनावी मैदान में था, उसे भी तीसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। इस उम्मीदवार को 1.4 प्रतिशत यानी 15,709 मत मिले।

1980 में देश की सातवीं लोकसभा के लिए चुनाव हुए। उस वक्त हिमाचल प्रदेश में 21,75,326 कुल मतदाता थे, जिनमें से 12,77,049 यानी 58.7 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनावों में प्रदेशभर में 3,742 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। चारों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी रहे। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट हमीरपुर से नारायण चंद्र पराशर को 5,87,599 मतदाताओं में से 3,88,376 मत मिले। कांगड़ा सीट पर विक्रम महाजन को 5,26,337 मतों में से 3,36,786 मत मिले। शिमला सीट पर किशन दत्त को 5,23,977 मतों में से 2,22,407 मत मिले। इन चुनावों में छह राजनीतिक दलों ने अपने 29 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे। इनमें सर्वाधिक 16 आजाद उम्मीदवार थे। कांग्रेस (आई) ने चारों सीटों पर चुनाव लड़ा और चारों पर ही विजय का परचम लहराया। इस पार्टी के हिस्से में 6,53,018 यानी 52.1 प्रतिशत मत आए। चारों सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे। ये चारों ही दूसरे स्थान पर रहे और 36.4 प्रतिशत यानी 4,56,166 मत प्राप्त किए। जनता पार्टी (सेकुलर) द्वारा तीन स्थानों पर जोर आजमाइश की गई और तीनों ही उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे। मतदान का प्रतिशत 5.3 रहा, जबकि मतदाताओं की संख्या 66,618 रही। सोलह आजाद उम्मीदवारों में से केवल एक उम्मीदवार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया गया। उम्मीदवारों को 4 प्रतिशत यानी 49,955 मत मिले। सीपीआई द्वारा एक स्थान पर चुनाव लड़ा गया। इसमें 1.5 प्रतिशत यानी 24,372 मत मिले। कांग्रेस ने एक उम्मीदवार खड़ा किया गया था, जिसे 0.3 प्रतिशत यानी 3,740 मत प्राप्त हुए। (अनंत ज्ञान)

## सालगिरह मुबारक



बिलासपुर के सुनील ठाकुर और वंदना ठाकुर को सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# धर्मशाला में बिना एक्स-रे बैरंग लौटे मरीज

## क्षेत्रीय अस्पताल में दोपहर बाद दांतों के रोगियों को नहीं मिली सुविधा, सॉल्यूशन न होने से दिक्कत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में वीरवार को दोपहर बाद दांतों के मरीजों के एक्स-रे न होने के कारण लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। बताते चलें कि यहां लिखे बोर्ड के अनुसार नौ बजे से 12.30 बजे तक तथा दोपहर बाद 2 बजे से 3.30 बजे तक एक्स-रे होते हैं, लेकिन जिस तरह से वीरवार को 2 बजे के बाद एक्स-रे ठप्प रहे उससे तो लगता है कि सॉल्यूशन आदि न होने पर अक्सर ऐसी व्यवस्था अपने स्तर पर स्टाफ लागू कर देता है। इस कारण मरीजों को बिना एक्स-रे लौटना पड़ता है। आलम यह है कि एक्स-रे के लिए जरूरी सॉल्यूशन न होने जैसे कारण बताते हुए मौजूद एक्स-रे टेक्निशियन ने एक्स-रे के लिए पहुंचे लोगों को लौटा दिया। हालांकि जब इस बाबत आला अफसरों से बात की गई तो उन्हें भी मामले की जानकारी नहीं थी।

जब एक्स-रे रूम में ड्यूटी दे रहे टेक्निशियन से अधिकारियों ने संपर्क किया तो पता चला कि सॉल्यूशन तथा फिक्सर न होने के कारण वीरवार को दोपहर बाद एक्स-रे नहीं हो पाए।

कहने को तो इमरजेंसी बेस पर मरीजों को उपचार मिलने की बात कही जाती है, लेकिन सच्चाई यह है कि एक्स-रे के लिए लंबी कतारों में लगने के बावजूद तकनीकी एक्स-रे कर्मचारियों की ओर से कभी सॉल्यूशन न होने तो फिक्सर आदि बना न होने के कारण लोगों को लौटा दिया जाता हैं। वहीं कभी भी कर्मचारी कार्यालय कार्यों के नाम पर गायब मिलते हैं। 9.30 से 12.30 तथा 2 बजे से 3.30 बजे तक एक-दो मिनट की देरी होने पर भी दातों के दर्द के बावजूद लोगों को अगले दिन आने को कहा जाता है। जिला के बड़े अस्पताल में इस तरह की व्यवस्था के कारण क्षेत्र के दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को मायूस लौटना पड़ता है।




जोनल अस्पताल धर्मशाला में एक्स-रे रूम के बाहर लगा टाइमिंग बोर्ड।

### कुछ सामान खत्म हो गया था: सीएमओ

डॉ. राजेश गुलेरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा ने बताया कि एक्स-रे संबंधित कुछ सामान खत्म हो गया था। इस वजह से कुछ देर के लिए एक्स-रे नहीं हो पाए। कभी-कभी ऐसा हो जाता है, लेकिन जैसे ही मेरे संज्ञान में बात आई तो समस्या को दूर कर दिया गया।

# आईपीएल मैचों के लिए टीमों का प्रैक्टिस शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम धर्मशाला में पांच और नौ मई को होने वाले आईपीएल मैचों के लिए वीरवार को किंग्स इलेवन पंजाब की टीम यहां पहुंच गई है। किंग्स इलेवन पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के साथ और दूसरा मैच रोयल चैलेंजर बैंगलोर के साथ खेलेगी। मैच प्रैक्टिस के लिए किंग्स इलेवन पंजाब का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। एचपीसीए निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि तीन मई को पंजाब की टीम का प्रैक्टिस सेशन रद्द कर दिया है। चार मई को पंजाब की टीम का मैच प्रैक्टिस शेड्यूल 2 से 5 रहेगा रहेगा। शुक्रवार को धर्मशाला पहुंचने वाली चेन्नई टीम इस दिन विश्राम करेगी और चार मई को चेन्नई टीम की मैच प्रैक्टिस शाम 6 से 9 बजे तक होगी। पांच मई को दोनों टीमें आमने सामने होंगी।

### यह होगा दूसरे मैच से पूर्व प्रैक्टिस शेड्यूल

दूसरे मैच के लिए छह मई को किंग्स इलेवन पंजाब और रोयल चैलेंज बैंगलोर टीम का विश्राम रहेगा। सात मई को बैंगलोर शाम 5 से 8 बजे तक प्रैक्टिस करेगी जबकि पंजाब टीम शाम 6 से 9 बजे के बीच प्रैक्टिस करेगी। 8 मई को भी दोनों टीमों का प्रैक्टिस शेड्यूल यही रहेगा। 9 मई को दोनों टीमें मैदान में आमने-सामने होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत प्रधान ने साक्षी को किया सम्मानित

**गरली।** प्लस टू की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में पांचवें स्थान पर रही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या गरली की छात्रा साक्षी शर्मा को स्थानीय पंचायत प्रधान शशिलता ने घर जाकर सम्मानित किया। पंचायत प्रधान शशिलता ने बताया कि साक्षी शर्मा बहुत ही गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है। इसके पिता इसे बचपन में ही छोड़ कर कहीं चले गए, लेकिन साक्षी की माता सोनिया शर्मा ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने गरली में ही अपनी इकलौती बेटी के साथ किराए के मकान में रहकर अपनी होनहार बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाया। साक्षी की माता सोनिया शर्मा लोक निर्माण विभाग परागपुर में मल्टी टास्क वर्कर सेवाएं देकर अपनी बेटी का पालन-पोषण कर रही हैं। शशिलता ने साक्षी शर्मा की इस सफलता पर स्कूल प्रधानाचार्य मलकीत सिंह, टीचर, स्टाफ व उसकी माता सोनिया शर्मा को बधाई दी है।



साक्षी शर्मा को सम्मानित करती पंचायत प्रधान शशिलता।

### रमेश कुमार भोला को-ऑबजर्वर नियुक्त

**नगरोटा बगवां।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी दिल्ली मुख्यालय की तरफ से अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं एडवोकेट शिवाजी राव मोघे ने रमेश कुमार भोला को हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र में को-ऑबजर्वर के पद पर नियुक्ति दी है। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भरोसा जताया है कि रमेश कुमार भोला को कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र में जिस पद का जिम्मा सौंपा है, उस पद पर खरा उतरेंगे। इस नियुक्ति के लिए रमेश कुमार भोला ने भी पार्टी हाईकमान का आभार जताया है। भोला ने हिमाचल कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व कैबिनेट मंत्री रैंक एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली का धन्यवाद किया है।

# हारचक्कियां में विद्यार्थियों ने किया योग और प्राणायाम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में योग सत्र का किया गया आयोजन

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हारचक्कियां में 40 छात्र-छात्राओं के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन समूह अनुदेशक मनोज ठाकुर के सानिध्य में किया गया।

इसमें आयुष विभाग वेलनेस सेंटर रैत शाखा के डॉ. भवानी के निर्देशानुसार योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक शर्मा द्वारा क्रमवार छात्रों को वृक्ष, ताड़ आसन, भस्त्रिका, कपाल भाती तथा स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए भ्रामरी उदगीत जैसे विभिन्न योगासन तथा प्राणायाम करवाए गए। जिसमें स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए नशे जैसी बुरी लत से दूर रहने तथा खान-पान संबंधी संतुलित भोजन एवं फल तथा हरी सब्जियों तथा साधारण रोगों से बचाव हेतु योग और आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया गया।

इस दौरान छात्रों को फास्ट और जंक फूड से परहेज करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर अनुदेशक तिलक राज, अंकुश गुलेरिया, प्रेम लता, पूनम देवी, गुरुचरण सिंह आदि ने भी छात्रों सहित योगासन किए।

# आर्यन के पास हर सवाल का जवाब

## थुरल कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, डरोह**

महाराजा संसार चंद स्मारक महाविद्यालय थुरल में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर्यन राणा, द्वितीय स्थान पलक और तृतीय स्थान दीपिका और पारुल ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में पलक प्रथम, पारुल द्वितीय, कशिश और दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसमें मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार रहे। उन्होंने कहा कि स्वीप का प्राथमिक लक्ष्य सभी पात्र नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है।

युवा मतदाताओं को युवा शक्ति को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। लोकतंत्र की नीव मताधिकार पर ही रखी जाती है। युवा मतदाता 18वीं लोकसभा के लिए मतदान करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार, प्रो. कमल कुमार, प्रो. लेख राम नेगी, स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रो. पवन राणा, प्रो. विशाल, डॉ. अमित कुमार, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. शिशुपाल, प्रो. प्रेमलता, प्रो. अजय, रणजीत सिंह राणा, मंजू, रितु, पूनम, ईशू वर्मा, अमनजीत आदि उपस्थित रहे।




महाराजा संसार चंद स्मारक महाविद्यालय थुरल में स्वीप कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

## भाजपा को जनता लोकसभा चुनाव में देगी जवाबः कुशल सपेहिया

**गरली।** जसवां-परागपुर ब्लॉक कांग्रेस मंडल चेयरमैन कुशल सपेहिया ने कहा कि भाजपा का धनबल का घमंड सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपा नेताओं के अहंकार को प्रदेश की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि धनबल के ज़रिए भाजपा नेता हिमाचल प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। हॉर्स ट्रेडिंग कर भाजपा ने राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में छह कांग्रेस विधायकों से क्रॉस वोटिंग करवाई और फिर प्रदेश सुक्खू सरकार को गिराने की साजिश रची। अब भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है भाजपा नेता अहंकार में हैं, लेकिन कांग्रेस के पास जनबल है और उन्हें इस बात का पूर्ण विश्वास है कि आगामी लोकसभा चुनाव और छह विधानसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। पिछले सवा साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारा। भाजपा नेता धनबल का जितना मर्जी जोर लगा लें, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी।

## लोअर लंबागांव स्कूल का रिजल्ट शानदार

**जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित किए गए बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर लंबागांव का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान पर रही अंशिका ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए , वहीं द्वितीय स्थान पर प्रिया ने 82 प्रतिशत अंक और तृतीय स्थान पर विज्ञान संकाय की छात्रा सिमरन और कला संकाय के छात्र निकेतन ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रधानाचार्य सरोज ठाकुर का कहना है कि यह हमारे स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है।

# सिने जगत

## सरगुन मेहता ने चिलचिलाती गर्मी में लिया पानी का मजा

- पूल में उतरकर चिल कर रही यह हसीना

**35** साल की सरगुन मेहता एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर भी हैं। छोटी सी उम्र में सरगुन ने अपना प्रोडक्शन हाउस तो खोला ही साथ पंजाब इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग से ऐसा रंग जमाया कि उनका हर कोई मुरीद है। हाल ही में एक्ट्रेस वियतनाम घूमने गई थीं। अब वहां से एक्ट्रेस ने कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो पानी के अंदर चिल करती हुई दिख रही हैं।

**बिकिनी में लगाया तड़का**

सरगुन मेहता की ये फोटोज वियतनाम के हलांग बे की हैं। फोटोज में सरगुन बिकिनी पहनकर पानी के अंदर चिल करती हुई दिख रही हैं। फोटोज इतनी ज्यादा हसीन है कि आपका तस्वीरों से नजरें हटाना मुश्किल हो जाएगा।

**पानी में लगाई आग**

तस्वीरों में सरगुन हलांग बे में पानी के अंदर टू पीस पहने हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की बिकनी पर्पल और ग्रीन कॉम्बिनेशन की है जिसमें वो काफी दिलकश लग रही हैं.

**कर रहीं चिल किए खूब मजे**

फोटोज में सरगुन पानी के अंदर आराम से कभी लेटी नजर आ रही हैं तो कभी खड़े होकर आसपास के नजारे का लुत्फ लेती दिख रही हैं। वहीं फोटोज में पीछे खूब सारा पानी और थोड़ी बहुत ग्रीनरी भी नजर आ रही है जो उनकी इन फोटोज को और भी ज्यादा खूबसूरत बना रही हैं।

**सरगुन का किलर अंदाज**

आपको बता दें, सरगुन और रवि दुबे हसबैंड वाइफ हैं। दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ की फोटोज शेयर करते रहते हैं।



## ‘सरफरोश’ की रिलीज को हुए 25 साल

**साल** 1999 में फिल्म सरफरोश आई थी। इसमें आमिर खान लीड रोल में थे। आमिर के करियर की बड़ी हिट फिल्मों में से यह फिल्म एक साबित हुई। बाद में इसे कल्ट का दर्जा भी मिला। 30 अप्रैल को ‘सरफरोश’ की रिलीज को 25 साल पूरे हुए हैं। इस मौके पर फिल्म के डायरेक्टर जॉन मैथ्यू ने फिल्म की कास्टिंग पर बात की। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि ‘सरफरोश’ में लीड रोल के लिए आमिर खान पहली पसंद नहीं थे। इस फिल्म में पहले शाहरुख खान काम करने वाले थे मगर बाद में ‘सरफरोश’ आमिर खान के खाते में चली गई।




## ‘हीरामंडी’ में नजर आएंगी ऋचा चड्ढा



**कई** शानदार फिल्मों का निर्देशन कर चुके संजय लीला भंसाली अब हीरामंडी सीरीज के जरिए ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। इसमें ऋचा चड्ढा भी हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने किरदार पर बात की। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा जल्द ही संजय लीला भंसाली की बहु प्रतीक्षित सीरीज हीरामंडी में नजर आएंगी। यह सीरीज अगले महीने ओटीटी पर रिलीज हो रही है। इसमें ऋचा समेत छह अदाकाराएं अहम भूमिकाओं में हैं। हाल ही में ऋचा ने सीरीज में अपने किरदार को लेकर बात की और कहा कि अपने किरदार के लिए उन्होंने अपने दौर की दिग्गज अदाकारा मीना कुमारी से प्रेरणा ली।

**भंसाली ने सुझाया था फिल्म का नाम**

हीरामंडी में ऋचा लज्जो का रोल अदा कर रही हैं, जो कि एक वेश्या है। ऋचा ने कहा कि इस किरदार के लिए उन्होंने मीना कुमारी से प्रेरणा ली। इसकी सलाह उन्हें खुद संजय लीला भंसाली ने ही दी थी।



**किरण** राव के निर्देशन में बनी फिल्म ‘लापता लेडीज’ सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर अपना जलवा दिखा रही है। इसे आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है, फिल्म को सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब प्यार मिला, अब जो लोग नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म देख रहे हैं वे इसकी तारीफ किए बिना नहीं रह पा रहे हैं। आलिया भट्ट ने भी फिल्म की खूब तारीफ की है।

## किरण राव की फिल्म ‘लापता लेडीज’ की फैन हुईं आलिया

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी फिल्म ‘लापता लेडीज’ हाल ही में नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई है, इसमें नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और रवि किशन अहम भूमिकाओं में हैं। इसे सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर भी दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। प्रियंका चोपड़ा ने ये फिल्म देखकर किरण राव को खूब बधाइयां दीं। इसके साथ ही आलिया भट्ट ने फिल्म देखकर किरण राव से लेकर स्टारकास्ट और फिल्म तक की जमकर तारीफ की।

## इस साल पर्दे पर दस्तक नहीं देगी सनी देओल की ‘लाहौर 1947’

**सनी** देओल ने फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी के साथ लाहौर 1947 के लिए फिर से काम किया है। यह फिल्म घायल और दामिनी के बाद बड़े पर्दे पर उनके पुनर्मिलन का प्रतीक है। फिल्म का निर्देशन संतोषी कर रहे हैं और इसका समर्थन आमिर खान कर रहे हैं। गदर 2 की भारी सफलता के बाद, लाहौर 1947 के बारे में एक आधिकारिक घोषणा की गई। ताजा अपडेट यह है कि आमिर और राजकुमार फिल्म को इस साल नहीं, बल्कि अगले साल खास मौके पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। सनी देओल की फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग फिलहाल चल रही है। कथित तौर पर निर्माता जून 2024 तक फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगे। फिल्म को एक विशाल सेट के साथ एक स्टूडियो सेटिंग में शूट किया जा रहा है। राजकुमार संतोषी निर्देशित इस फिल्म में न्यूनतम वीएफएक्स होगा क्योंकि इसमें वास्तविक ड्रामा और एक्शन पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।




## करण जौहर ने अल्लू अर्जुन के किलर स्वैग को कहा तूफान

**अंतरराष्ट्रीय** मजदूर दिवस के दिन अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल का पहला गाना पुष्पा-पुष्पा रिलीज किया गया था। इस फिल्म की कहानी एक आम मजदूर की है। इसलिए पुष्पा 2 द रूल को मजदूर दिवस पर रिलीज किया गया। पुष्पराज के जश्न के गीत के रूप में गाना पुष्पा-पुष्पा छह भाषाओं में रिलीज किया गया। फिल्म का यह गाना सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। अब गाने को लेकर निर्देशक-निर्माता करण जौहर की प्रतिक्रिया आई है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक स्टोरी साझा की है। इस पोस्ट में करण ने पुष्पा का वीडियो गाना लगाया है साथ ही लिखा कि एक तूफान रील तूफान फूटने वाला है। इस फिल्म का अभी सिर्फ एक ही गाना रिलीज हुआ है। 1 मई को रिलीज के बाद यू-ट्यूब पर इस गाने को अभी तक 13 मिलियन लोगों ने देखा है। अल्लू के फैंस लगातार इस गाने में उनके लुक, स्टाइल और हुक स्टेप्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं।



# क्रिप्टो करंसी घोटाला : 51 चार्जशीट के साथ इसी सप्ताह कोर्ट जाएगी एसआईटी

## दुबई में डटे दो आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा, 2500 करोड़ का है घोटाला

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के बहुचर्चित क्रिप्टो करंसी घोटाले की जांच तेजी से जारी है। आईजी अभिषेक दुल्लर की अगुवाई में जांच में जुटी एसआईटी ने 51 नई चार्जशीट तैयार कर ली हैं। अब तीन मई के बाद चार्जशीट को कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। करीब 2500 करोड़ रुपए का यह घोटाला प्रदेश के बड़े घोटालों में शामिल हैं जिसमें कुल चार्जशीट की संख्या 100 तक पहुंच सकती हैं। इस मामले में कई लोगों ने कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जियां दी हैं जिन पर तीन मई तक फैसला आने के साथ ही एसआईटी कोर्ट में 51 नई चार्जशीट दाखिल करेगी। इस मामले में 22 लोगों के खिलाफ पहले ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर एसआईटी करीब 20 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा दुबई में बैठे घोटाले के मास्टर माइंड मंडी के सुभाष तथा मेरठ के मिलन गर्ग को प्रत्यर्पण संधी के आधार पर दुबई से लाने को लेकर औपचारिकताएं एसआईटी शुरू कर चुकी हैं। क्रिप्टो करंसी में निवेश का झांसा देकर

### दुबई सरकार पूरी कर रही औपचारिकताएं : अभिषेक

एसआईटी के चीफ धर्मशाला स्थित आईजी नॉर्थ अभिषेक दुल्लर ने 51 नई चार्जशीट तैयार करने की जानकारी देते हुए कहा कि एसआईटी इसी सप्ताह में इन चार्जशीट को कोर्ट में दाखिल करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दुबई में बैठे दोनों आरोपी भी जल्द पकड़े जाएंगे तथा इसके लिए दुबई सरकार से भी औपचारिकताएं जारी हैं।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

प्रदेश में करीब 2,500 करोड़ रुपए की ठगी मामले में दुबई में डेरा जमाए मास्टरमाइंड सुभाष तथा दूसरे आरोपी मिलन गर्ग को पकड़ना एसआईटी के लिए चुनौती बना हुआ है। हालांकि दोनों आरोपियों को एसआईटी गिरफ्तार कर भारत ला सकती है। लुक आऊट नोटिस जारी कर एसआईटी प्रयास कर चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## सुधीर शर्मा को दिलाएंगे रिकार्ड जीत: विशाल

**धर्मशाला।** लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों को भाजपा एकजुट होकर लड़ेगी और पार्टी प्रत्याशी सुधीर शर्मा को रिकार्ड मतों से विजय दिलाएगी। यह बात धर्मशाला मंडल के अध्यक्ष डॉ. विशाल नैहरिया ने जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी और पदाधिकारी दिन-रात एक-एक बूथ पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान भाजपा को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग स्थानीय भाजपा नेता सुधीर शर्मा और पीएम मोदी के विजन के कायल हैं। इसलिए इस बार धर्मशाला के हर बूथ से भाजपा को लीड मिलेगी। धर्मशाला देश का पहला ऐसा विधानसभा क्षेत्र बनकर उभरेगा, जिसके हर बूथ से भाजपा को रिकार्ड लीड मिलेगी और सुधीर शर्मा बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे।

# गगल एयरपोर्ट पर आज आनंद शर्मा का स्वागत करेगी महिला कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



वीरवार को आयोजित बैठक में मौजूद महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व अन्य।

जिला कांगड़ा महिला कांग्रेस ने वीरवार को कांगड़ा में हुई बैठक में निर्णय लिया है कि शुक्रवार को गगल हवाई अड्डा पहुंचने पर कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी आनंद शर्मा का भव्य स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी महिला कांग्रेस कांगड़ा की अध्यक्ष रीता मनकोटिया ने दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने कांगड़ा-चंबा लोकसभा से आनंद शर्मा जैसे अनुभवी और कर्मठ उम्मीदवार को उतारा है, इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ गया है। उन्होंने इसके लिए पार्टी हाईकामन सहित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का आभार जताया। आनंद शर्मा का प्रदेश के विकास में पहले भी अहम योगदान रहा है। कांगड़ा का निफ्ट हो या मंडी की आईआईटी की बात करें, यह सब पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के मौजूदा प्रत्याशी आनंद शर्मा के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। वहीं उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करना जानती है, इसका उदाहरण आपदा के समय मिल गया था। इस मौके पर ब्लॉक,जिला व प्रदेश की महिला पदाधिकारी रीता मनकोटिया, सरिता सैनी, रेणु बजवारिया, नीना ठाकुर, कांता सरोच, नमिता मेहरा, उषा परमार, कुंता देवी आदि सहित अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### पुन्नर स्कूल में नर्सरी कक्षा का शुभारंभ

**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक क्लस्टर विद्यालय पुन्नर की प्रधानाचार्य अंजू ठाकुर ने वीरवार को नर्सरी कक्षा की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नर्सरी कक्षा में दाखिल करवाएं व सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं। यह विद्यालय नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान कर रहा है।

### न्यूगल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत



न्यूगल पब्लिक स्कूल भवारना की होनहार छात्राएं शिक्षकों के साथ।

**डरोह।** न्यूगल पब्लिक स्कूल भवारना का विज्ञान,वाणिज्य व कला तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। शगुन राणा ने 92 प्रतिशत, श्रेया सूद ने 90 प्रतिशत, अन्वी सूद ने 89 प्रतिशत, सृजना ने 88 प्रतिशत, शगुन वर्मा ने 85 प्रतिशत, लक्ष्य ने 82 प्रतिशत, तुषार ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक अशोक कटोच, चेयरमैन अंकुर कटोच व प्रधानाचार्य निशा गुलरिया ने इस शानदार उपलब्धि के लिए समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी है। चेयरमैन अंकुर कटोच के अनुसार गत कई वर्षों से यह विद्यालय क्षेत्र में गुणात्मक शिक्षा प्रदान कर रहा है।

### कायस्थबाड़ी में मारपीट करने पर मामला दर्ज

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत कायस्थबाड़ी रोड नगरोटा बगवां में राहुल वर्मा निवासी वार्ड नं. 1 कायस्थबाड़ी रोड नगरोटा बगवां तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ने पल्लवी वर्मा निवासी वार्ड नं. 1 कायस्थबाड़ी रोड का रास्ता रोककर गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़ा और मारपीट की है तथा जान से मारने की धमकी दी है। इस संदर्भ में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 7,500 एमएल अवैध देसी शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत बनूरी में नीना देवी निवासी बनूरी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा के रिहायशी मकान से 7,500 एमएल देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सुघेड़ पुल के पास 96.58 ग्राम चरस बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत सुधेड़ पुल के पास भाग चंद निवासी बंडरोल तहसील व जिला कुल्लू से 96. 58 ग्राम चरस बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कार्रवाई की गई है।

### मोदी काल में महिला स्वाबलंबन को मिली गति



**रक्कड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में महिला स्वाबलंबन के कार्य को गति मिली है। आज देश में मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं के आर्थिक स्वाबलंबन के लिए 27 योजनाएं शुरू हुई हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बंदना योगी ने कही। जसवां-परागपुर विधानसभा के रक्कड़ में आयोजित महिला सम्मेलन में बंदना योगी ने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की सहभागिता बराबर की है। आज महिला स्वाबलंबन की योजनाओं से 20 करोड़ महिलाएं, 5 करोड़ छात्राएं, 11 करोड़ कामकाजी महिलाएं लाभान्वित हुई हैं।

# इच्छी में नियंत्रण खोने से जीप से टकराई बाइक, सवार गंभीर जखमी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कांगड़ा के पास लगते इच्छी गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक एक जीप से जा टकराई। मिली जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

बताया जा रहा है की बाइक सवार जो कि कांगड़ा की और जा रहा था की इच्छी के पास एक जीप जो की वहां से मुड़ रही थी से टकरा गई। यह हादसा बाइक सवार के नियंत्रण खोने से हुआ। जीप भी यहां की लोकल नंबर बताई जा रही है। इस हादसे में बाइक सवार के सिर पर गहरी चोट आई है और उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया है जहां से उसे टांडा रेफर कर दिया गया है। युवक ढुगियारी का रहने वाला बताया जा रहा है। हादसे का मुख्य कारण बाइक की स्पीड ज्यादा होना बताया जा रहा है। गगल पुलिस के पास मामला पहुंच गया है और पुलिस छानबीन कर रही है।

## टैंपो की टक्कर से दो व्यक्ति घायल

**गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत संजय फिलिंग स्टेशन कांगड़ा रोड गगल के पास टैंपो चालक दीपक गुलेरिया निवासी इच्छी तहसील व जिला कांगड़ा ने तेज रफ्तारी व लापरवाही से उपरोक्त वाहन को चलाते हुए सड़क किनारे पैदल जा रहे फिरोज निवासी मोहल्ला रावपुरी साहनपुरी जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश व फैज आलम निवासी कलहेड़ी डाकघर घनशानी तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति गगल में मजदूरी करते हैं और किराए के मकान में रहते हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज किया है।

# खनन विभाग की टीम ने अमरोह स्वां खड्ड का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



थाना देहरा की चौकी संसारपुर टैरेस के अंतर्गत अमरोह स्वां खड्ड में हुए अवैध खनन के चलते खनन विभाग की टीम वीरवार को निरीक्षण के लिए पहुंची। बुधवार को अमरोह स्वां खड्ड में स्थानीय निवासियों द्वारा पुलिस की मदद से अवैध खनन कर रही पोकलेन को घेरा डालकर पकड़ा था।

जिसको पुलिस ने हिरासत में लेकर माइनिंग चालान करके छोड़ दिया था। इसके चलते वीरवार को माइनिंग विभाग ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर पाया कि पोकलेन द्वारा अवैध माइनिंग की गई है। खनन विभाग इंस्पेक्टर अश्विनी कौंडल ने बताया कि संसारपुर टैरेस पुलिस द्वारा खनन करती पोकलेन पकड़ी गई थी। नजदीकी राज्य के क्रशर द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है जिसके ऊपर जल्द ही सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पैराग्लाइडिंग, ड्रोन फ्लाइंग पर छह मई को रहेगी रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राष्ट्रपति के प्रस्तावित प्रवास के चलते डीसी हेमराज बैरवा ने जारी किए आदेश**

धर्मशाला में राष्ट्रपति के प्रस्तावित प्रवास के दौरान छह मई को सुरक्षा की दृष्टि से कांगड़ा जिला में पैराग्लाइडिंग, ड्रोन फ्लाइंग, हॉट एयर बैलून, एयरो स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियों पर पूर्णतय प्रतिबंध रहेगा, जबकि टी-टवेंटी मैच के दौरान पांच और नौ मई को धर्मशाला उपमंडल में उपरोक्त गतिविधियों पर विराम रहेगा। इसमें पुलिस प्रशासन तथा सुरक्षा एजेंसियों को छूट रहेगी।

इस बाबत जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा ने आदेश पारित करते हुए कहा कि विशिष्ट अतिथियों तथा दर्शकों की सुरक्षा के दृष्टिगत ये आदेश जारी किए गए हैं। कोई भी संस्था, व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना करेगा तो आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस बाबत आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने के लिए पुलिस प्रशासन, उपमंडलाधिकारियों, जिला पर्यटन अधिकारी तथा पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन को भी कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी स्तर पर विशिष्ट अतिथियों तथा दर्शकों की सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो।

## आईपीएल मैच के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्लान तैयारः सीएमओ

# तीन प्राथमिक चिकित्सा कक्ष होंगे स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



एचपीसीए पदाधिकारियों के साथ बैठक करते सीएमओ।

धर्मशाला में पांच तथा नौ मई को प्रस्तावित आईपीएल टी-टवेंटी मैच के दौरान क्रिकेट स्टेडियम में तीन प्राथमिक चिकित्सा कक्ष, एक दर्शक चिकित्सा कक्ष तथा तीन एएलएस एंबुलेंस तैनात रहेंगी। यह जानकारी सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी ने वीरवार को धर्मशाला के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत पंजाब किंग्स इलेवन तथा एचपीसीए के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने के उपरांत दी। उन्होंने कहा कि खाद्य चिकित्सा अधिकारी भी तैनात कर दिए हैं। दोनों आईपीएल मैचों को लेकर स्वास्थ्य विभाग कांगड़ा ने अपनी सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है। इन दोनों क्रिकेट मैच को देखने की लिए भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमी धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम पहुंचेंगे। स्वास्थ्य विभाग जिला कांगड़ा ने भी इन क्रिकेट मैच को लेकर अपना प्लान तैयार कर लिया है और किस तरह से क्रिकेट स्टेडियम के भीतर व स्टेडियम के बाहर स्वास्थ्य व्यवस्था को बनाए रखना है इसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई हैं। जोनल अस्पताल धर्मशाला ने भी पूरी तैयारी कर ली हैं अप्रिय घटना न हो इस स्थिति से निपटने के लिए डॉ. आरपीजीएमसी टांडा और जोनल अस्पताल धर्मशाला में दो-दो आपातकालीन कक्ष आरक्षित हैं।

### ऑफ लाइन टिकट बिक्री शुरू

**धर्मशाला।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 5 मई को पंजाब और चेन्नई के बीच होने वाले महत्वपूर्ण मैच के लिए ऑफलाइन टिकट वीरवार को मिलना शुरू हो गई हैं। सुबह काउंटर खुलते ही क्रिकेट प्रेमी लाइनों में लग गए। दोपहर होते होते अधिकतर टिकटें बिक गई और काउंटर बंद कर दिया गया।

# भाषण प्रतियोगिता में सलोनी प्रथम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के प्रतिभागी सामूहिक चित्र में।

राजीव गांधी राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय नगरोटा बगवां और राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के बीबीए विभाग एवं वाणिज्य सोसाइटी के सयुंक्त प्रयास से बिजनेस ब्रिल्लियंस 2024 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोनों महाविद्यालयों के बीच हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद आयोजित किया गया ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में आपसी आदान-प्रदान हो। इस कार्यक्रम में व्यवसाय आधारित पांच विषयों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और व्यवसायिक शिक्षा आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नगरोटा कॉलेज की बीबीए की छात्रा सलोनी, दूसरे स्थान पर इसी कॉलेज की बीबीए की मनीषा और राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय नगरोटा बगवां की एमबीए की पलक तीसरे स्थान पर रही।

जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां की एमकॉम की टीम प्रथम, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग की टीम द्वितीय और नगरोटा महाविद्यालय की बीबीए टीम तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी, बीबीए समन्वयक डॉ. राजीव कुमार, प्रो. सुनीत कुमार, प्रो. रमन, प्रो. विकास चौहान, प्रो. आशु सानन, प्रो. सलिल सागर, डॉ. मंजीत, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. कुंदन शर्मा, डॉ. सोनिका, प्रो. निपुनिका, प्रो. ओंकार, प्रो. यक्षप प्रो. रीता आदि मौजूद रहे।

## प्रवाह सिंचाई योजना जांची

**धर्मशाला।** जाइका मिशन, हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-द्वितीय की प्रगति की समीक्षा करने के लिए राज्य के अपने तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इसमें जापान के दूतावास के प्रथम सचिव खाद्य और कृषि ऊटा मसामी,वाकामात्सू ईजी, काटो मारिया, प्रतिनिधि इनागाकी युकारी और विकास विशेषज्ञ, निष्ठा वेंगुर्लेकर शामिल हैं। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान और उनकी टीम द्वारा मिशन का स्वागत किया गया और जिला कांगड़ा में चल रही विभिन्न परियोजना गतिविधियों की समीक्षा की गई। सगूर और बीड पंचायत के अंतर्गत प्रवाह सिंचाई योजनाओं छू नाला और गरतुहल कूहल का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया।

# एमसीए और विधि विभाग की टीम कबड्डी सेमीफाइनल में पहुंची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में वीरवार से इंटर डिपार्टमेंट कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के निदेशक डीपी वर्मा द्वारा किया गया। इंटर डिपार्टमेंट प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें पहला मुकाबला संस्कृत विभाग और एमकॉम के बीच हुआ जिसमें संस्कृत विभाग विजेता रहा है। दूसरा मुकाबला राजनीतिक शास्त्र और एमबीए की टीम के बीच में हुआ जिसमें राजनीतिक शास्त्र की टीम विजेता रही। तीसरा मुकाबला एमसीए और इकोनॉमिक्स डिपार्मेंट के बीच में रहा जिसमें एमसीए डिपार्मेंट विजय रहा है। चौथा मुकाबला विधि विभाग और गणित विभाग के बीच में हुआ जिसमें विधि विभाग की टीम विजेता रही। सेमीफाइनल का पहला मुकाबला राजनीतिक शास्त्र और संस्कृत विभाग के बीच होगा। दूसरा सेमीफाइनल एमसीए और विधि विभाग की टीम के बीच में होगा। विश्वविद्यालय के खेल सह निदेशक अश्विनी लखनपाल ने बताया विश्वविद्यालय हर वर्ष विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन निरंतर रूप से करवाया जा रहा है इससे पहले विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया था।

# मतदान जागरूकता रैली निकाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



गुरु द्रोणाचार्य नर्सिंग कॉलेज योल कैंट के छात्र रैली निकालते हुए।

विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के अनुसार आगामी लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरु द्रोणाचार्य नर्सिंग कॉलेज योल कैंट में किया गया। इस में नर्सिंग के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबंधक बीएन रैना ने की। विधानसभा क्षेत्र 18-धर्मशाला की स्वीप टीम में नोडल अधिकारी डॉ. अमित कटोच, डॉ. जोगिंद्र सिंह, डॉ. मिथुन कुमार दत्ता, डॉ. शबाब अहमद, डॉ. पूजा कटोच, डॉ. रेखा रावत तथा विलास हंस ने इस बार इस मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने-अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई एवं उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है कि नहीं। इस को ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से चौक कर के अपना मत सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रशिक्षु छात्रों को वोट डालने तथा सभी को इस मुहिम में जुड़ने की अपील की। बाद मे एक मतदान जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर पठानिया, कॉलेज प्रवक्ता गिरजा, तन्वी, नितिन गौतम सहित सभी स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित रहे ।

**असर** अनंत ज्ञान में समाचार छपते ही अस्पताल प्रशासन आया हरकत में

# टांडा अस्पताल में बंद पड़े इमरजेंसी फोन हुए ठीक

**आशीष दमीर, कांगड़ा**


टांडा अस्पताल के इमरजेंसी फोन नंबर लंबे अर्से से बंद, लोग हो रहे परेशान
मल्टीस्पेशलिटी का दंभ भरने वाले अस्पताल में अव्यवस्था का आलम
आशीष दमीर, टांडा
यह कहना है लोगों का

अनंत ज्ञान समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार।

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में इमरजेंसी में बंद पड़े फोनों के संबंधित खबर को अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद टांडा अस्पताल प्रशासन ने तुरंत हरकत में आते हुए इन्हें ठीक करवा दिया है।

ज्ञात रहे की अनंत ज्ञान समाचार पत्र द्वारा यह लिखा गया था की टांडा अस्पताल में काफी अरसे से फोन बंद पड़े थे जिसे की यहां दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों से संबंधित उनके रिश्तेदारों को अगर किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी यहां से लेनी हो तो बंद पड़े इन फोनों की वजह से संपर्क न होने से उन्हें नहीं मिल पाती थी जिसे यहां आने वाले रोगियों के परिजन टांडा अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर असंतुष्ट व अस्पताल प्रशासन को कोसते हुए देखे जाते थे, इतना ही नहीं अगर अस्पताल से जुड़ी कोई भी जानकारी किसी ने भी लेनी होती थी तो भी उन्हें जानकारी नहीं मिल पाती थी। चलो देर आए दुरुस्त आए की कहावत टांडा अस्पताल

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

प्रशासन पर पूरी तरह स्टीक बैठती है। इस बाबत टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रशासन के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा की इसकी जानकारी आपके माध्यम से मिली थी जिस पर तुरंत प्रभाव से ही इन्हें ठीक करवाने के निर्देश जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि यहां की कोई भी समस्या उनके ध्यान में आएगी तो उसे प्राथमिकता के तौर पर तुरंत हल करवाने के प्रयास किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## बड़ोई में बताईं कांग्रेस की उपलब्धियां

**धर्मशाला।** चुनावी प्रकरण के चलते संजय सिंह चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को धर्मशाला का प्रभारी बनाए जाने पर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए वीरवार को उन्होंने धर्मशाला में प्रचार अभियान आरंभ कर दिया। संजय सिंह चौहान ने चामुंडा बड़ोई के साथ लगती पंचायत में घर-घर जाकर भाजपा की कुनीतियों और विफल निराधार योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई तथा प्रदेश में वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा 15 माह में प्राप्त की गई उपलब्धियां की जानकारी दी। उनके साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश चौधरी, रणधीर पठानिया, प्रधान योगेश कुमार, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पिंटा धीमान, राकेश धीमान उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### जंगल में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू



**सुजानपुर।** ग्राम पंचायत डेरा के जंगलों में वीरवार दोपहर अचानक आग लग गई, जिसकी सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मी मनोज कुमार ने बताया कि जंगल के बड़े हिस्से में यह आग लगी थी। जिसको बुझाने में 6 फायर ब्रिगेड कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### ग्रामीणों से अधिक से अधिक मतदान की अपील




**सुजानपुर।** स्वीप प्रोग्राम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता शिविर ग्राम पंचायत खेरी में लगाया गया। शिविर में बीडीओ राजेश्वर भाटिया ने ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में वोट देने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत के प्रधान व वार्ड मेंबर के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों से आने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में अपना वोट करने की अपील की।

### जहां लगा जुर्माने का बोर्ड, वहीं लगाए कचरे के ढेर




**शहर** में नगर परिषद के बनाए नियमों की जमकर धज्जियां उड़ रही थीं। कुछ लोग शहर की सुंदरता पर ग्रहण लगाने में लगे हुए हैं। नगर परिषद द्वारा कूड़े फेंकने पर लगाए गए जुर्माने के बोर्ड के पास ही लोगों ने कूड़े के ढेर लगा दिए। इससे यही साबित हो रहा है कि लोगों को नगर परिषद द्वारा बनाए गए नियमों का जरा सा भी डर नहीं है। वहीं ऐसे लोगों के खिलाफ नगर परिषद ने कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

### शहर का दूसरा सुंदर शौचालय बनकर तैयार




**हमीरपुर।** नगर परिषद हमीरपुर द्वारा पुराने शौचालय की दशा सुधार कर उसकी जगह सुंदर और आधुनिक शौचालय बनाए जा रहे हैं। शहर में गांधी चौक के पास सबसे अच्छा शौचालय बनकर शुरू हो चुका है। वहीं जिला न्यायालय के पास दूसरा सबसे सुंदर शौचालय बनाया गया है। आधुनिक तरीके से बनाए गए शौचालयों की लोग तारीफ कर रहे हैं। इन शौचालयों में सफाई कर्मचारी भी रखे गए हैं, जो सफाई का विशेष ध्यान रखेंगें।

### अनुराग ठाकुर 3-4 मई को करेंगे जनसभाएं

**हमीरपुर।** संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर 3 मई को प्रातः 10.30 बजे सुजानपुर पहुंचेंगे, जहां पन्ना प्रमुख सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम सुजानपुर भाजपा मंडल द्वारा स्थानीय चौगान के कला मंच में आयोजित किया जा रहा है। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री दोपहर 2 बजे नादौन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जीहण में जनसभा को संबोधित करेंगे, वहीं 3.30 बजे बल्डुहक एवं 4.30 बजे दंगड़ी और सायं 6.30 बजे जोलसप्पड़ में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री का रात्रि ठहराव उनके आवास समीरपुर में होगा। इसके साथ ही 4 मई शनिवार को भोरंज एवं बड़सर भाजपा मंडलों के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोटा में पहुंचेंगे, वहीं दोपहर बाद 2 बजे हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। दोपहर अढ़ाई बजे ग्राम पंचायत नारा, 3.30 बजे ग्राम पंचायत चंगर, 4.30 बजे ग्राम पंचायत धनेड़, 5.30 बजे ग्राम पंचायत ललीन, 6.30 बजे ग्राम पंचायत बाड़ी फरनोल और सायं 7.30 बजे वार्ड नंबर 10 गौड़ा में जन सभाओं को संबोधित करेंगे। यह जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने दी।

# जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे बच्चे, ग्रामीणों को भी परेशानी

## टौणी देवी में एनएच निर्माण के चलते रास्ता बंद, एनएच प्रबंधन को नहीं है कोई परवाह

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**



टौणी देवी में रास्ता बंद होने पर जोखिम उठाकर गुजरते बच्चे व अभिभावक।

एनएच के निर्माण कार्य के चलते लगभग एक माह से डीएवी स्कूल टौणी देवी के साथ ही ग्रामीणों का रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे स्कूल जाने वाले छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों व ग्रामीणों को बहुत परेशानी हो रही है, लेकिन एनएच निर्माण कंपनी को इसकी कोई परवाह नहीं है। इससे छात्रों व अन्य को खतरनाक पगडंडियों से गुजरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।

हमीरपुर से अवाहदेवी मुख्य मार्ग पर इन दिनों एनएच का सड़क कार्य तेजी से चला हुआ है और कंपनी की लेटलतीफी के चलते यह कार्य काफी समय से सुर्खियों में है तथा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी का शिकार अब टौणी देवी स्थित डीएवी स्कूल के बच्चे व शिक्षक हो रहे हैं। टौणी देवी के अस्पताल चैक से डीएवी स्कूल को रास्ता जाता है तथा अब यहां पर एनएच डंगा लगाने की तैयारी में है।

इसके लिए खुदाई कर दी गई और लगभग 15 फीट से अधिक लंबा सरिया डंगे को भरने के लिए खड़ा कर दिया गया है। कार्य को शुरू किए हुए लगभग एक माह का समय हो गया है, लेकिन अभी तक इसे भरने का कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिससे स्कूल के बच्चों का फिलहाल सरियों में घुसकर या दूसरे के घरों के लिए बने रास्तों से प्रवेश लेकर स्कूल पंहुचना पड़ रहा है, जिससे हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। ऐसे में अभिभावक भी बच्चों के प्रति चिंतित है। स्कूल के प्रधानाचार्य मोहिंद्र सिंह का कहना है कि इस बारे एनएच निर्माण कंपनी व अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। डंगे के कार्य को भी कंपनी ने कई दिनों से रोक दिया है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान व रास्ता बनवाने की मांग की है।

वहीं ग्राम पंचायत बारीं के प्रधान रविंद्र ठाकुर व टपरे के प्रधान दीवान चंद ने एनएच कंपनी की लापरवाही पर आक्रोश जताते हुए कंपनी व प्रशासन से स्कूल के लिए बेहतर रास्ता जल्द बनाने की मांग की है। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों व एनएच को भी पत्र भेजा गया है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई जल्द न की गई तो वह आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# एनआईटी हमीरपुर में पांच दिवसीय ई-एसटीसी शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**वायरलेस संचार में शॉर्ट टर्म कोर्स ई-एसटीसी अनुसंधान और ज्ञान को बढ़ावा देगा : सूर्यवंशी**

एनआईटी हमीरपुर 2 से 6 मई तक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग, वायरलेस संचार और अन्य अनुप्रयोगों के लिए अगली पीढ़ी के आरएफ से तेराहर्ट्ज डिवाइस पर एक ऑनलाइन शॉर्ट टर्म कोर्स (ई-एसटीसी) का आयोजन कर रहा है। इस कोर्स का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने किया।

इस दौरान डीओईसीई के हेड डॉ. अश्वनी कुमार राणा, सहायक प्रो. डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद सह-समन्वयक सहायक प्रो. डॉ. अमित बागे और सहायक प्रो. डॉ. सौरभ उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह डॉ. चंद्र शेखर प्रसाद ने स्वागत भाषण के साथ शुरू किया। ई-एसटीसी में देश भर से विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों, संगठनों के लगभग 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

डॉ. सौरभ कुमार ने प्रतिभागियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ ई-एसटीसी के उद्देश्य को साझा किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी के युग में वायरलेस संचार हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए यह ई-एसटीसी इस क्षेत्र में अनुसंधान, विकास और ज्ञान को बढ़ावा देगा। ई-एसटीसी के अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार राणा ने विभाग की उपलब्धियों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी ने संस्थान द्वारा प्राप्त उपलब्धियों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। उन्होंने एनआईटी हमीरपुर परिसर में इस वर्ष आयोजित होने वाली आगामी गतिविधियों जैसे एसटीसी, एफडीपी और विभिन्न विषयों में सम्मेलन आदि के बारे में प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों को विशेष रूप से जानकारी दी। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के संकायों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

# अनुराग ठाकुर अपने 20 सालों का हिसाब जनता के सामने रखें : संजीव

**अनंत ज्ञान, गलोड़**



लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों के कार्यकर्ताओं की एक दूसरे के प्रति कड़ी टिप्पणियां बढ़ती जा रही रही हैं। पूर्व कांग्रेस सरकार में हिमाचल प्रदेश दिव्यांग बोर्ड के सदस्य व मौजूदा खास गलोड़ पंचायत के प्रधान संजीव शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस बार हमीरपुर संसददीय क्षेत्र से लोग नए चेहरे को अपना सांसद देखना चाहते हैं।

संजीव ने कहा कि अनुराग अपनी 20 वर्षों की उपलब्धियां को जनता के सामने रखें। उन्होंने 20 वर्षों तक सांसद रहकर हमीरपुर जिला के लिए क्या-क्या काम किया, जिन्हें जनता याद रखें। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर अब टीवी पर ज्यादा नजर आते हैं और इस बार जनता उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने के लिए आतुर है। इस बार अनुराग ठाकुर की रेल उनका खेल बिगाड़ेगी।

विदित रहे कि इस बार कांग्रेस पार्टी ने पूर्व विधायक रायजादा को उम्मीदवार बनाया है। रायजादा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के भी काफी नजदीक माने जाते हैं।

उन्होंने कहा कि धनबल के माध्यम से जन बल को हराने की भाजपा नाकाम कोशिश कर रही है, लेकिन जनता अपने मत का प्रयोग सोच समझकर करेगी और अनुराग की इस बार हार होगी।

# जिले के प्री प्राइमरी स्कूलों में इस बार 991 अधिक बच्चों ने लिया दाखिला

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में प्री प्राइमरी की कक्षाएं शुरू करने का फायदा छोटे बच्चों को मिल रहा है। प्री प्राइमरी की गत वर्ष कक्षाएं शुरू की थी जिसके तहत इस वर्ष बच्चों की एनरोलमेंट में इजाफा हुआ है। जिले में कुल 460 प्राथमिक पाठशालाएं है, जिनमें से 412 स्कूलों में प्री प्राइमरी की कक्षाएं चलाई जा रही हैं।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्री प्राइमरी में ही 2623 बच्चों ने दाखिला लिया था। जिसमें तीन प्लस आयु के बच्चों का नर्सरी में, चार प्लस आयु के बच्चों का एलकेजी में और पांच प्लस आयु के बच्चों का यूकेजी में दाखिला लिया। इस सत्र में भी अभी तक 3614 बच्चे एनरोल हो चुके हैं, जिसमें पिछले वर्ष के मुकाबले 991 बच्चों नए आए हैं। यानि इस वर्ष 991 बच्चों के अभिभावकों ने सरकारी स्कूल में अपना विश्वास जताया है। शिक्षा विभाग से मिले आंकड़ों के आधार पर नर्सरी में 425 लड़कों, 480 लड़कियों ने, एलकेजी में 717 लड़कों ने व 718 लड़कियों ने तथा यूकेजी में 598 लड़कों व 607 लड़कियों ने दाखिला लिया है।

गौर रहे कि जिला के एकमात्र सरकारी स्कूल समीरपुर में सबसे अधिक बच्चों ने दाखिला लिया है इस स्कूल में 71 बच्चों ने प्री प्राइमरी में दाखिला लिया है, वहीं राजकीय प्राथमिक पाठशाला समीरपुर पिछले 14 वर्षों से बच्चों को ट्रांसपोर्ट की सुविधा भी उपलब्ध करवा रही है। बच्चों के अभिभावकों ने इस व्यवस्था को शुरू करवाने में अहम योगदान रहा है।

इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि प्री प्राइमरी में पिछले साल के मुकाबले बच्चों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि इससे सरकारी स्कूलों का ढांचा सुदृढ़ होगा और बच्चों का उत्थान भी होगा।

### मेडिकल कॉलेज फीडर का कल होगा संचालन : एसडीओ

**रंगस।** नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज फीडर को 4 मई को दोपहर 1:00 बजे पूर्ण रुप से संचालन में लाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल रंगस के एसडीओ संदीप सांगल ने इस फीडर के आसपास रहने वाले सभी लोगों को सावधान रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान फीडर पर किसी भी असामान्य स्थिति की सूचना तुरंत बिजली बोर्ड सबस्टेशन रंगस के दूरभाष नंबर 01972-241042 पर दी जा सकती हैं। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### जन्म-मृत्यु पंजीकरण सीएमओ की बजाय संबंधित पंचायतों में हो : सेन

**हमीरपुर।** जन्म व मृत्यु का पंजीकरण प्रदेश में सीएमओ के बजाय संबंधित ग्राम पंचायतों में होना चाहिए, जिससे जन्म व मृत्यु का प्रमाण पत्र लेने के लिए लोगों को दूरदराज के क्षेत्रों से जिला हेडक्वार्टर में स्थित सीएमओ के कार्यालयों में अपना समय बर्बाद करके तथा किराया खर्च करके नहीं आना पड़ेगा। यह मांग प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने प्रदेश सरकार से की है। उनका कहना है कि जब हर पंचायत के पास लेखा-जोखा रखने वाला ट्रेंड सेक्रेटरी हैं, तो लोगों को इस छोटे से काम के लिए क्यों धक्के खाने पड़ें। उन्होंने जनहित में लोगों को इस परेशानी से निजात दिलाने की मांग की है।

### होनहार छात्रा श्रुति शर्मा को हड़ेटा पंचायत करेगी सम्मानित



**गलोड़।** क्षेत्र की हड़ेटा पंचायत के भालू गांव की श्रुति शर्मा ने जमा दो की विज्ञान संकाय की परीक्षा में प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है। श्रुति ने 500 में से 492 अंक लिए हैं। इस उपलब्धि पर हरेटा पंचायत श्रुति को सम्मानित करेगी। विदित रहे कि श्रुति हमीरपुर के एसडी पब्लिक स्कूल की छात्रा है और माता-पिता के साथ हमीरपुर में रहकर पढ़ाई कर रही है। श्रुति के पिता राजेश शर्मा और माता सुमन भी अध्यापक हैं। अहम यह है कि श्रुति के दादा जगदीश चंद्र शर्मा भी अध्यापक थे। बेटी की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार सहित गांव के लोगों में खुशी का माहौल है। पंचायत प्रधान तृप्ता देवी व उपप्रधान संजय शर्मा ने बताया कि श्रुति को जल्द सम्मानित किया जाएगा।

# कांग्रेस को चुनाव लड़ाने के लिए दिल्ली से लाने पड़ रहे नेता : मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन, प्रभारी डॉ. महेश ने वर्करों में भरा जोश, काजल बोले- कांग्रेस जनता को कर रहे गुमराह**

गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र शाहपुर में भाजपा मंडल शाहपुर की ओर से पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और चंबा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी डॉ. महेश शर्मा ने कार्यकर्तायों को संबोधित किया।

पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. महेश ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर विपक्ष के नेता भी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आज पूरे देश में मोदी की लहर है। विपक्ष के सभी लोग आ इक्कठे होकर मोदी को हराने में जुटे हैं लेकिन उनका ये सपना कभी पूरा नहीं होगा। इस दौरान पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की चाल और चरित्र को पहचान चुके हैं।

मनकोटिया ने काह कि कांग्रेस को चुनाव लड़ाने के लिए नेता दिल्ली से लाने पड़ रहे हैं। भाजपा हिमाचल की चारों सीटों को जीतकर नरेंद्र मोदी को मजबूत करेगी। भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज एक मजबूत और ईमानदार व्यक्ति हैं। वह लोकसभा में जाकर हिमाचल की जनता की बात प्रमुखता से रखेंगे। इसके बाद कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन हो चुकी है। ये लोग लगातार झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

इस उपरांत शाहपुर की पूर्व विधायक और मंत्री सरवीण चौधरी ने कहा कि शाहपुर के विधायक लगातार झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। यहां के विधायक पूर्व सरकार के कामों पर अपना फट्टा लगाकर लोगों में झूठ का प्रचार कर रहे हैं। शाहपुर की जनता अब कांग्रेस का चेहरा पहचान चुकी है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला महामंत्री राकेश चौहान, जिला महासचिव देवेंद्र कोहली, प्रदेश महिला सचिव रजनी ठाकुर, जिला आईटी संजोयक जसविंद्र राणा, पन्ना प्रमुख सम्मेलन प्रभारी विनय शर्मा, मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा और शाहपुर मंडल व युवा मोर्चा ले पदाधिकारी मौजूद थे।

# गौतम कॉलेज के छात्रों का तकनीकी विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में दबदबा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




गौतम कॉलेज के मेधावी विद्यार्थी।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परिणामों में गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर के सातवें सेमेस्टर की दीपिका ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान, मोहित शर्मा ने दूसरा स्थान, मुस्कान तथा पायल ने चौथा स्थान हासिल किया और पांचवें सेमेस्टर की मुस्कान अरुन्धती राणा तथा पूनम पटियाल ने क्रमश चौथा, पांचवा तथा सातवां स्थान हासिल किया।

इसी महाविद्यालय के तीसरे सेमेस्टर की बरवाल तेजस्विनी संजीव, श्रुति ठाकुर ने चौथा एवं अंकिता भाटिया ने पांचवां स्थान, साक्षी ठाकुर, वर्षा रानी, तनिषा ठाकुर, आंचल कुमारी ने दसवां स्थान हासिल किया। इस क्रम को जारी रखते हुए बी फार्मेसी के प्रथम सेमेस्टर के दो छात्रों आदित्य एवं रश्मि ठाकुर ने क्रमश पांचवां एवं नौवां स्थान प्राप्त किया। इन सेमेस्टरों में प्रदेश भर के 23 निजी तथा सरकारी संस्थानों के हजारों छात्रों ने परीक्षा दी थी।

# छिन्न-भिन्न हो रहा कांग्रेस का संगठन : सौदान सिंह

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी, हमीरपुर**



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह को सम्मानित करते भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर क्षेत्र प्रभारी सौदान सिंह अपने प्रवास के दूसरे दिन जिला ऊना के कुटलैहड़ मंडल के पश्चात जिला हमीरपुर के बड़सर मंडल की बैठक में पहुंचे जहां पर भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने सम्मानित किया।

इस दौरान सौदान सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व सरकार के प्रत्येक नेताओं में झूठ बोलने की होड़ में एक दूसरे से आगे निकलने के लिए नित्य प्रयास कर रहे हैं। सौदान ने कहा कि कांग्रेस का संगठन छिन्न-भिन्न हो रहा है और ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार के काम व योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार विकास विरोधी और विधायकों की समस्याओं का समाधान न करना ऐसी छवि को पिछले डेढ़ साल में बना चुकी है। कांग्रेस के 6 विधायकों और 3 आजाद विधायकों ने मुख्यमंत्री व कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर अनेक प्रकार के सवाल खड़े किए।

सौदान ने कहा कि प्रदेश का राजनीतिक वातावरण भाजपा और मोदी के पक्ष का है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार देश के विकास के लिए, गरीब के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। पूर्व के विकास कार्यों को बंद करने का काम भी हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार कर रही है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में हजारों परिवार ऐसे है, भारी बरसात के कारण जिनके खेत, खलियान व भूमि बह गई, उन्हें मुआवजे के तौर पर कुछ नहीं मिला है और जो 17,863 करोड़ रूपए केंद्र की सरकार ने दिए और 11 हजार पक्के मकान दिए। हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार भविष्य में संस्थान बंद करने वाली सरकार के नाम से जानी जाएगी। सौदान ने कहा कि चुनाव में वोट मांगते समय कांग्रेस पार्टी से और मुख्यमंत्री से हिमाचल की जनता जानना चाहती है कि उन्होंने खुले हुए व चलते हुए संस्थान क्यों बंद कर दिए? उन्होंने कहा इस चुनाव में मतदाता सिर्फ मोदी सरकार के विकास कार्यों के आधार पर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करेगा।

इस मौके पर प्रदेश सचिव एवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुमित शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, जिला महामंत्री अजय शर्मा, अभयवीर लवली, कमलनयन, संसदीय विस्तारक अमित शर्मा, प्रदेश युवा मोर्चा महामंत्री सन्नी शुक्ला, मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल व दोनों मंडल महामंत्री संजीव शर्मा मुकेश बनयाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# न मोदी की गारंटी चलेगी और न ही अनुराग जीत पाएंगे : अनीस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



अनीस अहमद पत्रकारों को संबोधित करते हुए, साथ हैं अन्य।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रभारी एवं कांग्रेस स्टार प्रचारक अनीस अहमद ने सुजानपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में लोग खुलकर आगे आ रहे हैं और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी जो 20 वर्षों से जीत दर्ज करते आ रहे हैं वह रोजगार स्वरोजगार विकास यहां पर लाने में बिल्कुल अनफिट हुए। वह रोजगार के नाम पर युवाओं को हेलमेट और क्रिकेट किट देते हैं। हमीरपुर में ट्रेन पहुंचनी थी लेकिन नहीं पहुंची।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को पार्टी ने लोकसभा का टिकट दिया है। वो जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्र की मोदी सरकार हिमाचल में आपदा के दौरान कहां गायब रही। चुनाव प्रचार के समय यह लोग यहां आ जाते हैं, लेकिन बुरे वक्त में यहां से गायब हो जाते हैं। लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा के समय बेहतरीन काम करके बता दिया है बिना केंद्र की सहायता से हजारों करोड रुपए का बजट हिमाचल की जनता के लिए सुरक्षित रखा है।

इस मौके पर पॉल्यूशन बोर्ड के सदस्य अरुण ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जापान में पीएचडी करेगा विक्रांत

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय से नजदीकी क्षेत्र गांव खैडा के युवक विक्रांत चंदेल (25) पुत्र प्रवीण चंदेल को जापान की रिकेन यूनिवर्सिटी ने यहां से पीएचडी करने बारे चयनित किया है, जिसके चलते रिकेन यूनिवर्सिटी द्वारा 5 वर्ष का स्टडी वीजा भी उसे भेजा गया है।

उसकी सिलैक्शन बायोलॉजी क्षेत्र में पीएचडी के लिए हुई है। विक्रांत के पिता प्रवीण चंदेल बी.एस.एफ. से सेवानिवृत्त हैं और माता मोनिका चंदेल गृहिणी हैं। विक्रांत ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने दादा स्व रत्तन चंद, अपने पिता प्रवीण चंदेल, माता मोनिका और अपने अध्यापकों को दिया है। विक्रांत 20 मई को जापान के लिए रवाना होगा।

**चुनाव** | **जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को दिए निर्देश**

# मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित करें आवश्यक सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने जिले के सभी एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें, ताकि एक जून को मतदान प्रक्रिया सुचारू ढंग से पूर्ण हो सके।

उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 36-भोरंज, 37-सुजानपुर, 38-हमीरपुर, 39-बड़सर और 40-नादौन में स्थापित होने वाले कुल 532 मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं के अलावा दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की मदद के लिए भी पर्याप्त प्रबंध होने चाहिए। जिले के 18 मॉडल पोलिंग स्टेशनों पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जाएंगी। केवल महिला अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा ही संचालित किए जाने वाले 10 मतदान केंद्रों पर भी विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुजानपुर और बड़सर में लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा के लिए भी मतदान होना है। इसलिए, इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त प्रबंधों की आवश्यकता रहेगी। इन क्षेत्रों के बूथों के मतदान दलों में दो-दो अतिरिक्त मतदान अधिकारी तैनात किए जाएंगे।

### 4 मई को स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी हमीरपुर विस क्षेत्र की ईवीएम-वीवीपैट

**हमीरपुर।** एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए ईवीएम-वीवीपैट मशीनों की प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के लिए आवंटित ईवीएम-वीवीपैट मशीनों को 4 मई को दोपहर बाद विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा और स्ट्रांग रूम को सील कर दिया जाएगा। यह स्ट्रांग रूम ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के कमरा नं.-210 में स्थापित किया गया है। एसडीएम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे 4 मई को दोपहर बाद ईवीएम-वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में रखने और स्ट्रांग रूम को सील करने की प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहें।

# लोकसभा में कांग्रेस को हिमाचल से नहीं मिल रहे प्रत्याशी : सत्ती

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**कहा-एक महीने बाद भाजपा की दो-दो सरकारें बनेंगी**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कोटला कलां में देवेंद्र भुट्टो के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान ऊना सदर से विधायक और कुटलेहड़ चुनाव प्रभारी सतपाल सत्ती ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक महीने बाद भाजपा की एक नहीं, बल्कि दो सरकारें बनेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मोदी सरकार बनने के साथ ही हिमाचल में भी भाजपा की सरकार बनेगी। सत्ती ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता बोलते फिर रहे हैं कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार को कोई खतरा नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के पास 34 विधायक हैं और भाजपा के पास सिर्फ 25 विधायक हैं।

सत्ती ने कहा कि जब कांग्रेस राज्यसभा सीट हारी थी, तब भी हमारे पास 25 विधायक ही थे। उन्होंने प्रदेश सरकार पर विकास कार्य ठप करने के भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद प्रदेश में सैकड़ों सरकारी कार्यालय बंद कर दिए गए। पहली कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा करने वाली सरकार 15 महीनों में एक भी रोजगार नहीं दे पाई। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ सरकार ने धोखा दिया है। सत्ती ने कहा कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अनुराग ठाकुरन से पूछ रहे हैं कि अनुराग ने क्या कार्य किए हैं कांग्रेस प्रत्याशी यह बताएं कि यदि उन्होंने अपने इलाके में एक भी ईंट लगाई है तो वह बताएं कि कहां पर लगाई है। अनुराग ठाकुर ने इस इलाके में नौ रेलें, पीजीआई सेटेलाइट सेंटर ट्रिपल आईटी, बल्क ड्रग समेत बड़े-बड़े कार्य करवाए हैं। मोदी की गारंटी पक्की गारंटी है। जो मोदी बोलते हैं, वह करते हैं। कश्मीर में अब हमारे जवान बिलकुल सुरक्षित हैं। अब कोई भी हमारे जवानों पर पत्थर मारने की हिम्मत नहीं जुटा पाता।

सत्ती ने अपील की कि देश के विकास और देश की सुरक्षा के लिए भाजपा के लिए वोट करें। इस अवसर पर रवि सैनी, बलबीर सेठ, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, दर्शन सैनी, अशोक कुमार, कोटला कलां की प्रधान राज सैनी, अश्वनी कुमार समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस ने 4 युवकों से पकड़ा चिट्टा

## गगरेट और मैहतपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, जांच में जुटी

अनंत ज्ञान, गगरेट/मैहतपुर

उपमंडल क्षेत्र के तहत गगरेट पुलिस ने दो स्थानों पर तीन युवकों से 4.48 ग्राम चिट्टा पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। चिट्टे के यह मामले गगरेट के कलोह बेली चौक (2.60 ग्राम) व रामा मंदिर अंदौरा के समीप (1.88 ग्राम) के हैं।

मामले के तीनों आरोपी उपमंडल क्षेत्र अंब के रहने वाले हैं, जिनकी पहचान 29 वर्षीय मंगलेश शर्मा निवासी वार्ड-3, अंदौरा निचला तहसील अंब व दूसरे मामले में 29 वर्षीय राहुल निवासी प्रताप नगर अंब, तहसील अंब व 44 वर्षीय लक्की निवासी वार्ड-4, हीरा नगर, तहसील अंब-ऊना के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना गगरेट की टीम कलोह बेली चौक के समीप प्रतिदिन की तरह गश्त पर थी। इस दौरान मंगलेश शर्मा निवासी अंब पुलिस की टुकड़ी को देखकर घबरा गया। जब पुलिस कर्मचारियों ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास के 2.60 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने मामले के आरोपी से बरामद नशे को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरे मामले में गगरेट पुलिस के कर्मचारी रामा मंदिर अंदौरा के समीप वाहनों की चेकिंग के लिए खड़े थे।

इस दौरान स्कूटी पर सवार दो व्यक्तियों राहुल व लक्की निवासी अंब को जांच के लिए रोका तो पुलिस को देखकर उनके हाव-भाव बदल गए। जब उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 1.88 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। वहीं, एसपी राकेश सिंह ने कहा कि पुलिस चिट्टे के दोनों मामलों की निष्पक्षता से जांच में जुट गई है। वहीं, मैहतपुर पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 13.13 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। बुधवार देर शाम को पकड़े गए आरोपी की पहचान उदय कुमार, खेम चंद गांव मलवाना तहसील बल्ह मंडी के तौर पर हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

### कंपनी प्रबंधन ने लगाया कर्मचारी पर गबन का आरोप

**ऊना।** सदर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति पर कंपनी प्रबंधन ने गबन करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता मदन खन्ना पुत्र विनय खन्ना निवासी-3834, गली नंबर 7ए ,गुरुद्वारा के पास, टोंडन नगर बटाला रोड, अमृतसर,पंजाब हाल सर्किल मैनेजर ऊना शाखा दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड (कंपनी) जयपुर ने बताया उनको कंपनी के कर्मचारी बलजीत सिंह की ओर से कंपनी की 1,51,190 रुपए राशि का बेईमानी से गबन कर लिया है। इस संदर्भ में उपरोक्त बलजीत सिंह पुत्र दविंदर सिंह निवासी गांव डब्बा वाला कलां थाना अरनिवाला जिला फाजिल्का पंजाब के विरुद्ध मामला दर्ज कर मामले को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नियमों की अवहेलना पर काटे चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ऊना द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने पर कुल वाहनों के 108 चालान किए गए व जुर्माने के रूप में कुल 22,600/- रुपए प्राप्त किए गए हैं। वहीं, ऊना जिले में सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर 6 व्यक्तियों का चालान धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत किया गया व जुर्माने के रूप में कुल 550 रुपए प्राप्त किए गए हैं। जिला पुलिस द्वारा अवैध खनन अधिनियम के तहत अवैध खनन करने पर एक वाहन का चालान किया गया व जुर्माने के रूप में कुल 5115 रुपए प्राप्त किए गए हैं।

### गाड़ी से 42,400 रुपए की नकली करंसी पकड़ी

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक वाहन से 42400 रुपए की नकली करंसी बरामद की है। पुलिस ने चिंतपूर्णी के साथ एक नाके पर गाड़ी की तलाशी ली जिसमें कोई सवार नहीं था। गाड़ी नंबर पीबी 29 एल-6830 की तलाशी लेने पर उसमें 42,400 रुपए की नकली करंसी रखी गई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# भाजपा में वापस आकर अच्छा महसूस हो रहा : देवेंद्र भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा



पत्रकारों से बातचीत करते देवेंद्र भुट्टो।

कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व में रहे विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने केंद्र में मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। वहीं, राज्य की सुक्खू सरकार के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल को एक काला अध्याय करार दिया। भुट्टो ने कहा कि वह बीस वर्ष पहले भी भाजपा में रहे हैं और भाजयुमो से लेकर प्रदेश स्तर तक कई पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। कांग्रेस में जाना एक काले सपने जैसा है। अब भाजपा यानी घर वापस आया हूं। खुद को अच्छा महसूस हो रहा है।

जिन नेताओं के साथ पार्टी के झंडे लगाए थे, आज उनके साथ चलकर गर्व महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र से चार बार जीतकर वीरेंद्र कंवर विधानसभा पहुंचे हैं और मंत्री भी रहे हैं। वह राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी में नाराजगी चलती रहती है।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर हमीरपुर लोकसभा के चुनाव प्रभारी भी हैं, जिनके मार्गदर्शन से कुटलैहड़ भाजपा मंडल मोर्चे प्रकोष्ठ सभी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। जब बड़ी जनसभा होगी तो पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर मंच भी साझा करेंगे।

कुटलैहड़ में भाजपा एकजुट होकर चुनाव प्रचार कर रही है। भीतरघात का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। भुट्टो ने कहा कि बीते चुनाव में साढ़े सात हजार की बढ़त से चुनाव जीता है।

उस समय कुटलैहड़ की जनता को कांग्रेस सरकार से आस थी, लेकिन सुक्खू सरकार ने डेढ़ वर्ष में अपनी दस गारंटियों को बैग में ही रखा। एक भी पूरी नहीं हुई। अब कुटलैहड़ की जनता सुक्खू सरकार से दुखी होकर भाजपा के समर्थन में उतर चुकी है। इसलिए पहले से डबल बढ़त से जीत का दावा करता हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रणव चौहान ने मैथ में 100 में से 100 अंक



**गोंदपुर बनेहड़ा।** श्री साइ बाबा स्कूल नंगल जरियाला के प्रणव चौहान ने प्लस टू की वार्षिक परीक्षा परिणाम में 92 प्रतिशत अंक लेकर परचम लहराया। प्रधानाचार्य घनश्याम ने बताया कि साइंस में प्रणव चौहान ने 92 फीसद के साथ व मैथमेटिक्स में 100 में से 100 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रणव ने केमिस्ट्री में 95, बायोलॉजी में 91, फिजिक्स में 92 फीसद अंक हासिल किए। पलशीन 89 फीसद अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। इसके साथ ही प्रिया भारद्वाज ने 85 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया प्रधानाचार्य ने इसके लिए अध्यापकों उनके माता-पिता, बच्चों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्कूल का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रणव चौहान के माता-पिता अध्यापक हैं। प्रणव चौहान के पिता राजीव ठाकुर गोंदपुर बनेहड़ा में सरकारी स्कूल में डीपी के पद पर कार्यरत हैं।

### रिधम के 12वीं में 92.2 फीसद अंक, सम्मानित

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के जमा दो के छात्र रिदम डढ़वाल ने साइंस स्काय में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उसने इसका श्रेय अपने अध्यापकों को दिया है। उसने बताया कि वह एनडीए की परीक्षा के लिए मेहनत करेगा और यही उसका लक्ष्य है । इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल सरला ठाकुर ने पाठशाला में बढ़िया अंक लेकर पास होने वाले छात्रों को बधाई दी है।



रिधम डढवाल को सम्मानित करते भंजाल पाठशाला के अध्यापक।

### नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता का साई लॉ कॉलेज विजेता



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्यातिथि के साथ प्रतिभागी।

**हरोली।** हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेडा में तीन दिवसीय नेशनल मूट कोर्ट के समापन अवसर पर प्रदेश विश्वविद्यालय के विधि विभाग के रिटायर प्रो. एनके गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि छात्रों को इस प्रकार के आयोजनों में हिस्सा लेना चाहिए। इस प्रतियोगिता में डीएमबी साई लॉ कॉलेज को विजेता घोषित किया गया। दूसरे स्थान पर रियात बहारा विश्वविद्यालय खरड़ की टीम रही । वेस्ट स्पीकर का खिताब रियात कॉलेज रेल माजरा तथा वेस्ट मेमोरियल का खिताब रियात विश्वविद्यालय खरड़ ने अपने नाम किया। संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह और प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने बताया कि सभी टीमों ने इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया। मूट कोर्ट सोसायटी की समन्वयक एकता सूद, सहायक प्रो. डॉ. संदीप कुमारी ने इस प्रतियोगिता में सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। हिमकैप्स संस्थान के छात्रों ने भी इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई।

### सांप के काटने पर करवाएं डॉक्टरी इलाज : सुशील


डीएफओ का स्वागत करते स्कूल प्रबंधक।

**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में वन्य जीवन के प्रति जागरूकता लाने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का नेतृत्व सुशील कुमार राणा (डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर, ऊना) व उनकी टीम के द्वारा किया गया। उन्होंने वन और वन्य जीवन के बारे में बताया कि जंगल क्यों जरूरी हैं? जंगलों में आग लगने के कारणों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आजकल मानव की गलतियों की वजह से जंगलों में आग लग रही है । मनुष्य जानबूझकर अपने हित के लिए जंगलों को काटकर व आग लगाकर हानि पहुंचा रहा है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है तथा ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी के तापमान में वृद्धि हो रही है। यह धरती के साथ-साथ इंसानों के लिए भी हानिकारक है। सांप के काटने पर अंधविश्वास में न पड़कर डॉक्टरी इलाज करवाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट राज वशिष्ट, निदेशक अनुज वशिष्ट, प्रधानाचार्य दीपक कौशल व स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे। स्कूल के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट राज वशिष्ट ने सुशील कुमार राणा का धन्यवाद किया।

# किसान संगठन की समस्याओं और सुझावों पर किया विचार-विमर्श

अनंत ज्ञान, ऊना

वीरवार को मिल्की ऊना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड किसान उत्पादक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नाबार्ड ऊना के प्रबंधक सवरीना राजबंशी व विशेष रूप से पशुपालन विभाग से डॉक्टर राकेश भट्टी ने उपस्थित दर्ज करवाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के चेयरमैन प्रकाश चंद टांगू ने की किसान संगठन की विभिन्न समस्याओं तथा सुझावों पर चर्चा की गई। इसमें दूध को खरीदकर अपने राज्य में अच्छे दामों में बेचना व बाहरी राज्य में विक्रय किए जाने के संबंध में अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य रूप से एफपीओ अंतर्गत जुड़े हुए किसान वर्ग के होने के कारण शेयर होल्डर में समस्याओं पर चर्चा की गई एवं एफपीओ को संचालन करने में दिक्कतें होने पर विचार-विमर्श व आय व्यय पर गहनता से चर्चा की गई। इस अवसर पर नवज्योति यूथ वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक बलराम महें, अध्यक्ष नवीन महें किसान उत्पादक संघ के डारेक्टर ललिता शर्मा, शकुंतला संधु, सुभाष चंद, हरजिंद्र सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



किसान उत्पादक संघ की बैठक में मौजूद गणमान्य।

# विवेक शर्मा ने लिया मां चिंतपूर्णी का आशीर्वाद

राजेश ठाकुर, बंगाणा


माता चिंतपूर्णी में अपने समर्थकों के साथ विवेक शर्मा विक्कू।

**बोले-कुटलैहड़ को ठेके पर देने वालों की जनता करेगी नीलामी**

प्रदेश में हो रहे उपचुनाव के चलते गर्मी के साथ सियासी गर्मी तेज होने लगी है और पारा सामान्य से बहुत ऊपर चल रहा है। सबसे ज्यादा गर्म ऊना जिले में 2 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। वहीं, आपको बता दें कि कुटलैहड़ हलके से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो और वर्तमान प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू के बीच रहा है और दोनों तरफ से जुबानी हमले हो रहे हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी विक्कू वीरवार सुबह प्रसिद्ध मंदिर माता चिंतपूर्णी पहुंचे और मां का आशीर्वाद लिया। वहीं, उन्होंने अनौपचारिक पत्रकार वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 14 महीनों में कुटलैहड़ में हुए ठेकों के टेंडर में धांधली हुई है जिसके बारे में जल्द ही खुलासा होगा और पूरे तथ्य जनता के सामने रखे जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुटलैहड़ को ठेके पर बेचने वाले लोगों को अब जनता भी नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि ठेके तोड़ कर चहेतों को फायदा पहुंचाने के बारे भी जनता को अवगत करवाया जाएगा कि किस प्रकार भोली-भाली जनता को बेवकूफ बनाकर उनके साथ खिलवाड़ किया गया।

उन्होंने बताया कि जो कहते थे कि मैं और मेरे परिवार का कोई भी व्यक्ति ठेकेदारी नहीं करेगा, उनके घर में आज ठेकेदारों की फौज तैयार है, जो फिर जनता को बेवकूफ बना रही है। विधायक बनने के बाद उन्होंने सबसे पहले अपने बेटे का ठेकेदारी का लाइसेंस बनाया और नंबर वन ठेकेदार की श्रेणी में दर्ज करवाया।

उन्होंने कहा कि अपने बेटे के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए जाली दस्तावेजों के साथ ठेकेदारी का प्रमाण पत्र बनाया गया, जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने बेटे की जिंदगी के साथ इतना बड़ा खिलवाड़ कर सकता है, तो जनता को बेचना इनके लिए मामूली सी बात है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के हितों की तो क्या बात करनी अपने हितों के लिए यह व्यक्ति धोखा कर रहा है। आज उनके साथ चलने वाले 80 फीसदी लोग ठेकेदारी से जुड़े हैं, जो इनके लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किस प्रकार से अधिकारियों पर दबाव बनाया गया और किन परिस्थितियों में ठेकों को अपने चहेतों को दिया गया यह सब बातें जांच का विषय है और जनता जनार्दन को इन सब से वाकिफ करवाया जाएगा।

हारे नेताओं को कांग्रेस द्वारा टिकट देने की बात पर विवेक शर्मा ने कहा की सारी जनता जानती है की जो व्यक्ति बीडीसी के चुनाव में अपनी जमानत जब्त करवा चुके हैं और उनसे किस बात का मुकाबला। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति तो केवल और केवल लोगों को भ्रमित करने में लगे रहते हैं।

# अमन कुमार को चुना स्टेट को-ऑर्डिनेटर

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा


एंटी क्रप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम के सदस्य।

**घनारी में हुई एंटी क्रप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की बैठक**

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए हिमाचल प्रदेश में कुछ एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों का कार्य देखते हुए उन्हें प्रमोट किया गया। इसमें संजीव कुमार को हिमाचल प्रदेश स्टेट का डायरेक्टर प्रमोट किया गया। इसी के चले गगरेट विधानसभा से संबंधित रखने वाली किरण लता को भी एंटी करप्शन जिला ऊना की अध्यक्ष किरण लता को जिला अध्यक्ष से पदोन्नति देकर स्टेट वाइस प्रेजिडेंट बनाया गया है। तत्काल प्रभाव से उन्हें संस्था के मुख्यालय से इस बारे पत्र भेजा गया है।

बता दें कि किरणलता ने संस्था के अध्यक्ष रहते हुए सामाजिक व भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों को लेकर बखूबी दायित्व निभाया है। इनकी इस नियुक्ति से राज्य में संस्था का कार्यक्षेत्र बढ़ेगा, वहीं संस्था भी आमजनमानस को सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रयासरत रहेगा। किरण लता ने गगरेट विधानसभा क्षेत्र से और भी के सदस्य को एंटी करप्शन फाउंडेशन की सदस्यता ग्रहण करवाई जिसमे मनोज कपूर को हिमाचल प्रदेश स्टेट का ब्वॉयज चेयरपर्सन, पवन कुमार को जिला अध्यक्ष, बलवीर सिंह को जिला अध्यक्ष, अमन कुमार को स्टेट का को-ऑर्डिनेटर बनाया गया।

इस संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, जिला ऊना ही नहीं बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं। बैठक में निर्मला देवी जिला वाइस प्रेजिडेंट व एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# 'लोगो डिजाइन' प्रतियोगिता में भाग लें सभी जिलावासी : डीसी

अनंत ज्ञान, ऊना

**कहा-शीर्ष तीन प्रतिभागियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार**

ऊना जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता की एक अभिनव पहल करते हुए 'लोगो डिजाइन' प्रतियोगिता आयोजित करवा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य चुनाव के पर्व में सबकी भागीदारी तय बनाने के साथ ही लोगों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता का लाभ लेकर मतदाता जागरूकता के लिए एक आकर्षक लोगो डिजाइन करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने सभी ऊना जिला वासियों से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

**ये हैं नियम एवं शर्तें :** लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में ऊना जिले के सभी आयु वर्ग के लोग और संस्थान भाग ले सकते हैं। लोगो डिजाइन पूर्ण रूप से मौलिक होना चाहिए साथ ही रचनात्मक एवं चुनावी थीम के अनुकूल होना चाहिए। आपका 'लोगो' डिजाइन क्या दर्शाता है, इस पर जानकारी 40 से 60 शब्दों में जानकारी अवश्य दें। सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइन का चयन उपायुक्त कार्यालय द्वारा गठित विशेषज्ञ पैनल द्वारा किया जाएगा। यदि कोई व्यक्तिगत तौर पर कार्यालय में प्रविष्टियां जमा करा रहा है तो अपना नाम, पता, आयु और संपर्क नंबर अवश्य दे ताकि चयनित प्रविष्टि के लिए संपर्क किया जा सके।

### 10 मई है प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि

लोगो रचनात्मक एवं मतदान के महत्व को दर्शाती थीम के अनुरूप होना चाहिए। इसे लेकर लोग अपनी प्रविष्टि व्हाट्सऐप नंबर 9816607082 पर भेज सकते हैं। इसके अलावा प्रविष्टि व्यक्तिगत तौर पर जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय में भी जमा कराई जा सकती है। प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई तय की गई है। स्वीप के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता के शीर्ष तीन प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पहले स्थान पर रहने वाले को 5 हजार, दूसरे स्थान के लिए 3 हजार तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले को 2 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**तैयारी** जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न करवाया कार्य

# ईवीएम-वीवीपैट का पहले चरण का ऑनलाइन रेंडमाइजेशन पूर्ण

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना जिले में लोकसभा चुनाव तथा 2 विधानसभा चुनावों में प्रयोग में आने वाली ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का पहले चरण का ऑनलाइन रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है।

उपायुक्त कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंस सभागार में वीरवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) एवं वीवीपैट मशीनों (वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा करवाया। लोकसभा चुनावों में उपयोग होने वाली ईवीएम उप मोहाल बाग नजदीक ट्रक यूनियन और विधानसभा उपचुनावों की ईवीएम कौशल विकास केंद्र पालकवाह में रखी गई थीं, जिन्हें रेंडमाइजेशन के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संबंधित एसडीएम को सौंपा गया।


ईईवीएम-वीवीपैट के पहले चरण की ऑनलाइन रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया देखते डीसी।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के जरिए ईवीएम एवं वीवीपैट की पूरी पारदर्शिता के साथ रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 50 से 60 प्रतिशत ईवीएम व वीवीपैट अतिरिक्त रूप से रखनी अनिवार्य है, ताकि मतदान केंद्रों में मतदान के दौरान ईवीएम में किसी भी प्रकार की खराबी आने के कारण तुरंत दूसरी ईवीएम बदली जा सके ।

जतिन लाल ने कहा कि अगली रेंडमाइजेशन चुनाव आयोग के पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में की जाएगी। आवंटित की गई ईवीएम को उपमंडल स्तर पर स्ट्रांग रूमों में सुरक्षित रखा जाएगा।

ईवीएम मशीनों से संबंधित अगली प्रक्रिया उपमंडल अधिकारी अपने स्तर पर करेंगे। ऊना जिले में लोकसभा निर्वाचन तथा 2 विधानसभा उपचुनावों के मतदान के लिए 951 ईवीएम तथा 1102 वीवीपैट मशीनें प्रयोग में लाई जाएंगी। इस अवसर पर तहसीलदार सुमन कपूर, राजनैतिक दल कांग्रेस की ओर से वरूण पुरी व शुभम सैणी, बीजेपी की ओर से विजय शर्मा और चरण सिंह मौजूद रहे।

### कहां कितनी ईवीएम-वीवीपैट

**चुनावों** को लेकर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में 118 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। वहीं, लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए 131 ईवीएम (131 सीयू, 131 बीयू) तथा 157 वीवीपैट तथा विधानसभा उपचुनाव के लिए 165 ईवीएम (165 सीयू, 165 बीयू) और 177 वीवीपैट मशीनें दी गई हैं। गगरेट में 91 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहीं लोकसभा मतदान के लिए 120 ईवीएम (120 सीयू, 120 बीयू) तथा 144 वीवीपैट और विधानसभा उपचुनाव के लिए 127 ईवीएम (127 सीयू,127 बीयू) तथा 136 वीवीपैट मशीनें प्रदान की गई हैं। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए 102 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहां के लिए 135 ईवीएम (135 सीयू, 135 बीयू) और 162 वीवीपैट मशीनें दी गई हैं। वहीं, हरोली विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के लिए 106 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहां के लिए 142 ईवीएम (142 सीयू, 142 बीयू) और 169 वीवीपैट मशीनें दी गई हैं।

# अंश ने जन्मदिन पर स्कूल में मिष्ठान बांटा



**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में आठवीं कक्षा के विद्यार्थी अंश शर्मा पुत्र सुरेश कुमार शर्मा ने अपना जन्मदिन विद्यालय में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को मिष्ठान वितरित करके मनाया।

बेटे के जन्मदिन के अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर, उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार, प्रवक्ता व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह, प्रवक्ता व स्टॉफ सचिव प्रवीण शर्मा, प्रवक्ता व महिला एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंबिका रानी, सतीश कुमार प्रवक्ता, प्रवक्ता राकेश धीमान, प्रवक्ता राजीव डोगरा, प्रवक्ता मनिंद्र कुमार, प्रवक्ता मनोज कुमार, प्रवक्ता राकेश कुमार, प्रवक्ता धीरज कतना व समस्त स्कूल स्टाफ ने व विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दीं।

मीठे बोल बोलने में आसान होते हैं, लेकिन उनकी गूंज अनंत तक होती है।
–मदर टेरेसा



## संपादकीय

# चुनाव आयोग की सार्थक पहल

लोकतंत्र के महापर्व में चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और वह नित नए सुधारों पर तवज्जो दे रहा है। लोकसभा चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग की ओर से जारी नई एडवाइजरी के कई मायने हैं। चुनाव आयोग ने सख्त हिदायत दी है कि वे सर्वे के नाम पर मतदाताओं से चुनाव के बाद फायदे वाली स्कीम से जुड़ी रजिस्ट्रेशन कराना बंद करें। चुनाव आयोग का मानना है कि ऐसे सर्वे से वोटिंग प्रभावित होती है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत एक भ्रष्ट आचरण है। भ्रष्टाचार को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जो कहा है, उस पर ध्यान देने की जरूरत है। चुनाव की आड़ में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता है। इस देश में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा स्रोत चुनाव भी है।

चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी लाखों रुपए पानी की तरह बहाते हैं और निर्वाचित जाने के बाद सबसे पहले उनकी मंशा यही होती है कि अपने लगाए गए पैसे की भरपाई वह कैसे करें। यह हकीकत है और जनमानस भी इससे भली-भांति परिचित है। धनबल रोकने का कोई पुख्ता तरीका अब तक नहीं ढूंढा जा सका है। हिमाचल में भी लाखों रुपए की बरामदगी अब तक हो चुकी है। इससे स्पष्ट है कि नेता अपनी जीत सुनिश्चि करने के लिए हर दांव-पेंच लगाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। पार्टियां पैराशूटी नेताओं को भी टिकट देने से परहेज नहीं कर रही हैं। कई ऐसे चेहरे मैदान में उतार दिए जाते हैं, जिन पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। चुनाव आयोग बेशक सुधार के लिए प्रयासरत है, लेकिन ऐसे में अधिक सुधार की की बात बेमानी सी लगती है, वह भी तब जब देश में पूरा राजनीतिक परिदृश्य ही बदल गया है। जब सारे राजनीतिक दल मिलकर ही नियमों का कबाड़ा कर दें तो ऐसे में चुनाव आयोग भी क्या करे। चुनाव खर्च, दागी उम्मीदवारों को रोकने या अन्य मामलों को लेकर जो व्यवस्था सभी दलों की सहमति से बनी, उसमें छिद्र निकालने का काम सारे दल हर चुनाव में करते हैं। वे कागज पर कुछ दिखाते हैं, पर वास्तव में खर्च कुछ और ही करते हैं। अपनी संपत्ति के बारे में भी वे सही जानकारी नहीं देते। इसी तरह सरकार में रहने पर आचार संहिता लागू रहने के दौरान वे भले चुप रहें, पर उससे पहले मतदाताओं को रिझाने के लिए तरह-तरह की लोकलुभावन घोषणाएं करते रहते हैं।

बदलाव केवल कानून के डंडे से नहीं लाया जा सकता। अगर दलों में वाकई सुधार की इच्छाशक्ति होती तो वे अपनी पार्टी के भीतर ही सबसे पहले लोकतंत्र कायम करते और उम्मीदवारों के चयन में विवेक का परिचय देते। चुनाव प्रणाली की बुराइयां दरअसल दोषपूर्ण विकास नीतियों की ओर भी इशारा करती हैं। अगर विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक बराबर पहुंचता तो शायद किसी को लालच देकर वोट खरीदने की नौबत ही नहीं आती। इसे विडंबना ही कहेंगे कि हमारे देश में माहौल ही ऐसा बन गया है कि अब नेताओं पर मतदाताओं को भी ज्यादा विश्वास नहीं रहा है। यह नेताओं के लिए भी अच्छी बात नहीं है। नेता वह ही अच्छा है, जो लोगों के बारे में सोचता है। अपने इलाके के विकास के बारे में सोचता है। नेतृत्व मुख्य रूप से कार्यों को करने या संभव बनाने का विज्ञान है, लेकिन हमारे देश में स्थिति इससे बिलकुल विपरीत है। अगर नेता काम करवाने में सफल होता है तो उसकी पैठ जनमानस में अच्छी हो जाती है।

बहरहाल, चुनाव की इस सार्थक पहल की जितनी सराहना की जाए कम है। चुनाव आयोग का डंडा और संख्ती नेताओं पर न हो तो वे न जाने क्या कर जाएं। ऐसे में नेताओं मनमानियां बढ़ने का खतरा भी रहता है। देश में पिछले कुछ सालों से चुनावी प्रक्रिया में धीरे ही सही, लेकिन बदलाव तो आया है। चीजें काफी हद तक सुधरी हैं। जनता को भी चाहिए कि वह नेताओं के भ्रष्ट आचरण से दूर रहकर ठंडे दिमाग से सोच विचारकर इस बार के चुनाव में वोट डाले ताकि उसे आने वाले पांच साल में अपने निर्णय पर पछतावा न हो। देश में तभी लोकतंत्र और ज्यादा मजबूत हो पाएगा। ■

# आखिर कब सुनिश्चित होंगे श्रमिकों के समग्र हित

भारत को स्वाधीन हुए 76 वर्ष हो गए हैं। श्रमिकों को अभी तक उनके अधिकार नहीं मिले हैं। मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार नहीं आया। मई दिवस अर्थात मजदूर श्रमिक दिवस इस परिश्रमी में वर्ग को समर्पित है। मई दिवस अमेरिका में मजदूरों के आंदोलन से शुरू हुआ था। भारत में इसे एक मई, 1923 को मद्रास चेन्नई में मनाया गया। यहां पर भी मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने ही मजदूर दिवस का शुभारंभ किया। मजदूर को काम करने के घंटे निर्धारित नहीं थे। समय निर्धारित न होने के कारण श्रमिक वर्ग के सामने बड़ा संकट था। एक मई 1886 को अमेरिकी मजदूरों की ओर से आंदोलन किया गया। इस आंदोलन से पूरे विश्व के मजदूर वर्ग का लाभ हुआ।

भारत में अनेक मजदूर संगठन हैं। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) सबसे बड़ा संगठन है। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने में बीएमएस की बड़ी भूमिका है। पूंजीपतियों, उद्योगपतियों द्वारा मजदूर श्रमिकों को आदर भाव से नहीं देखा जाता। उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। इतना ही नहीं, इन उपेक्षित और राष्ट्र निर्माता कामगार वर्ग से उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी सम्मानजनक ढंग से बात भी नहीं करते। मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नहीं करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं। मशीन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या मृत्यु होने पर भी यह उद्योगों के स्वामी मजदूर को किसी भी अस्पताल में बमुश्किल पहुंचा कर गायब हो जाते हैं। परिजनों को सूचना नहीं देते हैं। बीमार होने पर मजदूर को अपनी कंपनी से सीधे निकाल देते हैं।

अनेक ऐसे उद्योग हैं, जो शरीर के लिए घातक हैं। इस तरह के उद्योगों द्वारा शारीरिक सुरक्षा के उपकरण भी नहीं दिए जाते हैं। अनेक प्रकार के एसिड केमिकल शीशा आदि की कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को घातक कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। कई बार मृत्यु तक हो जाती है। परिणाम स्वरूप पीड़ित मजदूर की नौकरी जाना तय होता है। उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति भयावह है।


अरुण कुमार दीक्षित
स्वतंत्र लेखक

इसमें महिला मजदूरों के सामने अपने छोटे बच्चों के पालन-पोषण के साथ काम करना भारी कठिनाई भरा है। कृषि क्षेत्र में लगे मजदूरों की भी बड़ी समस्याएं हैं। यह कार्य अल्प समय का होता है। फसल काटने से खलिहान तक काम मिलता है। इसके बाद मजदूर बेकार हो जाते हैं। अब आधुनिक मशीनों का खेती में प्रयोग बढ़ा है। धान और गेहूं, सरसों कपास आदि की फसलें ऐसी हैं, जिन्हें मशीन खेत में काटकर काम समाप्त कर देती है। खलिहान अब सूने हो गए हैं। कुशल, अकुशल, अर्धकुशल, संगठित असंगठित आदि कई श्रेणी के मजदूर हैं। कुछ का अनुबंध होता है। शेष बिना अनुबंध के काम करने को मजबूर होते हैं। एक जानकारी के अनुसार भारत में 38 करोड़ असंगठित निर्माण क्षेत्र के मजदूर हैं। इनमें रेहड़ी-पटरी घरेलू कामगारों को पंजीकृत करने की योजना भारत सरकार ने चला रखी है। इस योजना में ई-श्रम कार्ड 12 अंकों का जारी किया जाता है। बाल श्रमिकों की अधिकता है। बाल श्रमिकों को जहां केंद्र राज्य सरकारें काम करने से रोकती हैं, वहीं उद्योगों और कार्य स्थलों को चिन्हित कर उन्हें मुक्त भी करवाने की जिम्मेदारी है। वहीं, दूसरी ओर बाल श्रमिकों के सामने बड़े संकट हैं। किसी बच्चे के पिता-भाई और माता नहीं है, तो पीड़ित बच्चों के सामने मजदूरी करना मजबूरी है।

एक तरफ बीमार मां को दवा के लिए रुपए जुटाने हैं, दूसरी तरफ बाल मजदूरी अपराध है, ऐसे में केंद्र राज्य सरकार में बाल श्रमिकों को चिन्हित कर उनके आश्रितों की मदद भी करें, तो बाल श्रमिकों की समस्याएं हल हो सकती हैं। कई बाल श्रमिक ऐसे होते हैं, जिनके माता-पिता जेल में हैं। कुछ दुर्घटनाओं में अपने मां-बाप को खो चुके हैं। ऐसे बाल मजदूर हैं जो मजदूरी के लिए रात-दिन कड़ा परिश्रम करते हैं। बाल मजदूरी रोकने का अधिनियम 1986 बाल श्रम निषेध बना था, इसमें कहा गया कि किसी कारखाने, खतरनाक खदानों, उद्योगों आदि में 14 वर्ष के उम्र के बच्चों को काम निषेध है। बाद में केंद्र सरकार ने यह उम्र 14 से 18 से कम उम्र पर इसे लागू किया। समान पारिश्रमिक अधिनियम 1951 में पारित हुआ। इसमें कहा गया कि रोजगार या वेतनमान में जाति धर्म लिंग देश के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा। महिलाओं के सरकारी रोजगार में पदोन्नति के समान औसत दिए जाएंगे। इसमें अब तक कई बार संशोधन भी हो चुके हैं। वर्ष 1976 में बंधुआ मजदूरी में उन्मूलन अधिनियम लागू हुआ। धीरे-धीरे यह अमानवीय मजदूरी प्रथा समाप्त हुई।

खेतिहर मजदूरों के अलावा उद्योगों में कार्य करने वाले कुशल मजदूरों की समस्याएं बड़ी हैं। उद्योगपतियों-पूंजीपतियों के शोषण से श्रमिक वर्ग पीड़ित था। तभी किसान नेता चिंतक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इस विषय पर गहन अध्ययन किया। 23 जुलाई 1955 को श्री ठेंगड़ी ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की। भारतीय ग्रंथों में श्रम को प्रतिष्ठा दी गई है। कौटिल्य अर्थशास्त्र में कहा गया है कि किसी भी श्रमिक को कम से कम इतना पारिश्रमिक मिलना चाहिए, जिससे उसका जीवन-यापन हो सके।

अतिरिक्त मूल्य के सिद्धांत विषय में प्रसिद्ध दार्शनिक विचारक कार्ल मार्क्स कहते हैं कि वस्तुओं की तरह श्रम शक्ति का भी मूल्य होता है। उसे बाजार में बेचा-खरीदा जाता है। मजदूर को अपने भरण-पोषण निर्वाह के लिए कुछ वस्तुओं की आवश्यकता होती है। मशीन की तरह मजदूर भी जर्जर हो जाता है। मजदूर को रहन-सहन के बहुत नीचे स्तर पर रहना पड़ता है। वह आगे कहता है कि वर्ग संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक स्वयं कामगार वर्ग समाज की बागडोर नहीं संभालेगा, मगर भारत के वैदिक ग्रंथों में यह धारणा नहीं है। यहां प्रत्येक तरह के कला शिल्प को विशिष्ट बताया गया है।

रथकार, मूर्तिकार, कृषि कर्म करने वालों को, लकड़ी के काम करने वालों को, मंदिर बनाने वालों को पुष्पमाला बनाने वाले को, मिट्टी के कलश निर्मित करने वाले कुम्हार को भी आदर दिया गया है। कोई वर्ग संघर्ष की बात नहीं आई। भारत में वस्तुओं का उत्पादन कर्ता ही प्राय: उपभोक्ता रहा है। तब बेरोजगारी की बात न थी। चित्रकारों को यह चिंता नहीं रहती थी कि मूर्तियां, चित्र नहीं बिके, तब क्या होगा। अंग्रेजों ने भारत के शिल्पियों को उनकी गौरवशाली संस्कृति से अलग किया। मात्र मजदूर बनकर छोड़ दिया। सवाल यह है कि क्या मई दिवस मनाने से मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। सच यह है कि श्रमिकों के जीवन में तभी सुधार आएगा, जब हम राष्ट्र की संस्कृति के अनुरूप प्रत्येक कामगार श्रमिक को न्याय और समता के आधार पर जीवन जीने का, उनके अधिकारों की रक्षा का संकल्प श्रमिक दिवस में नहीं लेते।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# दूसरों को परेशान मत करो, बुरा वक्त आते देर नहीं लगती

जी हां, हम तो ऐसे बेहद ही बदतमीज, बददिमाग लोगों को सोशल मीडिया और अन्यथा भी कहीं, कभी, कोई सामने होकर जवाब नहीं देना चाहत। कौन मुंह लगेगा इन दुष्टों के? क्या कर रहे हो तुम लोग? किन्ही अन्य को क्यों उंगली और गाली-गलौज करने का दुस्साहस करने की महा मूर्खता क्यों करते हो? अपने कथित जातियों, गुरुओं, धर्मों, पंथ, संप्रदायों संगठनों, क्षेत्रों, समूहों का प्रचार-प्रसार करो तुम लोग।

औरों की निंदा और आलोचना क्यों करते फिरते हो? किन्ही अन्यों के मामलों / कार्यों में अनावश्यक ही टांगें अड़ाने की जुर्रत की तो वे सभी टांगें कानून और भारतीय संविधान का सहारा लेकर तोड़कर चकनाचूर कर दी जाएंगी। अधिकतम मामलों में ऐसे सर्वथा अनुचित और वाद-विवाद तथा उपद्रव करने वाले लोग लगभग अनपढ़, जाहिल, गंवार और अव्वल दर्जे के बेवकूफ होते हैं या फिर जातियों और धर्मों इत्यादि के अत्यंत ही धूर्त, चालाक और मक्कार स्वघोषित नेता और ठेकेदार! उक्त ये दोनों ही परिस्थितियां एक सभ्य, सुसंस्कृत समाज व देश के लिए बहुत ही अप्रिय,


लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

चुनौतीपूर्ण, खतरनाक और घातक हैं। इन दुष्टों, बदमाशों के साथ प्रत्यक्ष रूप से लड़ेगा कौन? कौन गंदे कीचड़ में पत्थर मारेगा? कोई बेचारा कुछ कहने-बताने का प्रयास करेगा, तो ये अधम-निराधम लोग उसको नीचता के निम्नतम स्तर पर ले जाकर अपने अनुभव से उसे बहुत ही बुरी तरह पराजित कर डालेंगे! कीचड़, गंदी नालियों और गटर में तो सूअरों का ही राज होता है। विशेषकर सोशल मीडिया पर तो इन दुष्टों, धूर्त, मक्कारों ने बहुत बड़े धांधली और निकृष्ट धमाल मचा रखे हैं। फिर इस भयंकर समस्या का समाधान क्या हुआ?

ऐसे बिगड़े जानवरों को हम खुला और बेलगाम तो कदापि नहीं छोड़ सकते। देश, दुनिया के सभी विद्वान, सभ्य, उच्च शिक्षित और सुसंस्कृत लोगों को सामाजिक रूप से इकट्ठे मिलकर, नियम-कानून, संविधान के हिसाब से इन मानुषरूपी जानवरों के विरुद्ध लड़ाई करके ऐसे सभी मानवता के महा शत्रुओं को हमेशा-हमेशा के लिए खाक में मिला देना चाहिए। इसलिए जिंदगी में दूसरों को कभी भी परेशान नहीं करना चाहिए क्योंकि बुरे वक्त को आते देर नहीं लगती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता


## मीठी गल्लां लाई करि


चंचल सरोलवी

*मीठी गल्लां लाई करि!*
*अंदर जैलसी लुकाई करि!!*
*छुरी पैनी पलाई करि!*
*वठोरे ढोक लगाई करि!!*
*रेयो अपणा आप वचाई करि !*
*बेदर्दी खुस हुंदे थल्ले लाई करि!!*
*मुंहां पर बड़ी तरीफ करदे!*
*अंदरो अंदर ओ बड़े जलदे!!*
*उईयां अपणे होणे दा दम भरदे!*
*पीछी पिच्छे खूब निंदा करदे!!*
*दिखी तरक्की तुमारी बड़े रढ़दे!*
*तुसी सत्त दे रस्ते रेहो चलदे!!*
*छडी देयो करणा लोभ हंकार !*
*जिंदे जियु दी ममता प्यार!!*
*मिट्टी दा तन मिट्टी दा सनसार!*
*इक्क दिन छडणा कर वचार!!*
*सुखी जीवन जीणे दा है आधार!*
*डुग्गी सोच्चे करि लेयो विचार!!*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

**वीके** कृष्ण मेनन एक भारतीय राष्ट्रवादी, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ और भारत के पूर्व रक्षामंत्री थे। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद मेनन को युनाइटेड किंगडम में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया था, जिस पद पर वह 1952 तक रहे। 1953 में मेनन राज्य सभा के सदस्य बने। 3 फरवरी, 1956 को उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में बिना विभाग के मंत्री के रूप में शामिल किया गया। 1957 में वह मुंबई से लोकसभा के लिए चुने गए थे। उनका जन्म 3 मई, 1896 ई. को कालीकट, मद्रास (अब चेन्नई) के एक संपन्न नायर परिवार में हुआ था। उन्होंने मद्रास से स्नातक और कानून की परीक्षाएं उत्तीर्ण कीं। 1924 में वह लंदन चले गए और वहां एमए, एमएससी, बैरिस्टर तथा अध्यापन का डिप्लोमा प्राप्त किया। इसके बाद 1947 तक वे इंग्लैंड में ही रहे।


वीके कृष्ण मेनन
जन्म : 3 मई, 1896
मृत्यु : 6 अक्तूबर, 1974

एनी बेसेंट के विचारों का उन पर प्रभाव था। इंग्लैंड में रहकर वह भारत की स्वतंत्रता के पक्ष में विचार करते रहे। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद जब भारत स्वतंत्र हो गया तो 1947 में मेनन वापस आए। 1947 से 1952 तक मेनन लंदन में भारत के हाई कमिश्नर थे। उन्होंने अनेक बार संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया। 1957 और 1962 में वे लोकसभा के सदस्य चुने गए। 1957 में उन्हें देश का रक्षामंत्री बनाया गया, परंतु उनका यह कार्यकाल बहुत ही विवादित रहा। उनकी मृत्यु 6 अक्तूबर, 1974 को हुई।

# विकसित भारत के लिए युवाओं का पढ़ा-लिखा होना अति आवश्यक

भारत में कुल आबादी का 66 प्रतिशत, 35 वर्ष से कम है। भारत दुनिया का सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है। इनके लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना एक बड़ी चुनौती है। यदि हम इस चुनौती को पार कर लेते हैं तो यह हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। क्रय शक्ति समानता के मामले में हमारा देश पूरी दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड ने मजबूत मांग के कारण भारत के लिए अपना जीडीपी विकास दर अनुमान 6.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि चीन की विकास दर घटकर 5 प्रतिशत हो गई है। यह एक बहुत बड़ा अंतर है।

जिस ब्रिटेन देश ने सैकड़ों वर्षों तक हमारे देश भारत पर राज किया और हमारे देश के संसाधनों को लूटा, आज हम उस देश की अर्थव्यवस्था को पछाड़ कर आगे निकल चुके हैं। विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद हम अभी भी गरीबी से जूझ रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से हमारा देश दुनिया के 197 देशों में 142 स्थान पर है। अमेरिका में सालाना प्रति व्यक्ति आय 80035 डॉलर है। भारतीय रुपए में यह आय 6662822 रुपए बनती है, जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय केवल 2601 डॉलर है। भारतीय रुपए में यह आए 216530 रुपए प्रति व्यक्ति है। इस प्रकार अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय भारत में प्रति व्यक्ति आय से 31 गुना अधिक है। इसी प्रकार चीन में प्रति व्यक्ति आय भारत की प्रति व्यक्ति आय से पांच गुना अधिक है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी, लेकिन हमें प्रति व्यक्ति आय को भी बढ़ाना होगा। इसके लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने होंगे।


लेखक : नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, मंडी

क्षेत्रफल के हिसाब से हमारा देश विश्व में सातवें स्थान पर और जनसंख्या के हिसाब से 2023 के जनसंख्या के अनुसार हम पहले स्थान पर पहुंच चुके हैं।

भारत का क्षेत्रफल दुनिया के कुल क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत है और हम दुनिया के 17.76 प्रतिशत लोगों का भरण पोषण करते हैं। यह एक बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि इतनी अधिक जनसंख्या होने से देश के संसाधनों पर बहुत अधिक बोझ पड़ता है। भारत का कुल क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किलोमीटर है, जबकि चीन का क्षेत्रफल 9572900 वर्ग किलोमीटर है। इस दृष्टि से देखा जाए तो चीन का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल से तीन गुना अधिक है। यदि वहां जनसंख्या अधिक भी है तो उसके पास प्राकृतिक संसाधन हमारे देश से कहीं अधिक हैं। इतनी बड़ी जनसंख्या का भरण पोषण करना उसके लिए इतना मुश्किल नहीं है। हमारे देश की लगभग आधी आबादी को रोजगार देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके लिए मेक इन इंडिया को एक अभियान के रूप में लेना होगा और साथ ही भारत में बनी हुई वस्तुओं को खरीदने पर अधिक जोर देना होगा। इससे एक तो युवा लोग अपना उद्यम स्थापित करके अपना रोजगार प्राप्त कर लेंगे, दूसरा दूसरे लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवाएंगे। इससे बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। हम जब अपने देश में ही अधिक से अधिक उत्पादों का निर्माण करेंगे और लोग उन्हें खरीदेंगे तो इससे हमारी अर्थव्यवस्था और तेजी से आगे बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारत की जनता से आह्वान किया है कि अपने देश भारत में बने उत्पादों को खरीदने को अधिक से अधिक तवज्जो दें।

आजादी के 100 साल यानी वर्ष 2047 तक हमने जो विकसित भारत का सपना संजोया है, उसके लिए युवाओं का अधिक से अधिक पढ़ा लिखा होना बहुत आवश्यक है। अपनी पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें व्यावसायिक दृष्टि से भी निपुण होना होगा, क्योंकि पढ़ने-लिखने से कोई भी व्यक्ति ज्ञान तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन उसके लिए कोई भी काम आरंभ करने के लिए उस विशेष क्षेत्र में कलात्मक वा व्यावसायिक रूप से निपुण होना बहुत आवश्यक है। इसके लिए सरकार को युवाओं को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने होंगे, केवल डिग्री प्राप्त कर लेने से ही काम नहीं चलेगा। विकसित भारत के लक्ष्य हासिल कैसे किया जाए, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 पेश कर दिया है। इसके तहत युवाओं से आइडिया मांगे जा रहे हैं। इसे विकसित भारत 2047 वाइस ऑफ द यूथ नाम दिया गया है। यदि मेक इन इंडिया के तहत युवाओं को कच्चे माल की आवश्यकता पड़ती है तो अपने देश में उपलब्धता कम होने पर दूसरे देशों से मंगवाया जा सकता है। पूरी दुनिया में भारत सबसे बड़ा युवा देश है। देश का युवा वर्ग इस देश के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। किसी भी देश की उन्नति में युवाओं का बहुत बड़ा योगदान है।

आजकल युवा वर्ग नशे की गर्त में डूबता जा रहा है। हम सभी का कर्तव्य है कि इन युवाओं को नशे से मुक्ति दिलाने में अपना सहयोग दें और उन्हें सही रास्ते पर लाने में प्रेरणा दें। कोई समय था, जब भारत का युवा वर्ग रोजगार की तलाश में विदेशों पर ही निर्भर रहता था, लेकिन आज स्थिति कुछ और है। युवा वर्ग को अपने देश में ही रोजगार के काफी मौके मिल भी रहे हैं। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने में अधिक विकास दर का होना बहुत आवश्यक है और भारत की विकास दर इस दिशा में आगे बढ़ रही है। हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इनके कौशल का हमें भरपूर इस्तेमाल करने पर जोर देना होगा ताकि तय समय पर विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कारगिल युद्ध के बाद भारत ने घुसपैठ रोकने के लिए उठाए कदम

कारगिल घुसपैठ में पाकिस्तान ने एक न जीतने वाले युद्ध को शुरू करने की भारी गलती की थी। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के आमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 20 फरवरी, 1999 को पाकिस्तान की धरती पर जाकर पांव रखे तथा अगले ही दिन लाहौर घोषणा पर दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों की एकता, शांति व स्थिरता के दस्तावेजों पर दस्तखत किए।

दोनों देशों में इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही थी, परंतु अभी तक वाजपेयी बाघा बॉर्डर को पार करते हुए अपने वतन भारत वापस ही जा रहे थे कि उसी समय पाक सेना के घुसपैठियों ने लाइन ऑफ कंट्रोल को पार करना शुरू कर दिया था। इसमें तोलोलिंग व टाइगर हिल की पहाड़ियों शामिल थीं, जिनकी ऊंचाई लगभग 18000 फुट है, परंतु इस घुसपैठ को भारतीय वीर सैनिकों ने देश की रक्षा करते हुए तथा अपनी बहादुरी एवं त्याग का नया नमूना पेश करते हुए पाकिस्तान के घुसपैठियों को अपनी धरती से पीछे धकेल दिया था। जब 3 मई, 1999 को घुसपैठियों का पता भारतीय सेना को लगा था तथा फिर यह युद्ध 3 महीने तक चला जो की 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में खत्म हुआ और पाकिस्तान की सेना को बहुत बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था तथा इस युद्ध में पाकिस्तान ने अपने मारे गए जवानों के शवों को लेने तक से इनकार कर दिया था तथा उनके देश के लिए बलिदान को भी मिट्टी में मिला दिया। युद्ध के बाद पाकिस्तान में गलत अनुमान लगाते हुए घुसपैठ करना तथा भारत में खुफिया प्रणाली पर बहुत बड़ी बहस छिड़ गई थी।


लेखक : जगदीश वर्मा
सेवानिवृत्त कैप्टन

परिणाम स्वरूप इस घुसपैठ से क्या-क्या भारत ने सीखा, इस उद्देश्य से एक कारगिल पुन: परीक्षण कमेटी का गठन किया गया था जिसने की अपनी रिपोर्ट में साफ-साफ कहा कि यह एक भारतीय सेना की खुफिया निदेशालय की भारी चूक हुई है जिस कारण इस प्रकार की घुसपैठ हो सकी तथा उसने राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली में बदलाव के भी कई सुझाव दिए गए थे। कारगिल रिव्यू कमेटी के बाद ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की एक शक्तिशाली कमेटी का भी गठन हुआ, जिसने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में काफी सिफारिश की थी जिस कारण काफी बदलाव सुरक्षा के बाबत किए गए हैं जिसमें सीडीएस की नियुक्ति तथा कई अन्य आधारभूत तब्दीलियां भी एस्टेब्लिशमेंट प्रणाली में की गई हैं, जिसकी बहुत पहले से ही आवश्यकता थी, लेकिन उस तरफ किसी ने भी गौर नहीं किया, जिसका खामियाजा भारत को घुसपैठियों के रूप में भुगतना पड़ा।

उधर, दूसरी तरफ पाकिस्तान में सेना की आम जनता में आपसी सहयोग की बहुत बड़ी भारी कमी देखी गई। यह भी पाया गया कि घुसपैठ का निर्णय सेना का एकतरफा फैसला था तथा इसमें राजनीतिक सहायता या उनके विचार भी नहीं लिए गए थे। यह भी पता चला कि पाक सेना ने इस घुसपैठ की जानकारी तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को 27 मई 1999 को पहली बार दी थी, तब तक वहां पूरे इलाके में घुसपैठ पूरी तरह से हो चुकी थी। पाक जनरल को इस एकतरफा अपने फैसले की सजा मिलनी चाहिए थी, लेकिन वहां पर शक्तिशाली सेना होने के नाते पाक सेना के जनरल परवेज मुशर्रफ ने सत्ता पलट कर अक्तूबर 1999 में नवाज शरीफ सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को हार के बाद मुंह की खानी पड़ी थी, परंतु इस मुद्दे से हटते हुए उन्होंने भारत के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दिया था। आज भी पाक ने घुसपैठ से न तो कोई सुधारात्मक कदम उठाए और न ही कोई उचित कार्रवाई। ऐसी घुसपैठ जैसी स्थिति न आए, इसके लिए किसी प्रकार के सुधारआत्मक कदम उठाए। आज भी पाक न केवल आतंकवाद को बढ़ावा देता है, बल्कि बड़े स्तर पर आतंकवादी बड़े बड़े संगठनों को सहायता पहुंचा कर भारत के विरुद्ध खड़े हैं। वही, भारत ने कारगिल घुसपैठ से सही शिक्षा लेकर इन 25 सालों में शहस्त्र सेनाओं में कई बदलाव लाकर ऐसा कर दिया कि कारगिल घुसपैठ जैसी स्थिति अब नहीं आ सकती है, परंतु दुर्भाग्यवस पाकिस्तान की सत्ताधारियों ने कारगिल घुसपैठ से कुछ नहीं सीखा और न ही उसमें सुधार के लिए किसी प्रकार के उचित कदम आज तक उठाए। पाकिस्तान की ऐसी स्थिति न केवल उस देश के हित में है, बल्कि पड़ोसी भारत के लिए भी ठीक नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आजकल** नगरोटा बगवां और धौलाधार कॉलोनी के लोगों को कूड़े के निपटारे के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर लोगों को कूड़ा इकट्ठे किए हुए कई दिन तक हो जा रहे हैं, लेकिन उनके कूड़े के ढेर कोई नहीं उठा रहा है। मजबूरीवश कुछ लोगों को इसी के साथ लगते चोर नाले में कूड़े को फेंकना पड़ रहा है। कुछ समय पहले तक लोगों के घरों से नगर निगम कूड़ा उठाता था, लेकिन उसने भी लोगों का कूड़ा उठाना बंद कर दिया है। आजकल वैसे भी गर्मियां का सीजन शुरू हो चुका है, जिस कारण लोगों ने जो भी कूड़ा इकट्ठा किया होता है, उसमें जल्द ही बदबू फैल रही है। लोग इस कारण गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इसलिए नगरोटा बगवां के अधिकारियों से अपील है कि वे उनकी इस समस्या का समाधान करें।

वहीं, आजकल नगरोटा बगवां में बेसहारा पशुओं की भरमार है। ये बेसहारा पशु आजकल हर जगह देखे जा रहे हैं। इनसे ज्यादातर बुजुर्ग और स्कूली बच्चों को मुश्किलें हो रही हैं। ये बेसहारा सांड कहीं भी लड़ते हुए देखे जा सकते हैं। इनके कारण कहीं भी किसी भी मासूम की जान तक भी जा सकती है, जिसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा। प्रशासन को उक्त समस्याओं का ध्यान रखते हुए लोगों की मुश्किलों का हल करना चाहिए।

**–सुनील, नगरोटा बगवां**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चोरी करने वाला आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

बीते 10 वर्षों से पुलिस के साथ आंख-मिचौली करता उद्घोषित अपराधी आखिरकार हरियाणा राज्य के यमुना नगर से जिला चंबा पुलिस के पीओ सेल के हत्थे चढ़ ही गया।

पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस थाना खैरी के सुपुर्द कर दिया है । बताते चलें कि प्रसिद्ध ऐतिहासिक भलेई मंदिर में 2014 में मां भद्रकाली की प्रतिमा को चोरी करने की करने वाले गिरोह को जिला पुलिस ने 24 घंटे के भीतर काबू कर सलाखों के पीछे किया था। उनमे से अपराधी मन्नु मोहम्मद गांव जुगियाल जिला पठानकोट पंजाब जो बीते 10 सालों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार हो गया था और अपने आप को पुलिस से बचाता यहां से वहां ठिकाने बदल रहा था।

शातिर आरोपी मन्नु मोहम्मद पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं जो अभी माननीय अदालत में विचाराधीन है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है।

उन्होंने बताया कि यह अभ्यस्थ शातिर अपराधी बीते 10 सालों से पुलिस के साथ आंख में चोरी करता आ रहा है जैसे ही गुप्त सूत्रों से इस अपराधी के ठिकाने का पता चला वैसे ही जिला के पीओ सेल ने ठिकाने पर दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उन्होंने यह भी बताया कि अपराधी अपने आप को जितनी भी चालाकी दिखा ले परंतु पुलिस की पैनी निगाहों से नहीं बच सकता।

# चुराह में लोक निर्माण विभाग का टिप्पर खाई में गिरा

**आजम डार, तीसा**

चुराह में लोक निर्माण द्वारा सड़कों पर जगह-जगह पड़े स्लीप हटाने का कार्य जोरो से चल रहा है। वहीं तीसा खाखड़ी के पास लोक निर्माण विभाग का टिप्पर हादसे का शिकार हो गया।

जब टिप्पर चालक उसे खाली करने के लिए गया तो, टिप्पर खाली करते समय टेक्निकल फाल्ट के कारण सड़क से बाहर निकल गया, जिसकी आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तीसा थाने में दी। जिसके बाद घायलों को सिविल अस्पताल तीसा ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को चम्बा मेडिकल



कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान चालक जाकिर हुसैन पुत्र पीर मोहम्मद गांव ढांजू डाक घर खुशनगरी शाम लाल पुत्र पुरषोतम गांव पलनोटी डाक घर खुशनगरी के रूप में हुई है। बीएमओ तीसा ऋषि पूरी का कहना है कि हादसे की सूचना मिली थी जिसमें घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चंबा रेफर किया है।

### अगवा नाबालिग के मामले में आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान जारी

# पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा से अगवा हुई नाबालिग युवती मामले के 5 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक न नाबालिग का और न ही आरोपियों का कोई कोई सुराग पता लगा पाई है। हालांकि मामले की भनक लगते ही चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा सहित जिला चंबा व कांगड़ा पुलिस दल ने संयुक्त रूप से नाबालिग की तलाश जहां जुट गए।

वहीं मामले में शामिल प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुए 10 आरोपियों की धड़पकड़ के छापेमारी अभियान आरंभ किया गया, लेकिन हौरानी की बात है कि तमाम कोशिशों के बावजूद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे है। वहीं दूसरी ओर नाबालिग के पिता कभी पुलिस तो कभी चाइल्ड लाइन संस्था कार्यालयों के चक्कर काट हर पल युवती के मिलने की आस लगाए बैठा है।

वहीं पुलिस द्वारा जहां जिला कांगड़ा, नुरपुर, ढांगू में शक दायरे में आए विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की लेकिन तमाम आरोपियों के घरों से आरोपी फरार पाए गए। वहीं पुलिस ने दावा किया है कि आगामी दो-चार दिनों में पूरे मामले की गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा।

कपिल शर्मा परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने बताया कि नाबालिग की तलाश जारी है, जिसमें चंबा व कांगड़ा चाइल्ड हेल्पलाइन दोनों ही संस्थाएं जुटी हुई है। जब तक नाबालिग मिल नहीं जाती तब तक सर्च अभियान जारी रखा जाएगा। मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बक्शा नहीं जाएगा।

उधर ढांगू पुलिस चौकी प्रभारी राजपाल का कहना है कि नाबालिग व आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है, लेकिन आरोपियों को पुलिस कार्रवाई का संज्ञान होते ही वह भूमिगत हो चुके है। जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द नाबालिग को खोजने सहित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों को पिलाया ठंडा शरबत



**चंबा।** एनएसयूआई इकाई महाविद्यालय चंबा द्वारा जिला चंबा में एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष के आदेशों पर महाविद्यालय चंबा के अध्यक्ष मुकेश शर्मा की देखरेख में मोहब्बत की दुकान लगाई गई, जिसमें मुख्य तौर पर महाविद्यालय चंबा के पदाधिकारी साथ कार्यकर्ता साथ रहे। इस उपलक्ष्य पर चंबा में एनएसयूआई द्वारा ठंडा शरबत बांटा गया। इस मौके पर एनएसयूआई के कर्मठ कार्यकर्ता कार्तिक, करण, अरुण, नीरज, सौरभ, पंकज, आरती, काजल व प्रियंका व अन्य मौजूद रहे।

### गुरबख्श कौर ने बच्चों को बांटे ट्रैक सूट



**चंबा ।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुखथाला में जितेंद्र कुमार तथा उनकी माता ने पाठशाला में पढ़ रहे प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 5 तक के 55 बच्चों को अपनी नेक कमाई से ट्रैकसूट भेंट किए। जितेंद्र ने कहा कि भविष्य में भी वह पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों की सहायता करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो विद्यार्थी पढ़ रहे हैं अगर किसी कारणवश किन्हीं बच्चों के माता-पिता पढ़ाई का खर्चा नहीं उठा सकते हैं तो वह उनका पूर्ण रूप से खर्चा देने के लिए भी तैयार हैं। एसएमसी के अध्यक्ष भूपेश कुमार ने बच्चों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज में बहुत से लोग आर्थिक रूप से समृद्ध हैं।

# जल्द बहाल होगा खड़ामुख-होली मार्ग : सीएम

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर में जनसभा को संबोधित करते हुए पिछले लगभग 20 दिनों से बंद पड़ रही खड़ामुख होली सड़क पर भी मंत्री ने कड़ा संज्ञान लिया और लोगों को आश्वासन दिया कि यह सड़क बहुत जल्दी लोगों की आवाजाही के लिए बहाल हो जाएगी। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा है कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण यहां पर लगातार लैंडस्लाइड चला हुआ है। जिस कारण इस सडक को बहाल करने में देरी लगी है। उन्होंने कहा है कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बातचीत हो गई है। भले ही आज आदर्श आचार संहिता लगी है लेकिन जो रूटीन के कार्य हैं वह होते रहेंगे और उन्हें करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

गौरतलब है खड़ामुख होली सड़क पर झिरडू मोड़ के पास पहाड़ी का एक हिस्सा लगातार धंस रहा है। जिसके कारण यहां पर करीब पिछले 20 दिनों से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद है। सड़क बंद होने के कारण तहसील होने का संपर्क लगभग पिछले 20 दिनों से पूरी तरह से दूसरी जगह से कट गया है। हालांकि छोटे वाहनों को वाया सियूंर भरमौर होकर एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचा जा रहा है लेकिन पैदल चलने वाले यात्रियों गर्भवती महिलाओं के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । हालांकि विभाग की माने तो इस सडक को बहाल करने के लिए लगातार प्रयास की जा रहे हैं और उम्मीद की जा रही है कि आने वाली एक-दो दिनों के भीतर ही सड़क पूरी तरह से वाहनों के आवाजाही के लिए बहाल हो जाएगी।



जनसभा के दौरान मौजूद लोग।

### होली-उतराला सड़क की मांग को करेंगे पूरा : विक्रमादित्य



बुजुर्ग महिला के साथ विक्रमादित्य।

**हिमाचल** प्रदेश लोक निर्माण विभाग के मंत्री व कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव जीतने के बाद विधानसभा क्षेत्र भरमौर के होली की बहू प्रतीक्षक होली उतराला सड़क निर्माण के लिए लोकसभा के सदन पर पैरवी की जाएगी और इस मांग को सबसे पहले वह प्रमुखता के साथ पूरा किया जाएगा। हालांकि कुछ समय पहले होली उतराला सड़क का निर्माण को पूरा करने के लिए यहां पर बकायदा एक संघर्ष समिति का ऐलान भी किया गया है। इस संघर्ष समिति ने इस सड़क निर्माण को बनाने के लिए बाकायदा होली भरमौर और कांगड़ा तक लोगों का जनमत जुटाया है। करीब 2 महीने पहले इस समिति ने शिमला में जाकर बाकायदा अपनी इस मांग को प्रमुखता के साथ हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह के सामने भी रखा था और इसके निर्माण में तेजी लाने की गुहार लगाई थी।

मंत्री ने उनकी मांग को देखते हुए इस सड़क के निर्माण के लिए कुछ बजट का प्रावधान भी कर दिया गया था। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण हो जाने के बाद जहां कांगड़ा की दूरी लगभग ढाई सौ किलोमीटर कम हो जाएगी वहीं पर भरमौर में टूरिज्म की भी आपार संभावनाएं बढ़ेगी। यहां के अधिकतर लोग जिला कांगड़ा में माइग्रेट होकर रहते हैं जिन्हें वहां पहुंचने के लिए सैकड़ो किलोमीटर का सफर तय करके होली व कांगड़ा आना जाना पड़ रहा है। सड़क निर्माण के बाद जहां टूरिज्म विकास को पंख लगेंगे, वहीं कई किलोमीटर दूरी भी कम हो जाएगी।

# कांग्रेस की जनसभा में आपसी गुटबाजी आई सामने

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

गुटबाजी के चलती हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जिला परिषद सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑप्रेटिव बैंक के निदेशक ललित ठाकुर को मंच पर जगह नहीं मिली।

हालांकि इसकी भनक लगते ही पार्टी के आल्हा नेताओं और स्वयं कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने जल्दी मोर्चा संभालने की कोशिश की लेकिन तब तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से काफी देर हो चुकी थी। एक किनारे पर खड़े ललित ठाकुर और उनके समर्थकों को बीच-भीड़ में खड़े देखकर लोगों के बीच में भी काफी चर्चा होती रही।हालांकि बाद में स्वयं मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें मंच पर बुलाने के आदेश भी दिए गए लेकिन तब तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अनदेखी का शिकार ललित ठाकुर हो चुके थे। इस पर स्वयं ललित ठाकुर ने भी हैरानगी जताई है और कहा कि इस तरह का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का व्यवहार कतई भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा है कि इसके चलते उन्हें इस बात का अफसोस नहीं है लेकिन वह अपने समर्थकों को लेकर गए थे उनके बीच में इसकी नाराजगी चली गई है। उन्होंने कहा है कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से इस तरह का व्यवहार बिल्कुल भी ठीक नहीं है इसके चलते ही पार्टी में आपकी गुटबाजी बढ़ती है और पार्टी को नुकसान पहुंचता है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भजन ठाकुर ने कहा है की मंच पर कुर्सियां खाली थी इस तरह के कार्यक्रम में अपनी सीट खुद ही लेनी पड़ती है, बावजूद उसके उनको आशा कुमारी, कुलदीप सिंह पठानिया सहित दूसरे नेताओं ने बुलाया था लेकिन वह मंच पर नहीं आए। उनका आपसी मामला है लेकिन इस तरह के जो आरोप लगाए गए हैं वह पूरी तरह से निराधार है।



लोगों के बीच खड़े ललित ठाकुर व अन्य।

# हज यात्रियों के लिए लगाया टीकाकरण कैंप

**आरके रांगड़ा, चंबा**



शिविर के दौरान सोसायटी प्रधान एडवोकेट लतीफ मोहम्मद व अन्य।

मदनी मदरसा मास्वादी में मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी प्रधान एडवोकेट लतीफ मोहम्मद की अध्यक्षता में हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया, जिसमें जिला चंबा व कांगड़ा के हज यात्रियों ने शिरकत की।

इस अवसर पर मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी प्रधान एडवोकेट लतीफ मोहम्मद ने बताया कि हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें चंबा व कांगड़ा जिला से करीब 11 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया।

वहीं मौलाना ताजुद्दीन साहब ने हज की अहमियत पर रोशनी डाली। और मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के प्रधान एडवोकेट लतीफ मोहम्मद ने भी हज यात्रियों से बातचीत की और सबको इस नेक सफर की मुबारकबाद दी मौलाना मोहम्मद रोशन कासमी ने हज यात्रियों का इस्तकबाल किया।

वहीं टीकाकरण शिविर के दौरान विशेष तौर से डॉ. अब्दुल करीम व स्वास्थ्य दल गुजर कल्याण सभा की ओर से मौलाना मोहम्मद रोशन साहब कासमी, एडवोकेट लतीफ मोहम्मद, प्रधान मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी चंबा का मत हैरी मोहम्मद अरशद, लाल हुसैन एएसआई सेवानिवृत्त, रिटायर्ड नायब तहसीलदार हाजी अब्दुल बसीर, अला दित्ता प्रैस सचिव गुज्जर कल्याण सभा द्वारा द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके पर स्वास्थ्य दल में डॉ. मनीष, अनिल, दिनेश, दीक्षा , आशा, करण सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था ने किया टॉपर गीतांश को सम्मानित



संस्था सदस्य गीतांश को सम्मानित करते हुए व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा द्वारा संस्था संचालक दीपक भाटिया की अगुवाई में जमा दो कक्षा में प्रदेश में 7वां स्थान हासिल करने वाले छात्र गीतांश शर्मा के घर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर संस्था संचालक दीपक भाटिया ने कहा कि छात्र गीतांश शर्मा को इस उपलब्धि के लिए संस्था की ओर बधाई देते है। उन्होंने कहा कि संस्था के लिए बेहद गर्व का विषय है कि छात्र गीतांश ने जमा दो वार्षिक परीक्षा में नॉन - मेडिकल विषय में प्रदेशभर में 500 में से 487 अंक लेकर 7वां स्थान हासिल किया है। वहीं अपनी इस सफलता का छात्र गीतांश शर्मा ने श्रेय अपनी दादी , माता-पिता, समस्त परिवार और शिक्षकों को दिया है। इस मौके पर प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा पदाधिकारियों, सदस्यों सहित छात्र गीतांश शर्मा परिजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# अनुसंधानों के प्रभावों को किया साझा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



समग्र शिक्षा के अंतर्गत डाइट सरू में कार्यशाला।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा में जिला परियोजना अधिकारी नम्रता शर्मा की अध्यक्षता में एकदिवसीय क्रियात्मक अनुसंधान प्रस्तुतीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दिन विभिन्न विषयों पर शोध कर रहे विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा अपने अनुसंधान कार्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान और अन्य क्षेत्रों में किए गए क्रियात्मक अनुसंधानों की गहराई और उनके प्रभाव को सांझा किया गया।

क्रियात्मक अनुसंधान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा शिक्षक और शोधकर्ता अपनी समस्याओं का वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन करते हैं, ताकि वे अपने निर्णयों और क्रियाओं में सुधार ला सकें।

इस दिन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और समाज के लिए उपयोगी अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और उन्हें सम्मानित करना है। आज, जिला के विभिन्न शिक्षा खंडों के चयनित अध्यापकों द्वारा पैंतीस क्रियात्मक शोध का प्रस्तुतीकरण किया गया। यह क्रियात्मक शोध विशेष रूप से गणित विषय, अंग्रेजी व हिंदी भाषा में वाचन कौशल, प्लास्टिक का दुरुपयोग स्वच्छता, आत्मरक्षा आदि पर किया गया।

रिसर्च को-ऑर्डिनेटर रविंद्र कंवर ने बताया कि कार्यशाला में आए हुए अध्यापकों ने अनुसंधानों को पूरा किया तथा आज उन्होंने अपने इस अनुसंधान का प्रस्तुतीकरण डाइट में सभी के समक्ष किया। इस कार्यशाला में डायट प्रवक्ता डॉक्टर राशि जंदरोटिया, डॉक्टर कविता बिजलवान, सफीना शेख रहीं व अतुल महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सूडोकु 0051 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0050 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

3 मई, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** दशमी: (11:26) : **नक्षत्र :** शतभिषा(00:07), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** ब्रह्म (2:18) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:44), **राहुकाल** (10:38 -12:18)।

### विशेष दिन

» 03 मई 2024 : मुनि सुव्रतनाथ जयंती कल।

» 3 मई 2024 : विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस कल।

**मेष:** चिकित्सा और व्यर्थ व्यय आपके बजट को असंतुलित कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य काफी चिंता का कारण हो सकता है।

**वृषभ:** स्वास्थ्य-मामलों को छोड़कर आज का दिन भाग्यशाली है। बच्चों का स्वास्थ्य भी परेशान कर सकता है। जीवनसाथी खर्चीला बन सकता है।

**मिथुन:** व्यवसायी नवीन साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। स्थिर आय आपको व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

**कर्क :** सावधान रहना चाहिए क्योंकि आज आप समस्या का सामना कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, अथवा आप भावनात्मक रूप से परेशान भी हो सकते हैं।

**सिंह :** व्यवसायी अपने व्यावसायिक कौशल और निर्णय लेने की क्षमता के कारण उपलब्ध अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएंगे।

**कन्या :** महत्वाकांक्षी योजना में प्रवेश कर सकते हैं। यदि आप एक साझेदारी या संघ में प्रवेश करना चाहते हैं, तो सकारात्मक विकास संभव है।

**तुला:** आत्मविश्वास के स्तर में वृद्धि देखेंगे। नई साझेदारी या नए उद्यम में प्रवेश करने के लिए अच्छा समय है, जो भविष्य में अति लाभदायक साबित होगा।

**वृश्चिक:** नई साझेदारी, संपर्क, अचानक यात्रा की योजना और अप्रत्याशित विदेश यात्रा संभव हैं। एक नया व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के संकेत हैं।

**धनु :** कानूनी मामलों में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। खुद को विपरीत स्थितियों में पा सकते हैं। रियल स्टेट डीलिंग आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

**मकर:** सिरदर्द और कुछ अन्य बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। आपके जीवनसाथी का स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। चूंकि आपको चोटों का खतरा है।

**कुंभ :** भविष्य और स्वास्थ्य के बारे में अधिक जिज्ञासु रहेंगे और उचित लोगों के साथ परामर्श करेंगे। प्रचुर आर्थिक लाभ के संकेत मिल रहे हैं।

**मीन:** सामाजिक समारोहों और रिश्तेदारों से मुलाकात की आपको बहुत खुशी मिलेगी। नौकरी परिवर्तन की तलाश में हैं, तो आप विभिन्न अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# 100 मीटर दौड़ में चंबा प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता दूसरे दिन ऐतिहासिक चौगान में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान चौगान मैदान में 100 मीटर और 1500 मीटर दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

100 मीटर दौड़ में चंबा जिला ने पहला ऊना ने दूसरा और कांगड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 1500 मीटर दौड़ में कुल्लू प्रथम ऊना द्वितीय कांगड़ा तृतीय स्थान पर रहा।



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते युवा।

शारीरिक शिक्षक उमेश चौणा ने बताया कि राज्य स्तरीय को इस प्रतियोगिता में 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 1500 मीटर दौड़ शॉट पुट ऊंची कूद लंबी कूद और ट्रिपल जंप जैसी प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।

# वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर पोर्टल पर 4 मई तक करें पंजीकरण

**भरमौर ।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा के सामान्य चुनाव 1 जून 2024 को होने निर्धारित हुए हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भरमौर उपमंडल में लोकतंत्र में प्रत्येक वोट के महत्व बारे जागरूकता पैदा करने, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अवश्य भाग लेने व मतदान के प्रति हर नागरिक को सजग करने हेतु कालेज, स्कूल, बीएलओ, जनप्रतिनिधियों, युवक मंडल, महिला मंडल तथा स्वयं सहायता समूहों व विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाते हुए पात्र व्यक्ति वोटर हैल्पलाईन एप्प या वोटर पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकता है जिसकी अंतिम तारीख 4 मई 2024 है। प्रत्येक वोट का महत्व व एक वोट की ताकत को समझाने बारे जागरुकता पैदा करने के साथ मतदान के दिन सभी अपने मताधिकार का सही प्रयोग करें व अन्य को भी प्रेरित करें।

# पांगी के लोगों का लूटा पैसा वापस करें सरकार : जनक राज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पांगी ( चंबा )**

पांगी भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने पांगी के विभिन्न इलाकों का एक सप्ताह का दौरा किया, जिसमें विधायक डॉ. जनक राज ने भाजपा मंडल पांगी के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न पंचायतों का दौरा किया।

लोगों ने बताया कि वर्तमान सुक्खू सरकार ने बालन लकड़ी के रेट बढ़ाकर 600 रुपए से 1500 कर दिए और इमारती लकड़ी की रेट 2000 रुपए प्रति नग से बढ़ाकर 8000 रुपए कर दिए गए। जो कि जनता पर भारी बोझ है। वर्तमान सरकार द्वारा लकड़ी देते समय यह कहकर फॉर्म भी भरवाए गए थे कि जो पैसे लोगों ने जमा किए है उसमें



से अधिकांश भाग वापस लोगों के खाते में जमा किया जाएगा। लेकिन आज दिन तक लोगों के अपने रुपए वापस न मिलने पर स्थानीय लोगों में भारी रोष है तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इसका जवाब जरूर कांग्रेस पार्टी को देगी। इसका खामियाजा कांग्रेस को चुनावो मे भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर पांगी भाजपा पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# जयराम को सता रही कुर्सी की भूख : सुक्खू

**अनंत ज्ञान, करसोग**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिला के करसोग में लोकसभा उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के लिए चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस फिल्म का डायरेक्टर ही फ्लॉप हीरोइन कितनी भी सुपरस्टार हो, उस फिल्म का फ्लॉप होना तय है। क्योंकि, कंगना रनौत की स्क्रिप्ट भाजपा की है और डायरेक्शन जयराम ठाकुर का पर स्टोरी पिटी हुई है।

कंगना मेहनत कर सुपर स्टार बनी हैं, अच्छी बात है लेकिन आपदा में उन्होंने हिमाचल प्रदेश का कोई सहयोग नहीं किया। सुखविंद्र सिंह ने कहा कि जयराम ठाकुर ने विक्रमादित्य सिंह से अपना पिंड छुड़ाने के लिए कंगना को टिकट



मुख्यमंत्री विक्रमादित्य सिंह का हाथ पकड़ लोगों को संबोधित करते हुए।

दिलाई है। उन्हें पता था कि विक्रमादित्य सिंह चुनाव लड़ रहे हैं और वह जीत भी जाएंगे इसलिए किसी और को लड़ा दो। विक्रमादित्य सिंह अच्छे व्यक्ति हैं, जनता का दर्द व पीड़ा जानते हैं, आपके बीच रहते हैं। आपका के समय पीडब्ल्यूडी मंत्री के नाते इन्होंने अभूतपूर्व कार्य किया है। जयराम ठाकुर तो मुख्यमंत्री बनकर पांच साल सोए ही रहे।

कांग्रेस सरकार के दूसरे बजट सत्र के दौरान कांग्रेस के छह विधायकों को खरीद लिया। हेलीकॉप्टर में एक महीने तक चंडीगढ़, पंचकूला, गुरुग्राम और दिल्ली घुमाते रहे। जयराम ठाकुर को कुर्सी की इतनी भूख सता रही थी कि मुख्यमंत्री बनने के लिए काला कोट पहनकर बैठ गए थे और यह सोच लिया था कि सरकार का बजट पास होने से पहले ही सुबह सात बजे शपथ भी ले लेंगे, लेकिन जिस भगवान को चुनौती देते हुए वह कह रहे थे कि यह सरकार नहीं बचती उसी भगवान के आशीर्वाद से हमारी सरकार बची हुई है।

# पीपल जातर मेले में लौटी रौनक

## मौसम के खुलने से खरीददारी करने वालों की संख्या में हुआ इजाफा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

गुनगुनी धूप और मौसम के खुलने से पीपल जातर में कारोबार करने आए व्यापारियों के चेहरे खुशी से खिल गए हैं। कुछ ही दिनों पहले पीपल जातर मेले की शुरुआत बारिश के साथ हुई और मेले के दौरान लगातार हुई बारिश से व्यापारियों का कारोबार लगभग फीका पड़ रहा था। मेला शुरू होने के बावजूद भी कारोबार न हो पाने से दूर-दूर से आए कारोबारी खासे मायूस एवं निराश थे।

इस बार पीपल मेले के लिए ऊंचे दाम पर प्लॉटों की नीलामी हुई, उससे भी कारोबारी चिंतित थे। हांलाकि कारोबारी अभी तक खराब मौसम के बीच हुए छूट-पुट कारोबार को लेकर खासे निराश दिख रहे हैं। वीरवार को सुबह से मौसम के खिलने से ढालपुर मैदान में लोगों की खूब चहलपहल रही। कुल्लू जिले के विभिन्न क्षेत्रों और आसपास के गांवों से लोगों ने जमकर खरीददारी की। विशेष रूप से डॉम, जूता मार्केट, कपड़ा मार्केट, मीना बाजार, कार्पेट मार्केट और सिड्डू कॉर्नर में लोगों की खासी भीड़ रही। लगातार हुई बारिश से जहां मैदान ग्राहकों और कारोबारियों के अनुकूल रहा और जमीन पर बारिश की नमी होने के कारण धूल मिट्टी उड़ने की भी परेशानी नहीं हुई। इसके साथ ही रेहड़ी-फहड़ी के माध्यम से कारोबार कर रहे कारोबारी भी मौसम के साफ होने से खुश नजर आए।

बेहरहाल लोगों ने सुबह से लेकर शाम तक जमकर खरीददारी की और साथ ही बच्चों ने झूलों का भी खूब आनंद लिया। (अनंत ज्ञान)


ढालपुर मैदान में सजी अस्थायी दुकानों में खरीददारी करते लोग।

### उम्मीद के मुताबिक नहीं हुआ व्यापार

**चंडीगढ़** से आए कपड़ा व्यापारी चमन लाल, चंडीगढ़ के विजय, कालू और सुरेश, करनाल से कमल, फगवाड़ा से मनोज, काजल, रामू कहते हैं कि लगातार हुई बारिश और किराए के दाम की वजह से कारोबार पर बहुत बुरा असर हुआ है। कारोबारी आनंद कहते हैं कि इस बार दोहरी मार पड़ रही है क्योंकि आचार संहिता के चलते 12 मई को कारोबार समेटना पड़ेगा और इस बीच फिर से बारिश हुई, तो हमें खासा नुकसान उठाना पड़ेगा और अभी तक व्यापार उस हिसाब से नहीं हुआ है, जितनी हमें उम्मीद थी।


पीपल जातर मेले में खरीददारी करते लोग।

# वॉलीबाल के लिए ट्रायल 12 मई को

**कुल्लू।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कविता ने कहा कि जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग कुल्लू द्वारा खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर वॉलीबाल ढालपुर वॉलीबाल का सत्र 2024-25 के प्रवेश के लिए 12 मई को ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है।

ट्रायल में 14 से 18 वर्ष के लड़के व लड़कियां भाग ले सकती हैं। खिलाड़ियों का चयन सुबह नौ बजे आउटडोर कांप्लेक्स ढालपुर कुल्लू में करवाया जाएगा। बालिका वर्ग के लिए 14 से कम आयु वर्ग (2011) के लिए ऊंचाई पांच फुट तथा 18 वर्ष से कम आयु वर्ग (2008) के लिए ऊंचाई 5.5 फुट होनी चाहिए, जबकि बालक वर्ग 14 से कम आयु वर्ग (2011) के लिए ऊंचाई 5.8 फुट तथा 18 से कम आयु वर्ग (2008) के लिए ऊंचाई 6 फुट और उससे अधिक होनी चाहिए। छात्रावास की कोई सुविधा नहीं है भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कोई भी यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा ।

# मोदी सरकार जब से आई, जम्मू-कश्मीर की जनता शांति से रह रही : जसरोटिया

**अनंत ज्ञान, लारजी**

बंजार भाजपा मंडल की ओर से वीरवार को लारजी में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री व मुख्य वक्ता राजीव जसरोटिया और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। पन्ना प्रमुख सम्मेलन के मुख्य वक्ता ने जम्मू-कश्मीर का उदाहरण देते हुए कहा कि जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है वहां की जनता शांति से रह रही है।

पीएम मोदी ने काम करके दिखाया कि एक देश में दो प्रधान दो संविधान और दो निशान नहीं चलेंगे। आज कश्मीर में कोई पत्थर बाज नहीं मिलता, ऐसा परिवर्तन मोदी ने करके दिखाया। इस बार भी केंद्र में मोदी को लाना है और उसके लिए एक जून को भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। इस मौके पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर विधायक सरेंद्र शौरी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर खूब बरसे उन्होंने विक्रमादित्य को खुले मंच से बहस की चुनौती दी है। बंजार विधानसभा में 15 महीने में एक काम मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने करवाए इसका जवाब दें। जयराम ठाकुर हमारे आदर्श हैं उनको क्या चुनौती देते हैं। विक्रमादित्य पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से क्या बहस करेंगे उसके लिए मैं बंजार विधानसभा विधायक मंच में खुली बहस के लिए चुनौती देता हूं। वहीं, विधायक ने उम्मीद जताते हुए कहा कि इस सम्मेलन के बाद भाजपा का प्रत्येक पन्ना प्रमुख व कार्यकर्ता और ज्यादा एकनिष्ठ होकर पूरी लगन से अपने-अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करने में जुट जाएगा।


लारजी में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान भाजपा पदाधिकारी।

### सुक्खू की सरकार निकम्मी सरकार : गोविंद

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार निकम्मी सरकार है। सीएम झूठ बोलते हैं। कांग्रेस ने प्रदेश की महिलाओं को ठगा और युवाओं को नौकरी देने की बात भी झूठ साबित हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने बूथ से भाजपा को भारी बढ़त दिलवाकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करवानी है।

# अहम किरदार निभाने वाले दिवंगत कार्मिकों को किया याद


अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एनएचपीसी-2 के अधिकारी व कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण-दो के नगवाई कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर अमर सिंह ने पार्वती परियोजना के कार्यपालक निदेशक, निर्मल सिंह को सम्मानित किया। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक के साथ-साथ परियोजना के सभी संघों ने उन सभी सेवानिवृत्त/दिवंगत कार्मिकों को याद किया जिन्होंने परियोजना को अंतिम चरण तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यपालक निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि आप सब के सहयोग से हम परियोजना को जल्द पूरा करने वाले हैं। इस दौरान साजन मोईउद्दीन, श्वेता ओझा, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन), राजेंद्र सिंह रावत, उपमहाप्रबंधक (वित्त), गिरधारी लाल, ओमप्रकाश शर्मा व परियोजना के सभी अधिकारीगण, कर्मचारीगण, संविदा कर्मी उपस्थित रहे।

# दीपकताल का दीदार कर सकेंगे सैलानी

## लाहौल-स्पीति प्रशासन ने दी अनुमति, शाम तीन बजे से पहले लौटने की सलाह

**कमलेश वर्मा, केलांग**

समुद्रतल से 3750 मीटर की ऊंचाई पर स्थित लाहौल घाटी की दीपकताल झील पर्यटकों के लिए बहाल हो गई है। मनाली और लाहौल की वादियों में सैर-सपाटे को पहुंचे पर्यटक अब दीपकताल के भी दीदार कर सकेंगे।

मनाली आने वाले पर्यटकों को अब कोकसर व सिस्सू के अलावा दीपकताल झील नया पर्यटन स्थल मिल गया है। दीपकताल बहाल होने से लाहौल के पर्यटन स्थल जिस्पा में भी पर्यटकों की चहलपहल बढ़ जाएगी। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने दारचा से आगे दीपकताल तक की सड़क यातायात के लिए बहाल कर दी है। प्रशासन ने इस मार्ग पर सफर के लिए समय सारिणी निर्धारित की है। सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक ही पर्यटक दीपकताल की ओर आ-जा सकते हैं। जिस्पा के पर्यटन कारोबारी दोरजे व पलजोर ने बताया कि दीपकताल मनाली-लेह राजमार्ग पर स्थित झील है, जो जिस्पा से 20 किलोमीटर और केलांग से 43 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सर्दियों में यह झील पूरी तरह से जम जाती है। दीपकताल की वादियां बर्फ से ढकी हैं और धूप खिलते ही सौंदर्य में चार चांद लग रहे हैं। मनाली और लाहौल की वादियों में सैर-सपाटे को पहुंचे पर्यटक अब दीपकताल का भी दीदार कर सकेंगे। दीपकताल झील बहाल होने से जिस्पा में भी रौनक बढ़ जाएगी। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि यह मार्ग दीपकताल तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। पर्यटक व आम यात्री सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक इस मार्ग पर सफर कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)


दीपकताल झील की फाइल फोटो।

# बिजली गिरने से जले बिजली के उपकरण

**बंजार।** कुल्लू जिले की बंजार घाटी के सोझा गांव में बिजली गिरने से वायरिंग के साथ बिजली के उपकरण जलने की घटना सामने आई है। यह घटना शाम के समय घटी। सोझा गांव में सत्यम होम स्टे के पास बिजली गिरने से जोरदार धमाका हुआ। इससे पूरे गांव के लोग सहम गए। बिजली पहले होमस्टे के साथ एक पेड़ पर गिरी। इसके असर से साथ लगते दो घरों की बिजली की वायरिंग जल गई।

धमाका सुनकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सोझा निवासी राजेंद्र प्रकाश और गोपी चंद ने कहा कि गांव के दो घरों की वायरिंग जल गई। इसके अलावा बंजारा होटल में लगाए गए इंवर्टर भी खराब हो गए हैं। बिजली गिरने से रेफ्रीजरेटर, चार्जर और मोबाइल फोन को भी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि बिजली गिरने से किसी तरह के जान-माल को नुकसान नहीं हुआ है।

# भारतीय किसान संघ मतदाताओं को करेगा मतदान बारे जागरूक


भारतीय किसान संघ कुल्लू इकाई की बैठक के दौरान पदाधिकारी व अन्य सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय किसान संघ की कुल्लू जिला इकाई बैठक संघ कार्यालय अखाड़ा बाजार में आयोजित हुई। बैठक में जिला भर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

जिला अध्यक्ष ऋषि राज राणा ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए धन्यवाद किया और उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सभी कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं को लेकर जागरूक रहें और जिम्मेदार नागरिक बनें। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री हरिराम पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय किसान संघ भी मतदाताओं को अपने मत के प्रति जागरूक करने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए समाज में जाकर मतदाताओं को प्रेरित करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के बीच में जाकर मतदाताओं को राष्ट्रहित में अपना मत प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

# वीवीपैट मशीनों का किया रेंडमाइजेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को लेकर (21)-लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के रैंडमाइजेशन का पहला चरण केलांग मुख्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त राहुल कुमार की उपस्थिति में सफलतापूर्वक किया गया।

इस मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और निर्वाचन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। राहुल ने राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों को रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और उन्हें आश्वासन दिया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इस प्रकिया के दौरान लाहौल-स्पीति के लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव के लिए बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवी पैट के आवंटन के लिए पहले चरण का रैंडमाइजेशन के उपरांत केलांग में स्थापित दो स्ट्रांग रुम्स में स्कैनिंग प्रक्रिया को भी अंजाम दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के संचालन के लिए 147 बैलेट यूनिट, 121 कंट्रोल यूनिट और 133 वीवीपैट उपलब्ध हैं, जिनमें से 121 बीयू, 121 सीयू और 133 वीवीपैट मशीन को ईसीआई के निर्देश के अनुसार रैंडमाइज किया है। विधानसभा उपचुनाव के संचालन के लिए उपलब्ध 183 बीयू, 183 सीयू और 182 वीवीपैट मशीन, जिनमें से 128 बीयू, 128 सीयू और 138 वी वीपैट मशीन रैंडमाइज और स्कैन की गई। इन मशीनों को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए केलांग में रिटर्निंग ऑफिसर-कम-सब डिविजनल ऑफिसर (सिविल) केलांग को सौंपा गया।



# कुल्लू अस्पताल में सुधांशु महाराज के जन्मदिन पर बांटे फल और जूस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

विश्व जागृति मिशन कुल्लू के सदस्यों ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सुधांशु महाराज के जन्मदिन के मौके पर फल और बिस्किट वितरित किए।

उनके साथ कारसेवा दल के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्व जागृति मिशन के प्रधान पवन गुप्ता ने बताया महाराज का जन्मदिन उल्लास पर्व के रूप में मनाया गया और अस्पताल कुल्लू व ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को फल, जूस व बिस्किट बांटे गए। इस अवसर पर पवन गुप्ता ने कहा कि ऋषि प्रणीत परंपराओं के पक्षधर आचार्य सुधांशु महाराज ऐसे ही संत हैं, जिन्होंने बचपन से ही घर-परिवार का मोह छोड़कर गुरुकुल में गुरु के सान्निध्य में ज्ञानार्जन किया। विद्यालय-महाविद्यालयों की शिक्षा के उपरांत सामाजिक सेवा करते हुए वे ध्यान योग की ओर अग्रसर हुए। उत्तरकाशी में योगीराज पूज्यपाद स्वामी सदानंद महाराज की कृपा से सुधांशु महाराज के ध्यान में प्रगति हुई।



# बच्चों को दी मतदान की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुट्टी में विधानसभा 23 क्षेत्र में स्वीप टीम के सहायक नोडल ऑफिसर श्याम लाल हांडा ने मतदाता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिला स्वीप टीम के सहायक नोडल ऑफिसर श्याम लाल ने बच्चों को मतदान की जानकारी दी।

मतदाता जागरूकता के संदर्भ में बच्चों को एक नारा भी दिया। बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो देश के मतदाता। लोकतंत्र में प्रत्येक मत का विशेष महत्व है। लोकतंत्र देश के विकास का प्रमुख आधार है बिना किसी प्रलोभन के भय रहित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया। छात्रों को लोकतंत्र के प्रति अपना कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए जिला स्वीप टीम के सहायक अधिकारी मनीष शर्मा ने मतदाता शपथ भी दिलाई। इस मौके पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य किशन लाल व राकेश गुप्ता, कैलाश ठाकुर, आदि ने जिला स्वीप टीम का स्वागत किया। इस मौके पर जिला स्वीप टीम के सदस्य सुनील कुमार ने विद्यालय के छात्रों से छात्र संसद चुनाव प्रकिया पर संवाद स्थापित किया।


मतदाता जागरूकता शिविर के दौरान स्वीप टीम के साथ भुट्ठी स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी।

### कुल्लू अस्पताल में मतदान के बारे में किया जागरूक

**कुल्लू।** देश के विकास में मतदान अपनी अहम भूमिका निभाता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोगों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इसी विषय को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में चुनाव आयोग के द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कल की बजाय अब 18 मई को दिव्यांगता शिविर

**कुल्लू।** चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू डॉ. नरेश ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चार मई को जो दिव्यांगता शिविर रखा गया था वह अब साइट के रखरखाव के कार्य के चलते 18 मई को किया जाएगा। एकदिवसीय इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी अपनी सेवा देंगे।

दिव्यांगता शिविर में डॉ. कल्याण, डॉ. नेहा वर्मा व डॉ. नितीश कुमार एमडी मेडिसिन, डॉ. अशोक कुमार एमएस हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुमित वालिया व डॉ. दीपशिखा एमएस आंख आदि अपनी सेवाएं देंगे।

# हिरनी में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हिरनी के साथ मिलकर गांव वासियों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया। इस हेल्थ मेले का आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हिरनी में किया गया।

शिविर में सीएचओ सुनीता, एएनएम प्रोमिला, आशा कार्यकर्ता पूनम के योगदान से संपूर्ण हुआ। शिविर में लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच के साथ सभी को निशुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में लाभार्थियों को निशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की गई। हिरनी गांव में रेगुलर ओपीडी के साथ-साथ हेल्थ मेले में 30 से अधिक लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं साथ ही निशुल्क औषधियां वितरित करवाई गईं और लैब टेस्ट्स भी किए गए। हेल्थ कैंप के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. निशांत शर्मा ने लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ हाइपरटेंशन पर महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र आयोजित किया। यह सत्र निम्नलिखित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों पर प्रकाश डालने और व्यक्तियों को रोकथाम और प्रबंधन के उपायों की शिक्षा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

निशांत ने बताया कि हाइपरटेंशन जिसे उच्च रक्तचाप के रूप में जाना जाता है करोड़ों लोगों को प्रभावित करता है और कार्डियोवैस्कुलर रोगों, स्ट्रोक्स और अन्य गंभीर स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए एक प्रमुख जोखिम का कारण है। स्वस्थ खाने की आदतें, नियमित व्यायाम और जीवनशैली में परिवर्तन करना, जिससे हाइपरटेंशन को नियंत्रित किया और रोका जा सके। (अनंत ज्ञान)



**चेतावनी** परिवहन कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार को दिया 15 मई तक का अल्टीमेटम

# सीएम साहब! मांगें पूरी नहीं हुईं तो दबाएंगे नोटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की संचालन समिति की बैठक सुरेंद्र कुमार सूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में वेली राम, जीतराम, कृपा लाल, मधुबन शर्मा एवं बाबूराम उपस्थित रहे। इस दौरान सभी परिवहन पेंशनर्स ने हिमाचल सरकार एवं निगम प्रबंधन के प्रति रोष प्रकट किया और संचालन समिति के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रकट कर सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की । सरकार परिवहन पेंशनर्स के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी सरकारी कर्मचारी को संशोधित वेतन मान की दो किश्तें दी गईं, जबकि परिवहन पेंशनर्स एवं कर्मचारियों को अभी तक एक भी किश्त नहीं दी गई है, जो कि बहुत बड़ा अन्याय है। इसके अतिरिक्त सरकार ने सभी सरकारी विभागों को 65-70-75 वर्ष पूरे करने पर 5-10-15 प्रतिशत की पेंशन वृद्धि की गई है, लेकिन परिवहन निगम के कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित रखा है। यह मांग निदेशक मंडल से भी पास हो चुकी है तथा सर्वोच्च न्यायालय के भी दिशा-निर्देश में है। यह ऐसी तानाशाह सरकार है कि न्यायालय के आदेशों को भी नहीं मान रही है। यदि सरकार 15 मई के अंदर-अंदर उनकी मांगों का भुगतान नहीं करती है, तो सब परिवहन पेंशनर्स सरकार के विरुद्ध मतदान करेंगे या नोटा दबाने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि परिवहन पेंशनर्स के सभी तरह के वित्तीय लाभों का भुगतान 15 मई से पहले पहले करें अन्यथा सभी वरिष्ठ नागरिकों को सड़कों पर उतारने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है।


बैठक के दौरान पदाधिकारी।

### सरकार की परिवहन पेंशनर्स के प्रति नीति साफ नहीं

**इस** सरकार की परिवहन पेंशनर्स के प्रति नियत तथा नीति साफ नहीं है। इसके अतिरिक्त परिवहन पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का भुगतान पिछले दो सालों से नहीं हुआ है, जबकि परिवहन पेंशनर्स ने दुर्गम इलाकों में भारी कठिनाईयों का सामना किया है। एक तरफ तो सरकार कहती है कि वरिष्ठ नागरिक देश के स्तंभ हैं। वहीं दूसरी तरफ वरिष्ठ नागरिकों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे सरकार की नियत तथा नीति का खुद पता चल जाता है कि सरकार की नियत ठीक नहीं है।



## न्यूज ब्रीफ

### मैड्रिड ओपन क्वार्टर फाइनल में रूबलेव से हारे अल्काराज

**मैड्रिड।** कार्लोस अल्काराज का लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूट गया, जब क्वार्टर फाइनल में उन्हें आंद्रेइ रूबलेव ने तीन सेटों में हरा दिया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन वह सातवीं वरीयता प्राप्त रूबलेव से 6.4, 3.6, 2.6 से हार गए। बाजू में चोट के कारण मोंटे कार्लो और बार्सीलोना में नहीं खेल सके अल्काराज का उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट है।

### आयरलैंड महिला टीम ने की सेमीफाइनल में जगह पक्की

**नई दिल्ली।** आयरलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टॉलरेंस ओवल की रोशनी में वानुअतु पर एकतरफा जीत के साथ आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर के ग्रुप बी सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, जायद क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे मैच में थाईलैंड ने यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका (यूएसए) को हराकर ग्रुप ए सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी संभावनाओं को और बेहतर कर लिया है। आयरलैंड और थाईलैंड दोनों ने नौ विकेट से शानदार जीत हासिल की।

### स्नूकर विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हारे ओसुलिवन

लंदन। स्टुअर्ट बिंगहैम से 13-10 से हारकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रोनी ओ'सुलिवन स्नूकर विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गए। सात बार के विश्व चैंपियन ने सोमवार को शेफील्ड में रयान डे को 13-7 से हराकर रिकॉर्ड 22वीं बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन रिकॉर्ड आठवीं बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने की उनकी उम्मीद एक कठिन क्वार्टर फाइनल के बाद खत्म हो गई।

### गोल्फर शुभंकर की शानदार शुरुआत, संयुक्त 7वें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करते हुए वीरवार को पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से वॉल्वो चीन ओपन में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं। शुभंकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे रोमेन लांगेस्क और सबेस्टियन सोडरबर्ग से तीन शॉट पीछे हैं। रोमेन और सबेस्टियन ने पहले दौर में 63 का समान स्कोर बनाया।

### कूल्हे की चोट के चलते मैड्रिड ओपन से हटे जननिक सिनर



**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी जननिक सिनर कूल्हे की चोट के कारण चल रहे मैड्रिड ओपन से हट गए हैं। दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने मंगलवार को चौथे दौर में करेन खाचानोव को हराया था और वीरवार को एटीपी मास्टर्स 1000 स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होना था।

### पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए सभी राज्यों से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक जुलाई से पूरे भारत में लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए सभी राज्यों से मदद मांगी है।

### रूसी मिसाइल का शिकार हुआ 'हैरी पॉटर महल', पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** सालों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच एक बार फिर रूस ने यूक्रेन को निशाना बनाया है। इस बार रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा को निशाना बनाया जहां हैरी पॉटर कैसल के नाम से मशहूर यूक्रेनी इमारत पर एक रूसी मिसाइल के हमले में पांच लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा इस हवाई हमले में 30 लोग घायल हो गए हैं।

### भारत ने इसराइल को दिया झटका, फिलिस्तीन का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** भारत ने इसराइल और फिलिस्तीन को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिसे इसराइल के लिए एक झटके के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में इसराइल और फिलिस्तीन के लिए 2 राज्य समाधान का समर्थन किया। संयुक्त राष्ट्र की एक बैठक में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने कहा कि भारत 2 राज्य समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां फिलिस्तीन के लोग सुरक्षित सीमा के भीतर एक स्वतंत्र देश में रह सकेंगे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने की बात कही।

### उमर अब्दुल्ला ने लोकसभा सीट के लिए किया नामांकन पत्र दाखिल

**बारामूला।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को बारामूला लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ रिटर्निंग ऑफिसर मिंगा शेरपा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्रीनगर से बारामूला की ओर जाते हुए उमर ने कहा कि उन्हें भारी बहुमत से सीट जीतने की उम्मीद है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन और इंजिनियर राशिद जैसे प्रमुख लोगों सहित कुल 11 उम्मीदवारों ने बारामूला में चुनावी मैदान के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

### हेमंत सोरेन सहित अन्य आरोपियों की न्यायिक बढ़ी

**रांची।** बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया गया था। मामले में ईडी ने अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

# खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई के खिलाफ कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर

## नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर

**एजेंसी, मुंबई**

**खराब** फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

**बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को मिला है फायदा**

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाए हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया, लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है, लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। मिचेल स्टार्क प्रति ओवर 12 की दर से रन लुटा रहे हैं और उन्हें सात ही विकेट मिले हैं। बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज कोई कमाल नहीं कर पा रहा।



### वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी

**हर्षित** राणा ने सर्वाधिक 11 विकेट लिए हैं, लेकिन दिल्ली के अभिषेक पोरेल के विकेट पर अति आक्रामक जश्न मनाने के कारण उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। वैभव अरोड़ा ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए हैं। वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों की मददगार पिच के लिए मशहूर है और इस पर 200 से अधिक का स्कोर बनना तय है। ऐसे में नजरें रिंकू सिंह पर भी होंगी, जिन्हें टी20 विश्व कप के लिए भारत की मुख्य टीम में जगह नहीं मिलने से काफी बहस हो रही है। इस साल आईपीएल में खेलने का अधिक समय ही नहीं मिल सका।

### मुंबई इंडियंस टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर

**मुंबई** इंडियंस टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर लग रही है। हालांकि उसे पांच मैच और खेलने हैं। इनमें सभी जीतने पर भी उसके 16 ही अंक होंगे, जो प्लेआफ में जगह बनाने के लिये शायद कम होंगे। जसप्रीत बुमराह (14 विकेट) और गेराल्ड कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं, लेकिन एक इकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है।

बल्लेबाजी में तिलक वर्मा ने तीन अर्धशतक समेत 343 रन बनाए हैं लेकिन बाकी बल्लेबाज नाकाम ही रहे हैं। ईशान किशन लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और पावरप्ले में विकेट गंवाना मुंबई की कमजोरी रही है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 158.29 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, लेकिन लगातार बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।

# उबर कप : जापान ने भारतीय महिला टीम को 3-0 से हराया



**एजेंसी, चेंगडू ( चीन )**

**उबर** कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में वीरवार को को जापान ने भारतीय महिला टीम को 3-0 से हराया। अष्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन हार का मुंह देखना पड़ा। पीवी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी।

दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने हरा दिया। ईशारानी बरूआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है। गत चैंपियन पुरूष टीम थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में चीन से खेलेगी।

### कनाडा ने टी-20 विश्व कप के लिए घोषित की टीम

**ओटावा।** क्रिकेट कनाडा ने आगामी टी-20 विश्व कप के लिए वीरवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। ऑलराउंडर साद बिन जफर आईसीसी टूर्नामेंट में कनाडाई टीम का नेतृत्व करेंगे। ऑर्थोडॉक्स स्पिनर और कप्तान साद टीम में अनुभव का खजाना लेकर आएंगे। साथ ही बल्लेबाज आरोन जॉनसन और तेज गेंदबाज कलीम सना के भी टीम में शामिल किया गया है। टीम में सिर्फ चार खिलाड़ी 30 साल से कम उम्र के हैं। तजिंदर सिंह को रिजर्व प्लेयर के तौर पर रखा है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान सलीमा टेटे को

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मिडफील्डर** सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है।

नवनीत कौर को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सलीमा ने कहा कि मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है, जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं।



**24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम घोषित**

### कमजोरियों से पार पाना होगा

सलीमा ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा।

### महिला टीम

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबाम
**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी
**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान ), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी
**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

# पाक के तेज गेंदबाज रऊफ की वापसी, लेग स्पिनर मीर बाहर

**एजेंसी, लाहौर**





पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है, जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है।

चयनकर्ता मोहम्मद युसूफ, अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी। आयरलैंड में तीन मैचों की श्रृंखला 10 मई से और इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला 22 मई से शुरू होगी। रज्जाक ने कहा कि लेग स्पिनर उसामा को इसलिए बाहर किया गया है क्योंकि पाकिस्तानी टीम में शादाब खान और अबरार अहमद पहले ही से हैं।

# चाहर की इंजरी ने बढ़ाई सीएसके की टेंशन



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स को पंजाब किंग्स के खिलाफ पांचवीं हार का सामना करना पड़ा हैं। इस हार से पहले ही चेन्नई चेन्नई को मथिशा पथिराना और तुषार देशपांडे के रूप में झटका लगा था, लेकिन मैच के दौरान दीपक चाहर भी चोटिल हो गए हैं। ऐसे में टीम के पास मुख्य गेंदबाजों की कमी हो गई। अब टीम के लिए आगे की राह आसान नहीं दिख रही है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पहला ओवर फेंकने आए दीपक चाहर ने 2 गेंदों फेंकी और फिर वह लंगड़ाते हुए बाहर चले गए।

# सांसद बृजभूषण शरण सिंह का कटा टिकट

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पार्टी ने उनके बेटे करण सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद से बृजभूषण शरण सिंह की उम्मीदवारी को लेकर सवाल उठ रहे थे। माना जा रहा था कि इस बार उनका टिकट कटना तय है, लेकिन बीते रोज़ से ही कई चैनलों ने सूत्रों के हवाले से ये दावा करना शुरू कर दिया कि पार्टी बृजभूषण शरण सिंह के बेटे कर्ण सिंह को टिकट दे सकती है।

# केस में जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे मनीष सिसोदिया, आज होगी सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े ईडी और सीबीआई केस में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है।

सिसोदिया के वकील की दलील पर अदालत शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई है। सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह हिरासत में हैं। 26 फरवरी 2023 को हुई थी सिसोदिया की गिरफ्तारी। वहीं, आबकारी नीति घोटाला से जुड़े सीबीआई व ईडी मामले में जमानत देने से इन्कार करने के निचली अदालत के निर्णय को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के समक्ष मामले का उल्लेख किया गया और अदालत ने इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। 30 अप्रैल को निचली अदालत ने सियोदिया की याचिका खारिज कर दी थी।

# इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में धमाका, बाप-बेटी की मौत

**गुजरात।** गुजरात के साबरकांठा जिले में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पार्सल में पहुंचाए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में बृहस्पतिवार को धमाका होने से पिता और पुत्री की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। वडाली पुलिस थाने के उपनिरीक्षक जितेंद्र राबड़ी ने बताया कि घटना वेद गांव में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया, ''पार्सल एक अज्ञात व्यक्ति देकर गया था। जैसे ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को प्लग में लगाया गया,उसमें धमाका हो गया। जीतू वंजारा (33) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायल लड़कियों को वडाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और वहां से हिम्मतनगर सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# आकाश से आया एक रहस्यमयी गोला बिल्डिंग से टकराकर जमीन में घुसा

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के जमुरिया थाना इलाके में एक अजीबो-गरीब घटना घटी है। यहां आसमान से एक रहस्यमयी गोलाकार चीज बिल्डिंग से टकराकर जमीन के अंदर घुस गई है। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे हुई इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वह चीज धातु की बनी हुई थी।

इकरा गांव के कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया कि सुबह नौ बजे उन्होंने दो गोल धातु की वस्तुएं आसमान से तेज गति से नीचे आती देखीं। इनमें से एक ने गांव निवासी अनिल बाद्यकर के दोमंजिला मकान की छत का एक हिस्सा ध्वस्त कर दिया। इसके बाद यह मिट्टी में घुस गया। दूसरा गोला मगाराम बाद्यकर नामक निवासी के आंगन में गिरा है। इससे घर की बेटी झूलन बाद्यकर चोटिल हुई है। उनके शरीर के कई हिस्से जल गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह गोला भी आंगन में गिरने के बाद धरती के अंदर समा गया। जमुरिया थाने की पुलिस जांच में जुट गई है। उनका कहना है कि गोले को खोद कर निकाला जाएगा। उसके बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर यह क्या चीज है। स्थानीय लोग इसे उल्का पिंड होने का दावा कर रहे हैं।

# के. कविता की याचिका पर छह मई को होगा फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**




दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की नियमित जमानत याचिका पर फैसला टाल दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 6 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 24 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 8 अप्रैल को के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि मनी लांड्रिंग मामले में के. कविता को जमानत देने में महिला होने की वजह से किसी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती। के. कविता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी पर आरोप लगाया था कि वो जांच एजेंसी नहीं, बल्कि प्रताड़ित करने वाली एजेंसी बन गई है।

# सीमित दायरे में रहा शेयर बाजार

**एजेंसी, मुंबई**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों को 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने के एक दिन बाद बेंचमार्क सूचकांकों ने वीरवार को पॉजिटिव नोट पर सीमित दायरे में कारोबार किया। अप्रैल में जीएसटी संग्रह के रिकॉर्ड स्तर, विनिर्माण के आंकड़े सकारात्मक रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप 0.9 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.29 प्रतिशत पर बंद हुए।



बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 128.33 अंक यानी 0.17 फीसदी की बढ़त के साथ 74,611.11 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 74,360.69 और 74,812.43 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 43.35 अंक यानी 0.19 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 22,648.20 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 22,567.85 और 22,710.50 के रेंज में कारोबार हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और जेएसडब्ल्यू स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

# पाकिस्तान में दो विस्फोट एक की मौत, 20 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए दोहरे विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पहला विस्फोट तब हुआ जब कोयले से लदा एक ट्रक प्रांत के डुक्की जिले में एक बारूदी सुरंग से टकरा गया। दूसरा विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया। घायलों में पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) के कई अधिकारी और खदान कर्मचारी शामिल हैं। पहले विस्फोट के बाद सीटीडी कर्मी क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

**कार्रवाई** 2जी स्पेक्ट्रम फैसले पर सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने अस्वीकार की सरकार की याचिका

# केंद्र को लगा सुप्रीम कोर्ट का झटका

**एजेंसी, नई दिल्ली**




सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने केंद्र सरकार की उस याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है, जिसमें टूजी स्पेक्ट्रम मामले में शीर्ष अदालत के 2012 के फैसले में संशोधन की मांग की गई थी। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधनों का हस्तांतरण करते समय सरकार नीलामी का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य है।

सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने याचिका को गलत धारणा पर आधारित और स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में फैसले पर पुनर्विचार की मांग का प्रयास करार दिया है। रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट रूल्स, 2013 के नियम-5 के आदेश-15 के प्रविधानों के अनुसार याचिका को स्वीकार करने से इनकार किया है।

### क्या कहता है एससी का नियम?


**सुप्रीम** कोर्ट का नियम कहता है कि रजिस्ट्रार किसी याचिका को इस आधार पर स्वीकार करने से इनकार कर सकते हैं कि उसमें कोई उचित कारण नहीं बताया गया है या उसमें गंभीरता नहीं है या उसमें निंदनीय मामला है, लेकिन याचिकाकर्ता ऐसे आदेश के 15 दिनों के भीतर प्रस्ताव के माध्यम से अदालत से अपील कर सकता है।

### केंद्र सरकार कर सकती है अपील

**इस** नियम के मुताबिक, केंद्र सरकार रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध अपील कर सकती है। शीर्ष अदालत ने दो फरवरी, 2012 के अपने आदेश में 2008 में तत्कालीन टेलीकॉम मंत्री ए राजा के कार्यकाल में विभिन्न कंपनियों को आवंटित टूजी स्पेक्ट्रम के लाइसेंस रद कर दिए थे। गत 22 अप्रैल को केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पार्डीवाला की पीठ के समक्ष एक अर्जी का उल्लेख किया था। उस पर तत्काल सुनवाई का आग्रह करते हुए वेंकटरमणी ने पीठ से कहा था कि याचिका में 2012 के फैसले में संशोधन की मांग की गई है, क्योंकि केंद्र सरकार कुछ अन्य मामलों में भी टूजी स्पेक्ट्रम प्रदान करना चाहती है।

# बारिश के कारण चीन हुआ बेहाल अब तक 46 लोगों की हुई मौत

**एजेंसी, बीजिंग**



चीन में भारी बारिश के बाद एक राजमार्ग का एक हिस्सा ढह गया। इसके कारण कई कारें ढलान से नीचे गिर गईं और कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी।

मीझोउ शहर सरकार ने कहा कि बुधवार सुबह करीब दो बजे राजमार्ग के 17.9 मीटर लंबे हिस्से के खिसकने के बाद 23 वाहन एक गड्ढे में पाए गए। एक सरकारी बयान में कहा गया कि तीस अन्य लोगों को चोटें आईं हैं। उनकी स्थिति सामान्य है और इलाज जारी है। गुआंग्डोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ के साथ-साथ ओलावृष्टि भी देखी गई है। पिछले सप्ताहांत प्रांतीय राजधानी गुआंगजौ में एक बवंडर ने पांच लोगों की जान ले ली। स्थानीय मीडिया में वीडियो और तस्वीरों में घटनास्थल पर धुंआ और आग दिखाई दे रही है, साथ ही राजमार्ग की रेलिंगें आग की लपटों की ओर झुक रही हैं। हाईवे से नीचे की ओर जाने वाली ढलान पर काली कारों का ढेर देखा जा सकता था।